आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

चमक-दमक के पीछे छिपा खतरा सैलून संस्कृति से बिगड़ रही युवा...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 08 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 322 www.janexpresslive.com/epaper




उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले बीजेपी का... 12

# यूपी में नौकरियों की बौछार होगी

## योगी बोले, 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपा, युवाओं के लिए रोजगार पहली प्राथमिकता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में सीएम योगी ने कहा- यूपी में सभी विभाग मिलकर काम करें तो नौकरी की बौछार होगी। उत्तर प्रदेश के युवाओं को हुनर और रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में भी विभिन्न आयोगों और बोर्ड के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा- हमारी प्राथमिकता है कि किसी भी नौजवान को भेदभाव का शिकार न होना पड़े। सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पीएम मोदी ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने का संकल्प लिया है। इसी का परिणाम है कि 8 साल में देशभर में 8.5 लाख से अधिक सरकारी भर्तियां की गईं। योगी ने रविवार को लोक भवन में 1510 चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। योगी ने इस दौरान सपा सरकार पर निशाना साधा। कहा- अगर हम 400 साल पहले की बात करें तो उत्तर प्रदेश देश का सबसे समृद्ध राज्य था। व्यापक लूट, शोषण और अराजकता थी, विदेशी आक्रांताओं के हमले हुए, अंग्रेजों ने भी लूटपाट की और इन सबके बावजूद, जब 1947 में देश को आजादी मिली, तो भारत की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश नंबर एक था। 1960 के बाद इसमें गिरावट शुरू हुई और 2016 तक उत्तर प्रदेश का योगदान घटकर मात्र 8 प्रतिशत रह गया। जब नीतियां स्वार्थ को ध्यान में रखकर, वोट बैंक की चिंता और परिवार के हितों के संरक्षण के लिए बनाई जाती हैं, तो वे दुर्गति की ओर ले जाती है जैसे ये लोग उत्तर प्रदेश को लेकर गए।



### आईटीआई में 1.84 लाख सीटें उपलब्ध

व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा- प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। 286 राजकीय आईटीआई में 1.84 लाख सीटें उपलब्ध हैं और प्रशिक्षण क्षमता लगातार बढ़ाई जा रही है। मंत्री ने कहा- पिछले आठ वर्षों में 60 से अधिक नए आईटीआई स्थापित किए गए हैं। 324 राजकीय आईटीआई से करीब 1.84 लाख युवाओं को प्रशिक्षण मिल रहा है। आईटीआई में मात्र 40 रुपए मासिक फीस निर्धारित की गई है। ताकि किसी भी युवा की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बने। 5000 करोड़ की परियोजना से 150 आईटीआई का उन्नयन किया गया है, जहां सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, 3डी प्रिंटिंग और डिजिटल कम्युनिकेशन जैसी भविष्य की तकनीकों में प्रशिक्षण हो रहा है।

### शेष 341 पदों का परिणाम भी जल्द होगा घोषित

कार्यक्रम में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा- प्रदेश के 286 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 92 व्यवसाय संचालित हैं, जिनमें 1,84,280 सीटें उपलब्ध हैं। 2022 में रिक्त 2406 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से प्रारम्भ की गई थी, जिसके तहत 1510 अनुदेशकों का चयन हुआ है। शेष 341 पदों का परिणाम भी शीघ्र घोषित होने की संभावना है।

### 82 ट्रेड में लगभग 1.84 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण

प्रदेश सरकार ने बीते आठ साल में 60 से अधिक नए राजकीय आईटीआई स्थापित किए। वर्तमान में 324 राजकीय आईटीआई के माध्यम से 82 ट्रेड में लगभग 1.84 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार ने राजकीय आईटीआई को मजबूत करने के लिए प्रधानाचार्यों के 150 से अधिक और प्रशिक्षकों के 1510 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति की है।

### भारत की अर्थव्यवस्था में नंबर एक पर था यूपी: सीएम

सीएम ने आगे कहा कि 400 साल पहले की बात करें तो यूपी देश का सबसे समृद्ध राज्य था। लेकिन, व्यापक रूप से लूटपाट, शोषण और अराजकता थी। विदेशी आक्रांताओं ने हमले किए। अंग्रेजों ने भी लूटपाट की। इसके बावजूद, जब 1947 में देश को आजादी मिली, तो उत्तर प्रदेश भारत की अर्थव्यवस्था में नंबर एक था। 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई। 2016 तक प्रदेश का योगदान घटकर सिर्फ 8 फीसदी रह गया। जब नीतियां स्वार्थ, वोट बैंक की चिंता और पारिवारिक हितों की रक्षा को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, तो वे बर्बादी की ओर ले जाती हैं। जैसा कि उन लोगों ने उत्तर प्रदेश को पहुंचाया।

### कुल 1851 चयनित अनुदेशक विभाग को प्राप्त होंगे

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के 286 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 92 व्यवसाय संचालित हैं। इनमें 1,84,280 सीटें उपलब्ध हैं। इन संस्थानों में 7768 अनुदेशक के पद स्वीकृत हैं। इनमें से 6577 नियमित और 1191 आउटसोर्सिंग के हैं। वर्ष 2022 में रिक्त 2406 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से प्रारम्भ की गई थी। इसके तहत 1510 अनुदेशकों का चयन हुआ है। शेष 341 पदों का परिणाम भी शीघ्र घोषित होने की संभावना है। इस प्रकार कुल 1851 चयनित अनुदेशक विभाग को प्राप्त होंगे। आठ वर्षों में 60 से अधिक नए राजकीय आईटीआई स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में 324 राजकीय आईटीआई के माध्यम से 82 ट्रेड में लगभग 1.84 लाख युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके लिए मासिक फीस मात्र 40 रुपए निर्धारित की गई है। साथ ही प्रदेश के लगभग 3000 निजी आईटीआई में छह लाख सीटों पर प्रशिक्षण उपलब्ध है।

### 14 लाख युवाओं को प्रशिक्षण मिला

कपिल देव अग्रवाल ने कहा- कौशल विकास मिशन से अब तक 14 लाख युवाओं को प्रशिक्षण मिला है, जिनमें से 5.65 लाख को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से 1.20 लाख पारंपरिक कारीगर लाभान्वित हुए हैं, जिन्हें कौशल प्रशिक्षण और ब्याजमुक्त ऋण भी मिला है। रोजगार मेलों के माध्यम से 4.13 लाख युवाओं को नौकरी दिलाई गई है।

### निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया

योगी ने कहा- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाकर विश्वास कायम किया है। युवाओं को अब बिना किसी सिफारिश और भ्रष्टाचार के केवल योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा- राज्य सरकार का संकल्प है-सबको हुनर, सबको रोजगार। व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### 4.13 लाख से अधिक युवाओं को कंपनियों में नौकरी का अवसर मिला

सरकार ने राजकीय आईटीआई के लिए प्रधानाचार्यों के 150 से अधिक और प्रशिक्षकों के 1510 रिक्त पदों पर नियुक्ति की है। इसके अतिरिक्त 900 से अधिक पद आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे गए हैं। भविष्य की तकनीकों जैसे सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, लेजर कटिंग, सीएनसी, थ्री डी प्रिंटिंग, डिजिटल कम्युनिकेशन आदि में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आईटीआई का उन्नयन किया जा रहा है। रोजगार मेलों के माध्यम से भी प्रदेश में 1736 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इनमें 4.13 लाख से अधिक युवाओं को 2537 कंपनियों में नौकरी का अवसर मिला है।



# टीईटी कानून संशोधन के खिलाफ आक्रामक हुए प्रदेश के शिक्षक, 16 सितंबर को पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पैदा हुई स्थिति को लेकर चिंतित प्रदेश भर के शिक्षक धीरे-धीरे आंदोलन की राह पर चल निकले हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की रविवार को लखनऊ स्थित शिक्षक भवन में हुई बैठक में 16 सितंबर को प्रदेश भर में प्रदर्शन की घोषणा की गई है। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष, मंत्री आदि की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि एक सितंबर के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से शिक्षकों की नौकरी पर आए संकट से सभी दुखी हैं। उन्होंने कहा कि टीईटी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए निर्णय से देश भर के 20 लाख शिक्षकों के सामने संकट खड़ा हुआ है। प्रदेश में भी इससे प्रभावित होने वालों की बड़ी संख्या है।संघ इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून में संशोधन के लिए 16 सितंबर को प्रदेश के सभी बीएसए कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजा जाएगा। इसमें सभी शिक्षक शामिल हो। संघ के महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलेगा। इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो इसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी।

### 10 को जिला मुख्यालयों पर होगा प्रदर्शन

शिक्षकों के एक अन्य गुट ने टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर 10 सितंबर को प्रदर्शन कर ज्ञापन देने की घोषणा की है। शिक्षक नेता सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि 10 सितंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति विभिन्न निर्धारित योग्यताओं को पूरा करते हुए हुई है। शिक्षकों की सेवाकाल के अंतिम वर्षों में टीईटी को लागू कर देने से उनके सामने दिक्कत खड़ी हो गई है। इसलिए टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु अपील की जाएगी।

# पीईटी 2025: दूसरे दिन पकड़े गए 21 सॉल्वर और नकलची

## सबसे ज्यादा गाजीपुर में, 77 फीसद अभ्यर्थी हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अधिनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से रविवार को दूसरे दिन आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में 21 सॉल्वर व नकलची पकड़े गए। इस तरह दो दिन की परीक्षा में कुल 31 सॉल्वर व नकलची पकड़े गए। वहीं आज की परीक्षा में 77 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए।रविवार को आयोग की ओर से 48 जिलों के 1,479 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। आयोग की ओर से परीक्षा निष्पक्षतापूर्वक व पारदर्शी तरीके से आयोजित कराने के लिए कई स्तर पर सतर्कता, सजगता की गई थी। आयोग द्वारा सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक (फोटो व आइस) कैप्चर कराया गया, जिससे परीक्षा में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक डाटा से मिलान किया गया। इसमें गड़बड़ी मिलने पर संदिग्धों को कड़ाई से जांच की गई तो विभिन्न केंद्र पर 21 सॉल्वर पकड़े गए। इसके साथ ही आयोग की ओर से परीक्षा कार्य में लगे सभी कार्मिकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। आयोग की ओर से रविवार को आयोजित परीक्षा में 77 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए। आज पहली पाली में कुल 486909 अभ्यर्थी उपस्थित, 146090 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 490282 उपस्थित और 142717 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। शाहजहाँपुर में चयनित 06 परीक्षा केन्द्रों के बाढ़ग्रस्त होने के कारण आयोग द्वारा 06 नए परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे, जिन पर कुल उपस्थिति 76.20 फीसदी रही है। परीक्षा की निगरानी के लिए आयोग मुख्यालय व 48 जिला मुख्यालय पर कमांड व लाइव सीसीटीवी कंट्रोल रूम की स्थापना की गई थी। वहीं अभ्यर्थियों के आवागमन के लिए बस और अतिरिक्त ट्रेन की व्यवस्था भी शासन की ओर से की गई थी।



### यहां पकड़े गए 21 सॉल्वर

आयोग के अनुसार आज की परीक्षा में कुल 21 सॉल्वर पकड़े गए। पहली पाली में 9 गाजीपुर में 01, ग़ाज़ियाबाद 01, बुलंदशहर 01, लखनऊ 01, मिर्जापुर 02, प्रयागराज 01, वाराणसी 01 तथा जालौन में 01 सॉल्वर पकड़े गए।दूसरी पाली में 12 सॉल्वर व नकलची पकड़े गए । इसमें प्रयागराज में 01, सहारनपुर- 01, बुलंदशहर- 01, जालौन- 01, आगरा- 01 कन्नौज- 01, हापुड़ - 01, आंबेडकर नगर- 01 मथुरा- 01 अलीगढ़- 01, अयोध्या- 01 तथा शाहजहांपुर में 01 को अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़ा गया है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# चंपावत में दर्दनाक हादसा: सेप्टिक टैंक में उतरे इंजीनियर और कारपेंटर की दम घुटने से मौत

- एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्माणाधीन गर्ल्स हॉस्टल के टैंक में जहरीली गैस का कहर, एक ही परिवार का इकलौता चिराग बुझा

जन एक्सप्रेस। चंपावत

चंपावत जनपद के एक निर्माण स्थल पर रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जब डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माणाधीन गर्ल्स हॉस्टल में सेप्टिक टैंक की शटरिंग खोलने के दौरान साइट इंजीनियर और कारपेंटर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दोनों कर्मचारी दूसरे चैंबर में घुसे और वहां बनी जहरीली गैस की चपेट में आ गए।

### घटना का विवरण: पहले टैंक में कुछ नहीं, दूसरे में मौत थी

घटना रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है। कार्यदायी संस्था रामपुर स्थित अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाए जा रहे हॉस्टल की साइट पर 28 वर्षीय इंजीनियर शिवराज चौहान, निवासी ग्राम चगेटी (भनोली), और 24 वर्षीय कारपेंटर हसन, निवासी नौगवां बीसलपुर (पीलीभीत, यूपी), सेप्टिक टैंक की शटरिंग खोलने उतरे। साथी मजदूरों के अनुसार, तीन चैंबरों वाले टैंक में पहले चैंबर को खोलने के बाद सब कुछ सामान्य था। लेकिन जैसे ही दोनों दूसरे चैंबर में घुसे, वहां बनी गैस की चपेट में आ गए और कुछ ही पलों में बेहोश होकर गिर पड़े। काफी देर तक जब दोनों बाहर नहीं आए, तो अन्य कर्मियों ने शोर मचाया और झांककर देखा, तो दोनों अचेत अवस्था में पड़े मिले। सीओ वंदना वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर मृतकों के साथी कर्मियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली।



### पांच माह से बंद था टैंक, गैस बनी मौत का कारण

बताया गया कि यह सेप्टिक टैंक करीब 5 महीने पहले बना दिया गया था लेकिन भारी बारिश के कारण इसके चैंबरों को नहीं खोला जा सका था। इस दौरान गैस बनती रही, और टैंक में एक फुट से ज्यादा पानी भी जमा था। विशेषज्ञों का मानना है कि बंद टैंक में मेथेन या हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी जहरीली गैसें बन जाती हैं, जो दम घुटने का कारण बनती हैं।

### इकलौते बेटे की मौत से टूट गया परिवार

मृतक इंजीनियर शिवराज चौहान अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी तीन बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। शिवराज अभी अविवाहित था और परिवार की उम्मीदों का केंद्र था। वहीं, मृतक कारपेंटर हसन भी अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों का कहना है कि वह मेहनती और जिम्मेदार लड़का था।

### एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस मौके पर

सूचना मिलते ही कोतवाल चेतन रावत के नेतृत्व में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। दोनों को किसी तरह बाहर निकालकर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. मानवेंद्र शुक्ला ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### लापरवाही पर उठे सवाल, प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

इस हादसे ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना गैस जांच और सुरक्षा उपकरणों के टैंक में उतरवाना, घोर लापरवाही की मिसाल है। स्थानीय प्रशासन से यह भी पूछा जा रहा है कि क्या निर्माण कंपनी ने सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन किया था या नहीं।

### प्रशासन से मांग: दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण एजेंसी की लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर एफआईआर दर्ज कर, सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# जनता की ताकत की वजह से अमेरिका के आगे नहीं झुका भारत: राज्यपाल आनंदीबेन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि जिस प्रकार अमेरिका ने भारत पर अनेक प्रकार के टैरिफ प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत झुका नहीं और दृढ़ता से आगे बढ़ता रहा। यह 140 करोड़ जनता की ताकत का प्रमाण है। उसी प्रकार विश्वविद्यालयों को भी निरंतर आगे बढ़ते रहना है। वे रविवार को राजभवन में एनआईआरएफ में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त अच्छी रैंकिंग को लेकर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है और हर क्षेत्र में नवाचार नई संभावनाएँ खोल रहा है। विश्वविद्यालयों को उपलब्ध संसाधनों का आपसी सहयोग से प्रयोग कर निरंतर आगे बढ़ना होगा। इस शैक्षणिक यात्रा को रुकने नहीं देना है, बल्कि प्रगति के नए शिखर छूते रहना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजभवन में 22 बच्चों को बांसुरी वादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें 26 जनवरी की परेड में प्रस्तुति के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी प्रकार विश्वविद्यालयों को भी कौशल और नवाचार की दिशा में नए प्रयोग करने चाहिए। राजभवन में मॉडल विद्यालय बनाया जा रहा है। राजभवन के अधिकारी और कर्मचारियों ने अभियान चलाकर आसपास की बस्तियों से 75 नए बच्चों का नामांकन कराया और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि हर विश्वविद्यालय में कम-से-कम पाँच विभागों के बीच आंतरिक प्रतियोगिताएँ आयोजित हों। इनमें जो सर्वोत्तम कौशल और नवाचार सामने आए, उसे आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को उनसे संबद्ध महाविद्यालयों को नैक रैंकिंग प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालयों को भी इसमें सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर अच्छे कार्य में समस्याएँ आती हैं, लेकिन समाधान खोजकर ही आगे बढ़ना होता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों को जो रैंकिंग मिली है, उसकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने भी की है। प्रधानमंत्री की इसमें रुचि है कि देश के विश्वविद्यालय आगे बढ़ें और यह देखकर प्रसन्नता होती है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने कहा कि अब समय आ गया है कि विश्वविद्यालय अपनी कमियों को पहचानकर उन पर कार्य करें, सुधार लाएँ और आगामी वर्षों में इससे भी बेहतर प्रदर्शन करें। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी ने कहा कि लैब से लैंड और लैंड से लैब की अवधारणा को साकार करते हुए प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने सीमित संसाधनों के बावजूद उल्लेखनीय उपलब्धि पाई हैं।



# उधार शराब नहीं दी तो होमगार्ड ने ठेके में लगा दी आग, अंदर बंद सेल्समैन चिल्लाता रहा बचाओ-बचाओ

जन एक्सप्रेस। मेरठ

दौराला थाने के सामने शनिवार देर रात एक होमगार्ड ने उधार शराब नहीं देने पर पेट्रोल छिड़ककर ठेके में आग लगा दी। सेल्समैन ईश्वर ने उसकी इस हरकत को अंदर से सीसीटीवी कैमरे में देख लिया और बराबर में देशी शराब के ठेके के सेल्समैन को जानकारी देकर आग बुझवाई। ठेका संचालक ने होमगार्ड को नामजद करते हुए तहरीर दी है। दौराला थाने के सामने शनिवार देर रात एक होमगार्ड ने उधार शराब नहीं देने पर पेट्रोल छिड़ककर ठेके में आग लगा दी। सेल्समैन ईश्वर ने उसकी इस हरकत को अंदर से सीसीटीवी कैमरे में देख लिया और बराबर में देशी शराब के ठेके के सेल्समैन को जानकारी देकर आग बुझवाई। ठेका संचालक ने होमगार्ड को नामजद करते हुए तहरीर दी है। बताया कि रात पौने ग्यारह बजे होमगार्ड मुंह पर कपड़ा लपेटकर बंद ठेके के बाहर पहुंचा और पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। सेल्समैन ने पूरी घटना अंदर से सीसीटीवी कैमरे में देख ली।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होगी 'नमो युवा रन'

## खेल मंत्री बोले, ये फिटनेस और जागरूकता का संगम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी के जन्मदिन को मनाने के लिए कई मंत्रालय और राज्य सरकारें अलग-अलग ढंग से मनाने में जुटी हैं. इसी बीच भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने शनिवार को बड़ा एलान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को खास तरीके से मनाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा 'नमो युवा रन' का आयोजन करेगा। इस आयोजन में देशभर के 75 स्थानों पर करीब 10 से 15 हजार युवा एक साथ दौड़ेंगे। कुल मिलाकर 10 लाख युवाओं की भागीदारी होगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'नशा मुक्त भारत' का संदेश देना है। इस मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को नशे से दूर कर स्वस्थ भारत बनाने में मददगार साबित होगी। भाजपा युवा मोर्चा के अनुसार, यह कार्यक्रम सिर्फ फिटनेस का ही नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी प्रतीक बनेगा।



### फिटनेस पर पीएम मोदी से बड़ा कोई प्रतीक नहीं

तेजस्वी सूर्या ने कहा कि शायद देश के युवाओं के लिए फिटनेस और स्वास्थ्य का प्रधानमंत्री मोदी से बड़ा कोई प्रतीक नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को पीएम मोदी का जन्मदिन है और उसी को ध्यान में रखकर यह कार्यक्रम 21 सितंबर को आयोजित होगा। सूर्या ने कहा कि इस आयोजन से युवाओं में फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। तेजस्वी सूर्या ने बताया कि जब इस आयोजन पर चर्चा शुरू हुई तो उन्होंने सबसे पहले अभिनेता और फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन को मुख्य अतिथि और एंबेसडर बनाने का सोचा। उन्होंने कहा कि वह हाई स्कूल से ही मिलिंद सोमन की फिटनेस उपलब्धियों को फॉलो करते रहे हैं। उन्होंने सिर्फ दो दिन पहले सोमन से आग्रह किया और उन्होंने तुरंत सहमति जताकर लॉन्च कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यात्रा की। लॉन्च इवेंट में मिलिंद सोमन ने कहा कि उन्हें 'नमो युवा रन' का हिस्सा बनकर खुशी है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन का एक तोहफा बताया। सोमन ने कहा कि 21 सितंबर को होने वाला यह रन एक ऐतिहासिक प्रयास होगा जिसमें 10 लाख भारतीय एक साथ दौड़ेंगे। उन्होंने इस आयोजन को 'नशा मुक्त भारत' अभियान को मजबूत बनाने वाला कदम बताया।

# नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को वितरित किए नियुक्ति-पत्र

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रोजगार की लहर हर गांव -हर शहर व्यावसायिक शिक्षा,कौशल विकास, उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नियुक्त किए गए 1510 व्यवसायिक शिक्षकों (अनुदेशकों) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, एमएलसी बाबूलाल तिवारी एवं जिलाधिकारी जे रीभा ने जनपद के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।कार्यक्रम में उपस्थित नव नियुक्त अनुदेशकों एवं आईटीआई के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 8 वर्षों में अनेको महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में स्किल इंडिया एवं कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना बुंदेलखंड में की जा रही है। उन्होंने नवनियुक्त अनुदेशक से कहा कि वह अपने पद एवं दायित्व का कुशलता से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कौशल विकास में विद्यार्थी आत्मनिर्भर होकर स्व रोजगार प्राप्त कर सकेंगेद्यउन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में कौशल विकास एवं स्किल इंडिया तथा नॉनवेज संदेशों का महत्वपूर्ण



योगदान प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में एमएलसी बाबूलाल तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं तथा गत दिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की खुशहाली के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।उन्होंने कहा कि इसी क्रम में अनुदेशकों को व्यवसायिक शिक्षा में शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर पारदर्शी एवं निष्ठा के साथ नियुक्तियां प्रदान कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि रात दिन मेहनत करने वालों को नियुक्ति पत्र अनुदेशकों के प्रदान किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जे रीभा ने नवनियुक्त अनुदेशकों से कहा कि वह अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से निर्वहन करें।

उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य, के साथ निरंतर आगे बढ़ाने की कामना की। कार्यक्रम में जल शक्ति राज्य मंत्री, एमएलसी, जिला अध्यक्ष भाजपा एवं जिलाधिकारी ने जनपद के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जिसमें निलेश सेगर, सिया राज सिंह। आलोक कुमार, अजीत सिंह, कुमारी अर्चना शिवहरे, सोनम अहिरवार, प्रदीप कुमार पटेल, निहाल यादव, विनय सिंह, विनोद कुमार, राहुल कुमार तथा रंजना कुशवाहा एवं अन्य अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, प्रधानाचार्य आईटीआई अमित पटेल देशराज सिंह सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं आईटीआई के छात्र-छात्राएं तथा नवनियुक्त अनुदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अर्चना भारती द्वारा किया गया।

# कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नहीं होती बस हमारे सोचने का तरीका छोटा-बड़ा होता है

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने निष्पक्ष और ट्रांस्पैरेन्ट भर्ती प्रोसेस के तहत कई तरह के बिजनेस के न्यूली सिलैक्ट 1,510 इंसट्रक्टर के मुकाबले जिले से सिलैक्ट 18 इंसट्रैक्टरों को कलेक्ट्रेट के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की मौजूदगी में अप्वाईन्टमेण्ट लेटर बांटे गये। इस मौके पर लखनऊ लोक भवन में प्रदेश लेबल पर न्यूली सिलैक्ट 1510 इंसट्रैक्टरों के एप्वाईन्ट लैटर वितरण के मौके पर मुख्यमंत्री के संबोधन को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने सुना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आठ लाख पचास हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ ही 2 करोड़ से ज्यादा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार दिया गया है। आयोग ने सभी भर्तियां निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जा रहीं हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी न्यूली सिलैक्ट इंसट्रैक्टरों को मुबारक बाद




देते हुये कहा कि व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास के साथ ही उद्यमशीलता विभाग में प्रतिभाशाली इंसट्रैक्टरों की भर्ती होने से विभागीय योजनाओं के काम में तेजी आयेगी। साथ ही को मुबारक बाद देते हुये कहा कि हमें आशा है कि आपके काम और व्यवहार से व्यवसायिक शिक्षा और कौशल विकास में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। साथ ही कहा कि पहली नौकरी अपने आप में अनोखी होती है, जो बड़ी जद्दोजहद के बाद मिलती है। साथ ही कहा कि कोई भी जिम्मेदारी छोटी या बड़ी नहीं होती है, छोटा या बड़ा हमारे सोचने का तरीका होता है। साथ ही कहा कि किसी भी मुल्क की एकोनामिकी उस मुल्क के युवाओं के कौशल पर डिपैंन्ड करती है। आप सभी लोग पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करते हुए अपने हुनर का लोगों को फायदा पहुंचायें। आज के वक्त में इंटरनेट पर बहुत सारे हुनर मौजूद हैं, सिर्फ सीखने और करने की ख्वाहिश होनी चाहिये। यहां के बच्चों में सीखने की काफी ख्वाहिश है, उन्हें केवल एक अच्छे इंसट्रकटर की जरूरत है। आप सभी की जिम्मेदारी है, कि युवाओं को बेहतर सलाह देकर उनकी जिंदगी बनाने में मदद करें। इस मौके पर खासतौर से चेयरमैन नगरपालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, डीडीओ राघवेंद्र सिंह, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, आईटीआई के प्राचार्य बृजेश कुमार सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पितृपक्ष नदी-तालाबों में तर्पण करने वालों की उमड़ी भीड़

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

कहते हैं कि जिनके सिर पर पितरों का हाथ नहीं होता,उन पर भगवान भी कृपा नहीं करते।रविवार से पितृपक्ष आरंभ हो गया है।अपने पितरों को जलांजलि व तिलांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में केन नदी,नवाब टैंक समेत विभिन्न तालाबों में भीड़ लगी रही।लोगों ने संसार सागर से विदा ले चुके अपने पूर्वजों को याद करते हुए श्रद्धा के साथ तर्पण कर उनसे आशीर्वाद मांगा। देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च, नमः स्वाहायै स्वधायै च नित्यमेव नमो नमः। सनातन धर्म में पितरों को विशेष मान्यता प्रदान की गई है।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में लिखा है '**बाढ़हिं पुत्र पिता के धरमा।**' कहा जाता है कि जिसके पितर प्रसन्न रहते हैं, उस पर परमात्मा भी कृपा करते हैं। इसीलिए माता-पिता और वृद्धों की सेवा बताई गई है। वर्ष में एक पखवाड़ा पितरों के नाम किया गया है। इन दिनों में वे लोग जिनके माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका होता है, वे उन्हें जलांजलि देते हैं। मान्यता है कि इन्हीं दिनों में दिया गया जल उन्हें प्राप्त



होता है। तिथियों के अनुसार इन्हीं दिनों में श्राद्धकर्म भी होता है, जिसमें पितरों का पूरी श्रद्धा के साथ पूजन करने के बाद गाय, कुत्ता और कौओं का भाग निकाला जाता है। मान्यता है कि गाय देव रूप है और कौए को पितृ के समकक्ष दर्जा दिया जाता है। जल देने का क्रम भाद्रपद मास की पूर्णिमा से आरंभ हो जाता है और अमावस्या तक चलता है। देव ऋण और पितृ ऋण से उऋण होने का यही एक माध्यम है। पितृपक्ष आरंभ होने के साथ ही शुभ कार्यों पर पूरी तरह विराम लग गया। नई चीजों की खरीदारी बंद होने से बाजारों की रौनक खत्म हो गई। इस दौरान शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, मुंडन से लेकर कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य पं.आनंद शास्त्री बताते हैं कि पितरों के तर्पण में कुशा व तिल का अनिवार्य प्रयोग करने से पितरों को दिया गया दान अक्षय फलदायी हो जाता है। चांदी व तांबे के पात्र पितरों को तारने वाले पात्र कहलाते हैं। श्राद्ध भोजन घर की दक्षिण दिशा में शांत अवस्था में कराने से पितर तृप्त होते हैं। रविवार को शहर के नवाब टैंक और अन्य छोटे-बड़े सरोवरों समेत केन नदी के विभिन्न घाटों में पितरों को तर्पण करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

# ग्राम अरबई में जरूरतमंदों को वितरित किये, कपड़ा, किताबें, जूते-चप्पल, घड़ी आदि



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रविवार को प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज, मनु बंसल, अरुणेश सिंह के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कोषाध्यक्ष इरफ़ान खान की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम के नेतृत्व में, ग्राम प्रधान धनंजय सिंह ग्राम अरबई ब्लॉक बड़ोखर खुर्द तहसील व जनपद की उपस्थित में शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए। कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि का वितरण ग्राम अरबई के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया। तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़वान अली और सदस्य जगदीश श्रीवास के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी। सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, शाखा प्रमुख खाईपार इरफ़ान खान चाँद आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# सकरौंहा के डॉ. उदित नारायण पाण्डेय ने राजधानी में बुलंद किया धर्मनगरी का झंडा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर में आयोजित उत्तर प्रदेश परिवहन अधिकारी कल्याण संघ के सामान्य निर्वाचन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिले के मानिकपुर के सकरौंहा गांव के मूल निवासी व गौतम बुद्ध नगर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के रुप में कार्यरत डॉ उदित नारायण पाण्डेय को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही परिवहन विभाग के अन्य अधिकारियों को भी संघ के सदस्यों के रूप में चुना गया।

निर्विरोध निर्वाचित कोषाध्यक्ष डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने कहा कि



उत्तर प्रदेश परिवहन अधिकारी कल्याण संघ एक ऐसा परिवार है, जहां सभी एक-दूसरे के कल्याण, विकास और चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होते हैं। कहा कि संघ का कोषाध्यक्ष चुने जाने पर वह कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ कोष की वृद्धि के लिए नए स्रोतों की खोज करेंगे। साथ ही कोष के सदुपयोग में पूर्ण पारदर्शिता बरतेंगे ताकि प्रत्येक सदस्य को यह विश्वास हो कि उनका योगदान सही दिशा में जा रहा है। कहा कि संगठन में शक्ति है और एकजुटता ही सबसे बड़ी पूंजी है। यह निर्वाचन संघ के सदस्यों की एकता और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो परिवहन विभाग के अधिकारियों के कल्याण और विकास को सुनिश्चित करेगा। वह सभी सदस्यों के साथ मिलकर संघ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# पंचायत चुनाव के मद्देनजर सक्रिय हो जाएं कार्यकर्ता : शिवशंकर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि पंचायत चुनाव की रणभेरी बज चुकी है, सभी कार्यकर्ता गांव के नए मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने का काम करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान कर सकें। इसके साथ ही सभी स्नातक लोगों का भी विधान परिषद



की मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं। कहा कि जिला पंचायत में उन्हीं कार्यकर्ताओं को को टिकट दिया जाएगा जो सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष कैलाश बौद्ध को बधाई देते हुए कहा कि कोटार्य समाज समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ रहा है। निश्चित रूप से इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा 2027 में समाजवादी पार्टी की विजय सुनिश्चित होगी। वरिष्ठ नेता सूरज सिंह पटेल ने कहा कि जिला पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य करें। साथ ही आगामी विधान परिषद चुनावों को भी गंभीरता से लेते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए अभियान चलाएं। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि पंचायत की मतदाता सूची का काम शुरू हो चुका है, सभी कार्यकर्ता गांवों के प्रत्येक मोहल्ले में जाकर जाकर सही नाम दर्ज कराएं।

# कौशल एवं उद्यमशीलता विभाग के नवनियुक्त अनुदेशकों को बांटे नियुक्त पत्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में नवनियुक्त 1510 अनुदेशकों को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

इसी क्रम में रविवार को जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित कलेक्टरेट सभागार में जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर एवं चित्रकूट के नवनियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर के नवनियुक्त तीन अनुदेशकों स्मिता सिंह (कास्मेटोलोजी), शशांक कुमार सिंह (वैल्डर) व आयुषी पाण्डेय



(फैशन डिजाइन टेक्नोलोजी) तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्रकूट के छह अनुदेशकों अमित बाथम (आईटी लैब), ज्योति सिंह (इलेक्ट्रीशियन), प्रतिभा गुप्ता (फैशन डिजायनिंग टेक्नोलोजी), संदीप कुमार (मशीनिस्ट), पुष्पकान्त पाठक (वैल्डर) व शुभम यादव (फिटर) को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर के प्रधानाचार्य दुष्यन्त कुमार द्विवेदी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्रकूट के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 10 को होगा किसान सम्मेलन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशानुसार आगामी 10 सितम्बर को कलेक्टरेट सभागार चित्रकूट में उनकी अध्यक्षता में किसान सम्मेलन (चकबन्दी) का आयोजन किया गया है। जिसमें भारतीय किसान यूनियन के तहसील व ब्लाक स्तर के पदाधिकारियों सहित अन्य किसानों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। किसानों की समस्याओं के ससमय निस्तारण के लिए डीएम ने समस्त चकबन्दी अधिकारियों व सहायक चकबन्दी अधिकारियों सहित सम्बन्धित अधिकारियों को किसान सम्मेलन में ससमय उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

# उदर शक्ति विकासक सूक्ष्म योग क्रिया अभ्यास से मिलता है पेट के रोगों से छुटकारा : योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पेट के रोगों से छुटकारा पाने के लिए उदर शक्ति विकासक सूक्ष्म योग क्रिया श्रृंखला के भाग आठ का अभ्यास कराया।

अभ्यास कराते हुए योगाचार्य ने बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया में पेट को निर्वात (वायु रहित) करके पेट को ताकत से ऊपर नीचे बार-बार श्वास रोकने की सामर्थ्य के अनुसार संचालन किया जाता है, जिससे आंतों में जबरदस्त सकारात्मक परिवर्तन होता है। बाह्य कुंभक में अग्निसार जैसी गतिविधि करने से पाचन संस्थान तीव्र गति से काम करने लगता है। संपूर्ण शरीर में रक्त संचार होने लगता है। 72,000 नस-नाड़ियों का शुद्धिकरण होने लगता है और नसों के ब्लॉकेज खुल जाते हैं। साथ ही सभी अंदरूनी अंगों को सही से ऑक्सीजन की आपूर्ति होने लगती है। गर्भस्थ शिशु को संपूर्ण पोषण नाभि से ही होता है। लाइफलाइन कहलाने वाली नाभि पूर्ण स्वस्थ होकर अपने सही स्थान पर बनी रहती है, जिससे सभी शारीरिक क्रियाओं का संतुलन बना रहता है। यह योग क्रिया सातों ऊर्जा चक्रों के जागरण में सहायक होती है तथा तामसिक, राजसिक व फास्ट फूड लेने से पेट में जमा चर्बी को भी हटाने में सहायक है। पेट को ताकतवर और हस्टपुस्त बनाते हुए वात, पित्त, कफ संतुलित होकर शरीर, मन और बुद्धि को ऊर्जावान बनाती हैं। बताया कि इसे करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलकर खड़े होते हैं। कमर पर हाथ इस प्रकार रखते हैं की अंगूठा पेट की तरफ शेष उंगलियां कमर की तरफ रहें, 60 डिग्री आगे की ओर झुककर दृष्टि सामने रखते हुए पेट की पूरी सांस बाहर छोड़कर बाहर ही रोकते हैं (बाह्य कुंभक), इस दशा में पेट को ताकत के साथ अंदर की ओर खींचते हैं और फिर बाहर की ओर फूलाते हैं। इसे क्रम से जल्दी-जल्दी सांस को बाहर रोके हुए सामर्थ्य भर करते हैं। इसके बाद सांस लेते हैं और पुनः इसे एक बार और दोहराते हैं। अंत में सीधे होकर शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हैं। सावधानी के तौर पर गर्भवती महिलाएं या पेट की गंभीर समस्या में इसे नहीं करना चाहिए।

## काश्तकारों ने की न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मानिकपुर तहसील के भौंरी गांव के मुडौंहा निवासी नारायण प्रसाद, श्रवण कुमार, प्रेम नारायण आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया के पूर्व पुराना गाटा संख्या 1405 लम्बे अरसे से उनके पूर्वजों के नाम दर्ज था। जिसका कुल रकबा एक बीघा चार बिसवा था, किंतु नवीन खतौनी में इसका रकबा मात्र नौ बिसवा दर्ज कर लिया गया है। जिससे 15 बिसवा मतरूफ हो गया है। इसमें किसी सक्षम अधिकारी या न्यायालय का आदेश दर्ज नहीं है और न ही खातेधारकों को कोई नोटिस दिया गया है। इस सम्बन्ध में पूर्व में की गई शिकायत पर चकबंदी अधिकारी व बंदोबस्त अधिकारी जांच में भ्रामक व गलत आख्या देकर निस्तारित कर देते है। ऐसा करने वालों की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएं। ऐसा न होने पर वह लोग धरना प्रदर्शन करेंगे।

# विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा मनाई गई महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में रविवार को लोढ़वारा स्थित बाल हनुमान मंदिर में ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। जिसमें संगठन के पदाधिकारी द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर हवन-पूजन किया। इस दौरान वृहद भंडारे का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं ने उन्हें सामाजिक समरसता का अग्रदूत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनारायण दास महराज व जिलाध्यक्ष रवि सिंह बघेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में महंत अवैद्यनाथ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में राजनारायण दास महराज ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ हमेशा छुआछूत व ऊंचनीच के खिलाफ थे। सामूहिक भोज के जरिए उन्होंने सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। महासंघ के जिलाध्यक्ष रवि सिंह बघेल ने कहा कि सभी को उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। महंत अवैद्यनाथ ने हमेशा हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास किया। उनके नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि का आंदोलन चला। कार्यक्रम में आए हुए पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूती देने एवं हिंदू समाज को इकट्ठा होने का आवाहन किया। इस मौके पर जिला संयोजक विपिन सिंह, जिला मंत्री विमल त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष हर्ष सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुबोध सिंह, रत्नेश सिंह, मातृ शक्ति जिलाध्यक्ष तृप्ति तिवारी, जिला संयोजिका साधना सिंह, जिला उपाध्यक्ष गीता सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बीपीएमए के सौजन्य से प्राप्त बैरिकेटिंगों का हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं संयुक्त सचिव अजय मिश्रा उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ/विजिलेंस प्रयागराज,मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा/समन्वयक चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ.पीयूष मिश्रा एवं सदस्य सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति जनपद/समाजसेवी सुनील सक्सेना द्वारा भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों, शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा शिक्षकों में नियमों के प्रति जवाब देह तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता पर बल दिया। संयुक्त सचिव/विजिलेंस, प्रयागराज द्वारा सुरक्षित लेन में ही वाहन चलाने तथा ओवरटेकिंग करते समय सावधानी बरतने की अपील की इसी क्रम में मंडलीय मास्टर ट्रेनर/समन्वयक डॉ. पीयूष मिश्रा द्वारा शिक्षकों को एक नोडल शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए छात्रों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी दी तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु तत्पर रहकर एक आदर्श नागरिक का कर्तव्य निभाने की अपील की।जिला सड़क सुरक्षा समिति



सदस्य/समाजसेवी सुनील सक्सेना ने जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु समाज के हर वर्ग को मदद हेतु आगे आने की जरूरत बताई। वही अपर एसपी शिवराज द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार को शहर के प्रमुख विद्यालयों से अपील करने की बात कही कि वे बेरिकेटिंगस का निर्माण करवा कर अपने-अपने विद्यालयों के सौजन्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा स्लोगन लिख कर यातायात पुलिस का सहयोग कर दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास करने में सहयोग करें। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चिल्ला रोड पर श्रीनाथ बिहार मुख्य द्वार पर छात्राओं द्वारा भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी द्वारा भेंट किए गए बैरिकेटीगों का फीता कटवाया तथा बालिकाओं को आगे आकर नो हेलमेट नो फ्यूल मिशन को सफल बनाने की अपील की,इस अवसर पर डायरेक्टर अंकित कुशवाहा, प्रधानाचार्य शिवेंद्र श्रीवास्तव तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। अंत में डॉ. पीयूष मिश्रा द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 08 सितंबर, 2025






### हिमाचल में अब तक 350+ लोगों की मौत...

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 प्रतिशत और कुल्लू में 113 प्रतिशत... पढ़ें पेज 12 पर...

# चमक-दमक के पीछे छिपा खतरा
# सैलून संस्कृति से बिगड़ रही युवा पीढ़ी

- व्यापारी संगठनों ने किया विरोध, अभिभावक बोले-फैशन की अंधी दौड़ बर्बाद कर रही बच्चों का भविष्य

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




आधुनिकता और फैशन की चकाचौंध ने अब राजधानी की गलियों तक अपने पैर पसार लिए हैं। आलमबाग में हाल ही में खुले ÷डिलाइट यूनिसेक्स स्पा एंड सैलून÷ को जहां एक ओर आधुनिक ग्रूमिंग और स्टाइल का नाम दिया जा रहा है, वहीं समाजशास्त्रियों, अभिभावकों और व्यापारी संगठनों की चिंता बढ़ती जा रही है।

### नकलीपन की होड़

शहर के युवा घंटों वक्त और हजारों रुपये इन सैलूनों में झोंक रहे हैं। हेयर कलरिंग, केमिकल ट्रीटमेंट और लगातार मेकओवर की होड़ ने जहाँ सेहत पर खतरा खड़ा कर दिया है, वहीं विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मानसिक रूप से भी युवाओं को बाहरी दिखावे पर निर्भर बना रही है। अभिभावकों का कहना है कि फैशन की यह अंधी दौड़ बच्चों को शिक्षा और करियर से भटकाकर केवल दिखावे की जिंदगी की ओर धकेल रही है। आलमबाग जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाके में इस तरह का आकर्षक सैलून खुलना किशोरों और युवाओं को समय से पहले भोगवादी सोच की ओर ले जाएगा।

### व्यापारी संगठन भी उतरे मैदान में

स्थानीय व्यापारी संगठनों ने भी इसका विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि ऐसे सैलून न सिर्फ सामाजिक माहौल को बिगाड़ते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को बर्बादी की राह पर धकेल रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत इस मामले में दखल देना चाहिए।

### धार्मिक स्थल के पास होने पर नाराज़गी

पास ही स्थित धार्मिक स्थल (मस्जिद) से जुड़े लोगों ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस तरह के केंद्र सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से अनुचित हैं। लोगों ने प्रशासन से इस पर कार्रवाई की मांग की है।

### जरूरत आत्मपहचान की, न कि नकली सजावट की

विशेषज्ञों का कहना है कि आज युवाओं को अपनी असली पहचान, ज्ञान और संस्कारों को निखारने की ज़रूरत है, न कि बाहरी चमक-दमक में खोने की। वरना यह फैशन की चकाचौंध आने वाली पीढ़ी के भविष्य को अंधेरे में धकेल सकती है।

# मसाज पार्लर की आड़ में जिस्मफरोशी का अड्डा

- आलमबाग में डिलाइट यूनिसैक्स सैलून से उड़ रही कानून-व्यवस्था की धज्जियाँ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**





राजधानी लखनऊ के आलमबाग में खुले **डिलाइट यूनिसैक्स स्पा एंड सैलून** के नाम पर जिस्मफरोशी का गंदा धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। दुकान संख्या 16सी/18सी, सिंडरडेम्प योजना, एलडीए मार्केट स्थित इस सैलून को सार्थक तिवारी और विजय तिवारी संचालित कर रहे हैं। आरोप है कि मसाज के नाम पर यहां रोजाना दो युवतियाँ दर्जनों ग्राहकों को यौन सुख देती हैं। मात्र 1000 रुपये की फीस लेकर ग्राहकों को **'अय्याशी'** कराई जाती है। इस वजह से पूरी मार्केट की छवि खराब हो रही है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि सैलून से महज दस कदम की दूरी पर मस्जिद स्थित है। नमाज के बाद बाहर निकलने वाले लोग इस गंदे कारोबार से आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि धार्मिक स्थल के पास ऐसी हरकतें असहनीय हैं। व्यापारी संगठनों ने भी चेतावनी दी है कि अगर आलमबाग पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वे उच्चाधिकारियों तक जाकर सख्त शिकायत करेंगे। सवाल उठ रहा है कि आखिर प्रशासन और पुलिस की नाक के नीचे यह धंधा कैसे फल-फूल रहा है? क्या इसमें मिलीभगत की बू नहीं आती? **अब सबकी निगाहें आलमबाग पुलिस पर हैं कि वह कार्रवाई करती है या फिर यह गंदा धंधा इसी तरह कानून-व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ाता रहेगा।**

# सैरपुर लक्ष्मीपुर धतिंगरा बौरूमऊ के किसानों ने जताया विरोध

## किसान बोले, सर्किल रेट में भेदभाव बर्दाश्त नहीं, समान रेट दिया जाए



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित नैमिष नगर योजना को लेकर बक्शी का तालाब तहसील के 18 राजस्व गाँवों के किसानों में भारी आक्रोश है। एलडीए द्वारा किसानों को भूमि अधिग्रहण के लिए सहमति पत्र दिए जाने के बाद, रविवार को लक्ष्मीपुर धतिंगरा बौरूमऊ सैरपुर के लक्ष्मीनगर गाँव में एक दर्जन से किसान एकत्रित हुए और उन्होंने इस योजना के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। वहीं किसानों का आरोप है कि एलडीए एक ही ग्राम पंचायत में आने वाले गाँवों और एक-दूसरे से सटी जमीनों के लिए अलग-अलग सर्किल रेट तय कर रहा है, जो सरासर अन्याय है। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने बताया कि 8 राजस्व गाँवों का सर्किल रेट 1.25 करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर है, जबकि 10 अन्य गाँवों लक्ष्मीपुर, सैरपुर, धतिंगरा, बौरूमऊ का सर्किल रेट 81 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है। इस भारी असमानता ने किसानों को हैरान कर दिया है। वहीं कोडरी निवासी किसान चंद्र प्रकाश लोधी ने बताया कि उनकी जमीन का कुछ हिस्सा कोडरी राजस्व ग्राम में है, जिसका रेट 1.25 करोड़ रुपये है, जबकि उसी से सटी लक्ष्मीपुर की जमीन का रेट 81 लाख रुपये है। दोनों में 44 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का बड़ा अंतर है। इसी तरह, सैरपुर निवासी गुरचरण लोधी ने भी समान समस्या का जिक्र किया। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में किसानों ने मांग की कि %नैमिष नगर योजना% में शामिल सभी गाँवों का सर्किल रेट एक समान किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे अपनी जमीन एलडीए को नहीं देंगे। इस मामले को लेकर किसानों ने %लारा कोर्ट% में केस भी दायर किया है।प्रदर्शन में महिला किसानों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लक्ष्मीपुर निवासी उर्मिला देवी, मालती देवी और लक्ष्मन देवी ने बताया कि खेती ही उनके परिवार का एकमात्र सहारा है और कम मुआवजे में वे कहीं और जमीन नहीं खरीद पाएंगी, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उनका यह प्रदर्शन जारी रहेगा।

# टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और विधि, चुनौतियाँ और अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल, लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "Navigating the Intersection of AI, Cybersecurity and Law: Challenges and Opportunities" सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में देश-विदेश के विशेषज्ञ, शिक्षाविद और शोधकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और विधिक ढाँचे पर गहन विचार-विमर्श किया। सम्मेलन का शुभारंभ सहायक प्रोफेसर प्रतीक त्रिपाठी के स्वागत भाषण से हुआ। डीन प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि एआई से जुड़े कानूनी प्रश्न आज के समय की बड़ी चुनौती हैं और इस सम्मेलन से नए दृष्टिकोण विकसित होंगे। विशिष्ट अतिथि सूर्य मणि सिंह रैकवार, अतिरिक्त महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने न्यायिक प्रणाली में एआई के उपयोग और इससे जुड़ी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अमर पाल सिंह, कुलपति, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने कहा कि यह सम्मेलन विधि शोध के भविष्य को दिशा देगा और वैश्विक मानकों के अनुरूप विधिक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। कीनोट स्पीकर डॉ. भावना महादेव, मॉरीशस विश्वविद्यालय ने डेटा संप्रभुता एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिया। वहीं, यूनाइटेड किंगडम से आए हरजोत सिंह ने भारत को वैश्विक डिजिटल गवर्नेंस में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की संभावनाओं पर विचार साझा किए। तकनीकी सत्रों में एआई आधारित भर्ती में भेदभाव, फोरेंसिक इमेजिंग, डीपफेक से निजात, साइबर हमले, गवाह संरक्षण, स्वायत्त साइबर हथियारों की वैधानिकता, डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023, मेटावर्स अपराध, डीपफेक पोर्नोग्राफी, साइबर अपराध में धन वसूली, वित्तीय धोखाधड़ी, नाबालिग न्याय में फॉरेंसिक मनोविज्ञान और एआई आधारित साइबर युद्ध जैसे विभिन्न गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी सत्रों में यह निष्कर्ष सामने आया कि एआई का दुरुपयोग मानवाधिकार, निजता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुका है, और इसलिए सशक्त कानूनी ढाँचे की तत्काल आवश्यकता है। समापन सत्र में प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने वैलिडिक्टरी एड्रेस में कहा कि यह सम्मेलन शोध व नवाचार की नई राहें खोलेगा। सहायक प्रोफेसर श्रीमती अन्नपूर्णा त्रिवेदी ने सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुलपति, प्रो-कुलपति और डीन ने अपने सन्देश में यह स्पष्ट किया कि एआई और साइबर सुरक्षा सिर्फ तकनीकी विषय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों व सामाजिक न्याय से जुड़े हैं। उन्होंने शोधार्थियों से आग्रह किया कि वे समाज हित में विधिक नवाचार करें।

# उग्रसेन सोलर एनर्जी कंपनी के कॉरपोरेट ऑफिस का उद्घाटन



- सूर्य घर योजना से जन कल्याण: डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि समाज और देश के विकास में ग्रीन एनर्जी का व्यापक योगदान है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और **मुक्त बिजली योजना** का यही उद्देश्य है। इसका लाभ जन जन तक पहुँचना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री और एडिशनल कमिश्नर जीएसटी यू डी द्विवेदी ने उग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कॉरपोरेट ऑफिस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीईओ प्रदीप कुमार ने कंपनी की कार्य योजना से अवगत कराया। उग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का यह प्रयास सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और लोगों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह कंपनी सौर ऊर्जा से जुड़ी सभी आवश्यकताओं और समस्याओं का समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कंपनी ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं को और विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह योजना न केवल ऊर्जा की स्वायत्तता को बढ़ावा देती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। उद्घाटन समारोह में गन्ना निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी आनंद दुबे, डॉ. राघवेंद्र कंपनी के सह फाउंडर बृजनंदन चौबे, एडमिन रजत सहित कंपनी के कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करते बीजेपी कार्यकर्ता: धर्मपाल

- बीजेपी ने बैठक कर बनाये सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयन्ती तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की रविवार को पार्टी मुख्यालय पर बैठक हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ता के रूप तो कार्य करते ही हैं। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा के कार्यों में भी अपनी अग्रणी भूमिका का निवर्हन करते हैं। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितम्बर से पार्टी द्वारा शुरू किये जा रहे सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों के तहत युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यो में अपनी सहभागिता करनी है। युवा मोर्चा द्वारा कार्यक्रमों को लेकर पूरे प्रदेश में नवमतदाताओं और युवाओं से संपर्क के लिए व्यापक अभियान चलाना चाहिए।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी संगठन की योजनानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को 17 सितम्बर को मोदी के जन्मदिवस पर जिलों में रक्तदान शिविर लगाकर 75 युनिट रक्तदान करना है। उन्होंने कहा इसके लिए हमें पहले से उन कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर लेनी चाहिए जिन्हें रक्तदान करना है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि युवा मोर्चा व भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समय-समय पर जनसेवा के लिए समर्पित होकर सेवा भाव से रक्तदान करता है। उन्होंने कहा चाहे स्वच्छता के कार्यक्रम हो या देशहित से जुड़े अन्य विषय सभी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ राष्ट्रसेवा और जनसेवा के लिए अग्रसर रहते हैं। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि समय-समय पर पार्टी संगठन द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम और अभियान नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का भी एक सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा कि सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों में चाहे रक्तदान करना हो या नमो मैराथन या अन्य कोई भी कार्यक्रम जिसे युवा मोर्चा आयोजित कर रहा है।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ढाबा पर खाना लेने जा रहे युवक को पीछे से कार ने जोरदार टक्कर मार दी हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गई जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताते चलें कि भगीरथ पुत्र धनीराम निवासी मवई बसंतपुर थाना माल जनपद लखनऊ की पत्नी लक्ष्मी बीमार हैं जिनका रहीमाबाद के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है अस्पताल में रुके स्वजनो के लिए वह खाना लेने लखनऊ रोड पर स्थित हाईवे ढाबा पर जा रहे थे जिस समय वह कुंदन अस्पताल के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मैं उन्हें उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले गए जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जिन्हें उपचार के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां उपचार के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया भागीरथ की मौत से उनकी मां दयावती बेटी अंशिका बेटा अंश का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मधुमक्खी पालन के लिए 90 दिनों का निशुल्क प्रशिक्षण देगी योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का होगा विस्तार- दिनेश प्रताप
- सहारनपुर, बस्ती और प्रयागराज में होगा मधुमक्खी पालन का नि:शुल्क प्रशिक्षण

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ोतरी हेतु सार्थक कदम उठा रही है। प्रदेश में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन और शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को प्रेरित कर रही है। मधुमक्खी पालन हेतु 40 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान कर रही है। मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का विस्तार होगा। मधुमक्खियाँ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किसानों की आर्थिक वृद्धि, फसलों में पर-परागण से उत्पादन क्षमता में वृद्धि तथा पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान करतीं हैं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों की आय में वृद्धि हेतु कृषि के साथ ऐसे अनुपूरक व्यवसायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनमें कम भूमि और कम पूंजी की आवश्यकता होती है। मधुमक्खी पालन ऐसा ही व्यवसाय है, जिसे अपनाकर किसान कम समय और कम लागत में अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को वैज्ञानिक ढंग से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, बस्ती, राजकीय उद्यान, प्रयागराज में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक तीन माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ भानु प्रकाश राम ने बताया कि 90 दिवसीय प्रशिक्षण में पुरुष एवं महिलाएँ सभी वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने निकटतम केन्द्र संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र सहारनपुर बस्ती अथवा अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज से सम्पर्क कर निर्धारित रूप-पत्र पर आवेदन करना होगा।

# संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह सम्पन्न, उभरती प्रतिभाओं को मिला मंच

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का भव्य समापन हुआ। संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा किसंस्कृत प्रतिभा खोज योजना उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसे वर्ष 2023 में आरम्भ किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न बोर्डों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करते हैं। यह प्रतियोगिता जनपद, मण्डल और राज्य स्तर पर आयोजित होती है तथा इसमें 10 प्रकार की प्रतियोगिताएँ सम्मिलित रहती हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिताओं में छात्रों के साथ अभिभावक, अध्यापक एवं विद्यालयों के संयोजकों सहित 8 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता हुई। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों की छुपी हुई प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना, संस्कृत भाषा लोकप्रिय बनाना है।राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 06 एवं 07 सितम्बर को पाँच प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ- गीत, संस्कृत सामान्य ज्ञान बाल वर्ग श्रुतलेखन, संस्कृत भाषण तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान युवा वर्ग।प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।संस्कृत गीत प्रतियोगिता में अकांक्षा द्विवेदी ने प्रथम, मान्या वर्माने द्वितीय एवं अंकिता दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान बाल वर्ग में एकता प्रथम, लक्ष्मी देवी द्वितीय, भव्या गुर्जर तृतीय स्थान पर रहीं।श्रुतलेखन प्रतियोगिता में शिखर शुक्ला प्रथम, ध्रुव द्वितीय एवं अमन शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में ओजस्वी गुप्ता ने प्रथम, काशी ने द्वितीय तथा मित्रा राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चुनाव आयोग से मिलीभगत कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही भाजपा: कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकतंत्र में चुनाव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। चुनाव वह माध्यम है, जिससे जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन करती है और शासन को वैधता मिलती है। लोकतंत्र में चुनाव ही एक मात्र रास्ता होता है जिसके जरिए बिना हिंसा के सत्ता परिवर्तित होती है और प्रत्येक नागरिक को बराबरी का अधिकार प्राप्त होता है। प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह रहते हैं, क्योंकि उन्हें फिर से 5 वर्ष बाद चुनाव लड़ना होता है, अगर वे जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते तो जनता उन्हें सत्ता से बाहर कर सकती है। मोदी शासनकाल में देश में निष्पक्ष चुनाव एक सपना सा हो गया है। देश और प्रदेश की सत्ता काबिज पर भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलीभगत कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर दी है। जननायक राहुल गांधी पिछले कई वर्षों से चुनाव में धांधली बात प्रमुखता से उठा रहे हैं, मगर जब चुनाव आयोग ने किसी भी आरोप पर जाँच कराना तो दूर जवाब देना मुनासिब नहीं समझा तब पार्टी ने स्वतः ही आकड़ों की जाँच करवाई। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त साक्ष्यों के माध्यम से मतदाता सूची में भारी अनियमितता को उजागर किया। खुलासों ने पूरे देश सामने चुनावी प्रक्रिया में हो रही धांधली को उजागर कर दिया कि किस पैमाने और सटीकता से चुनावी धांधली चुनाव आयोग की नाक के नीचे की जा रही है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए 11 अगस्त को इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव आयोग के पास जवाब मांगने के लिए मार्च करते हुए गए, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया यह इस सरकार की लोकतांत्रिक विरोध को दबाने की मंशा का स्पष्ट प्रमाण है। इस संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में तथा राहुल गांधी की उपस्थिति मे कांग्रेस कमेटी के महासचिवों और प्रभारियों की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, वोट चोरी के विरूद्ध पूरे देश में तीन चरणों में राष्ट्रव्यापी अभियान निम्न प्रकार संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण के तहत14 अगस्त को पूरे देशभर के जिला मुख्यालयों में वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों पूर्व विधायकों, प्रदेश एवं जिला शहर पदाधिकारियों, ब्लाक वार्ड एवं मंडल अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों तथा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के साथ कैंडलाइट मार्च आयोजित किया गया। बिहार में जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में 1300 किलोमीटर की वोट अधिकार यात्रा भी निकाली गई। द्वितीय चरण के अर्न्तगत 22 अगस्त से 7 सितम्बर तक विशाल ''वोट चोर, गद्दी छोड़'' राज्यस्तरीय रैलियाँ निकाली जाने का प्रस्ताव पास हुआ। आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में, एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में रामलीला मैदान, बिसवाँ सीतापुर में ''वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली का आयोजन किया गया। रैली के आयोजक सीतापुर के सांसद राकेश राठौर रहे। रैली को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संविधान में वोट का अधिकार दिया गया है और सबके वोट की ताकत समान है। भाजपा सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर लगातार सत्ता हासिल कर रही है और आपका अधिकार छीन रही है। एक-एक घर में 200 से अधिक की संख्या में वोटर रजिस्टर्ड किए जा रहे हैं। जिन भी लोगों पर विपक्ष के वोटर होने की शंका है उनके नाम काटे जा रहे हैं हम सभी को सजग रहना होगा तभी हम चुनाव में हो रही धांधली को रोक पाएंगे और लोकतंत्र को बचा पायेंगे। रैली को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि केंद्र से प्रदेश तक जो सरकारी बनी है वह वोट चोरी से बनी है। सबका छोड़िए प्रधानमंत्री की अपनी सीट बेईमानी से जीती गई है। चुनाव आयोग ने बनारस सीट का कोई अपडेट नहीं दिया, 1:30 बजे साइट बंद हुई और शाम 5 बजे चली और सीधे जीत घोषित कर दही गई।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की ओर अमेठी का कदम

**आज-कल जनपद में प्रबुद्धजनों का संवाद व भ्रमण कार्यक्रम**

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




कल्पना कीजिए वर्ष 2047 में जब भारत अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब उत्तर प्रदेश कैसा होगा? इसी भविष्य की तस्वीर गढ़ने और उसे साकार करने के लिए राज्य सरकार ने **समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेशः 2047** अभियान शुरू किया है। अब इस सपने को हकीकत में बदलने का सिलसिला अमेठी तक पहुंच चुका है। जिलाधिकारी संजय चौहान के अनुसार शासन ने जनपद में संवाद और विचार-विमर्श के लिए पाँच प्रबुद्धजनों को नामित किया है।इनमें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी संतोष कुमार राय, सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी आशुबोध कुमार पंत, आरआरपीजी कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. अंगद सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवनीत कुमार मिश्रा और सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता रजनीश प्रकाश चौधरी शामिल हैं।साथ ही युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की महानिदेशक चैत्रा बी. आईएएस को नोडल अधिकारी बनाया गया है। आज सोमवार की सुबह कलेक्ट्रेट सभागार से इस संवाद यात्रा की शुरुआत होगी। पहले अधिकारियों से योजनाओं पर मंथन होगा, फिर महिला समूहों और श्रमिक संगठनों से आमने-सामने की बातचीत होगी। दोपहर बाद प्रबुद्ध जन कृषि विज्ञान केंद्र जाएंगे, जहां वे प्रगतिशील किसानों और एफपीओ सदस्यों से सीधे संवाद करेंगे। अगले दिन यानी मंगलवार को आरआर पीजी कॉलेज अमेठी में छात्रों और प्राध्यापकों के बीच विचारों का आदान-प्रदान होगा। इसके बाद व्यापारियों और उद्यमियों से मुलाकात, फिर विभागाध्यक्षों के साथ बैठक और अंत में मीडिया से संवाद के साथ यह दो दिवसीय कार्यक्रम पूरा होगा। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि इसमें केवल अधिकारी या प्रबुद्धजन ही नहीं, बल्कि आम जनता भी भागीदार है। हर नागरिक पोर्टल या क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव दर्ज कर सकता है प्रक्रिया बेहद आसान है। मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी भरें, सुझाव लिखें या बोलकर रिकॉर्ड करें और फार्म सबमिट कर दें। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिकों के मूल्यवान सुझावों से ही नीतियों का रोडमैप तैयार होगा। बेहतरीन सुझाव देनेवालों को सम्मानित भी किया जाएगा। उनका कहना है कि विकसित उत्तर प्रदेश का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

## शाम को घर से निकला युवक, सुबह सड़क पर मिली लाश

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

रायबरेली में शनिवार की शाम घर से निकले युवक की लाश सुबह सड़क पर मिली। घटना चौकी से 500 मीटर दूरी है। इसके बाद भी पुलिस को पहुंचने में तीन घंटे लग गए। यूपी के रायबरेली में रविवार को एक युवक का शव सड़क पर पड़ा मिला। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला डीह थाना के परशदेपुर चौकी क्षेत्र के सलोन-जायस रोड पर गेवडे मैदान के पास का है। यहां सड़क पर एक युवक का शव मिला। उसकी पहचान उदयपुर मजरे पदमपुर बिजौली गांव निवासी भीमशंकर के बेटे विजय कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि विजय शनिवार की शाम करीब 7 बजे घर से निकला था। फिर वापस नहीं लौटा।

## कार चालक हिरासत में...

# तीन वाहनों की टक्कर,पेट्रोल पंप कर्मचारी घायल, एंबुलेंस क्षतिग्रस्त

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




जिले के जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली-सुल्तानपुर राष्ट्रीयराजमार्ग पर रविवार को हकीम का पुरवा के पास एक तेज रफ्तार कार ने पहले बाइक को टक्कर मार दी और फिर सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस से जा भिड़ी। हादसे में बाइक सवार भीम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भीम सिंह भारत पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के समय वे सब्जी खरीदने के लिए निकले थे। एंबुलेंस चालक ने बताया कि वह नियमित रूप से उसी स्थान पर वाहन खड़ा करता है। अचानक कार के टकराने से एंबुलेंस और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। घायल भीम सिंह को पहले नजदीकी प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जगदीशपुर स्थित सूर्य हॉस्पिटल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नव चयनित अनुदेशकों को विधायकों ने बांटा नियुक्ति पत्र, सुना गया मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**




व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विभाग और उद्यमशीलता विभाग में नवचयनित 1510 अनुदेशकों को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद में नव चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल , जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी , डीएम पवन अग्रवाल उपस्थित रहें। नव चयनित अनुदेशकों एवं सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया। इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा नव चयनित 23 अनुदेशको को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से सरकारी भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराकर युवाओं की मेहनत एवं योग्यता का सम्मान करने का कार्य कर रही हैं, साथ ही साथ बड़ी संख्या में युवाओं को व्यवसाय से जोड़कर युवाओं के सपनो का साकार करने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा हैं। डीएम ने कहा कि सभी नवचयनित अनुदेशक सकारात्मकता एवं पूरी इमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। स्वयं को नई तकनीकी से अपडेट रखे जिससे छात्रों को तकनीकी का बेहतर ज्ञान रहे। जनपद में 23 नवचयनित अनुदेशकों से जनपद में आईटीआई में अनुदेशकों की संख्या 17 से बढ़कर 40 हो जाएगी। युवाओं को बेहतर व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त होगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, आईटीआई प्रिंसिपल व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## साइकिल चोरी का मामला बना हादसा

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर शाम गौरीगंज तिराहे के पास दुकान के सामने खड़ी साइकिल को एक चोर ट्रैक्टर पर लादकर फरार हो रहा था। इस पर मौके पर मौजूद फेंचाइजी संचालक ने अपने भतीजे संग बाइक से उसका पीछा करना शुरू किया। स्थानीय लोगों के अनुसार जैसे ही चाचा-भतीजा ट्रैक्टर का पीछा करते हुए करीब पहुंचे,तभी ट्रैक्टर चालक ने उन्हें रोकने के बजाय लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अचानक हुई इस टक्कर से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।बताया जा रहा है, कि जिस ट्रैक्टर पर चोरी की साइकिल लादी गई थी, उसी का चालक वारदात में शामिल था। पुलिस ने ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है। और घायल चाचाभतीजा से मामले की जानकारी जुटा रही है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लोगों का कहना है, कि दिनदहाड़े चोरी और उस पर से पीछा कर रहे लोगों को टक्करमारना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

# सड़क हादसा : ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति व दो बच्चे हुए घायल

**जन एक्सप्रेस। तिलोई, अमेठी**



तिलोई तहसील क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और दो बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के मुताबिक तिलोई विकासखंड के रहने वाले हेमंत लाल अपनी पत्नी फूलमती 30 वर्ष और दो बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। परिवार जब शंकरगंज से लौटकर पूरे बाबू जनापुर गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।भारी टक्कर लगने से बाइक सड़क पर पलट गई और फूलमती गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मानें तो टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे हेमंत लाल और उनके दोनों बच्चों को भी चोटें आईं, हालांकि उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हेमंत लाल और बच्चों को प्राथमिक उपचार दिलवाया और मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और मृतका के परिजनों को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। घटना के बाद से मृतका के घर पर कोहराम मचा हुआ है। परिवार के सदस्य गमगीन हैं और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहनों पर नियंत्रण न होने पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, ऐसे में प्रशासन को सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# नवागत एडीएम ने किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

बलरामपुर जनपद बलरामपुर की नवागत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय ने रविवार को बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील तटबंधों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अपर जिला अधिकारी ने बेलवा सुल्तानजोत, सुआव नदी, चौका कला, कोडरी घाट, रिंग रोड, खरझार नाला व सिसई घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह, एई बाढ़ खंड अंकित वर्मा, जेई विकास मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जनपद में हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र के कई गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। गौरीगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत सबसे अधिक प्रभावित गांवों में बेनीपुर, गुलालपुर, इबादुल्ला, खाखरदेई, सेवई,महापुर छरियावा, घोषियान और परशुरामपुर शामिल हैं। गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के सपा के बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह ने रविवार को इन गांवों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर जाकर खेतों और बस्तियों का हाल जाना तथा किसानों से बातचीत की। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि जलभराव और लगातार बारिश से धान सहित अन्य फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं। उन्होंने फौरन मुआवजा दिए जाने की मांग रखी।विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित गांवों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिलाया जाए।

# हेलमेट लगाने के लिए लोगों को किया गया जागरूक



**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर**

जनपद में शासन के निर्देश पर संचालित कार्यक्रम नो हेलमेट नो पेट्रोलअभियान का प्रभारी निरीक्षक आलापुर एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान तथा सहयोगी संस्थान नव्या ग्रीन फाउंडेशन द्वारा सड़क पर चलने वाले दो पहिया वाहन के चालकों और पीछे बैठने वाले सवारी को हेलमेट लगाने के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक आलापुर अतुल श्रीवास्तव ने कहा - हेलमेट केवल तेल लेने की शर्त नहीं है, बल्कि यह जीवन का सबसे बड़ा रक्षक है, हर नागरिक को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए, वहीं नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज मौर्य ने कहा वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें हेलमेट की कीमत निर्धारित हैं, किन्तु जीवन की नहीं **सिर रहेगा, तभी तो जीवन रहेगा** इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि हेलमेट जीवन है, सुरक्षा ही परिवार की मुस्कान है।

# राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट के लिए छात्राओं का चयन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**





जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की छात्राओं को राज्य स्तरीय हाकी टूर्नामेंट के लिए चयनित किया गया है। जानकारी के अनुसार 06 सितम्बर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के ''हॉकी'' प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्राओं को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, विद्यालय के टीम कोच अमित राणा के संरक्षता में पं0 दीन दयाल उपाध्याय राज्य स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स खेलने के लिए, जनपद गोण्डा रवाना किया था। छात्राओं ने परचम लहराते हुए राज्य स्तरीय टीम में अपना स्थान बना लिया। जानकारी के अनुसार 'हॉकी'' प्रतियोगिता में उप क्रीडा अधिकारी गोण्डा अशोक कुमार सोनकर, खेलो इंडिया हॉकी कोच तौफीक के नेतृत्व में यह चयन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएं आराध्या श्रीवास्तव, अंशु देवी और अदिती श्रीवास्तव ने भाग लिया और मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर शानदार प्रदर्शन करते हुए अयोध्या स्टेडियम राज्य स्तरीय टीम में स्थान सुनिश्चित किया। हाकी प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी सहित उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने रोली टीका व मिष्ठान खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा विद्यालय परिवार ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त किया वे राज्य स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी।

## प्रेमी से मिलने से रोका तो भाई को कुल्हाड़ी से काटा

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

प्रेमी से मिलने से रोका तो शुक्रवार रात नाबालिग बहन ने गहरी नींद में सो रहे बड़े भाई को कुल्हाड़ी से काट डाला। आरोपी बहन को बाल सुधार गृह भेजकर पुलिस घटनाक्रम में प्रेमी की संलिप्तता की भी जांच कर रही है। बछरावां कोतवाली क्षेत्र के नंदाखेड़ा निवासी हिमांशु (20) के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह दो छोटी बहनों के साथ करीब 12 वर्ष से नानी लक्ष्मीना के पास प्यारेपुर गांव में रहते थे। शुक्रवार रात खाना खाने के बाद सभी घर के अंदर अलग-अलग चारपाई पर सो गए। रात तीन बजे नानी की नींद खुली तो देखा कि हिमांशु के शरीर पर खून लगा है। आवाज देने पर वह कुछ नहीं बोला। पड़ोसी की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और हिमांशु को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हरचंदपुर थाना प्रभारी आदर्श कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी विजेंद्र शर्मा और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

## यदुनंदन मिश्रा जिला अध्यक्ष तथा कमलेश त्रिपाठी महामंत्री मनोनीत

# भारतीय किसान संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर भगवती आदर्श विद्यालय धर्मपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 7 सितंबर को भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिवंश सिंह रहे जबकि अध्यक्षता यदुनंदन मिश्र ने की। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत एवं अवध प्रांत के महामंत्री उत्कर्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर में संगठन के विस्तार और किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से ÷एक व्यक्ति तीन गांव का भ्रमण करे÷ तथा ÷एक वर्ष में तीन गांवों को आदर्श स्वरूप में बदले÷ जैसे संकल्प पारित किए गए। साथ ही किसानों को आ रही मूलभूत समस्याओं जैसे समय से विद्युत आपूर्ति, नकली खाद-बीज की रोकथाम, सिंचाई की सुविधा और यूरिया की उपलब्धता पर गंभीर विमर्श किया गया। अवध प्रांत के महामंत्री उत्कर्ष ने बताया कि आगामी 9 सितंबर को भारतीय किसान संघ पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिवस के रूप में मनाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी ब्लॉकों पर संगठन के पदाधिकारी खंड अध्यक्षों के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में किसानों को राहत देने हेतु प्रमुख मांगें शामिल होंगी, जिनमें समय पर सिंचाई हेतु बिजली की उपलब्धता, यूरिया की समस्या का समाधान, नकली बीज-खाद की रोकथाम जैसे मुद्दे प्रमुख रहेंगे। बैठक के दौरान भारतीय किसान संघ बलरामपुर की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव गठित समिति का संरक्षक हरिवंश सिंह, जिलाध्यक्ष यदुनंदन मिश्र और जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मदन गोपाल व अटल वर्मा को सौंपी गई, जबकि सह मंत्री के रूप में शिव योगी और ओम प्रकाश चौरसिया नियुक्त किए गए। रघुनाथ प्रसाद शुक्ला को कोषाध्यक्ष का दायित्व मिला। इसके अतिरिक्त कृष्ण कुमार को जैविक प्रमुख, अखिलेश तिवारी को गन्ना प्रमुख तथा अजय कुमार को युवा प्रमुख बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नवल किशोर, सुरेंद्र कुमार मिश्र और मंगल बाबू को शामिल किया गया। इस प्रकार दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संगठन को नई दिशा देने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने में ऐतिहासिक साबित हुआ।



**पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का भयादोहन करती...**

छिबरामऊ पहुंचे भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओपी राजभर ने सपा को निशाने पर लिया। पार्टी के एक नेता के घर पर कुछ देर रुककर चाय-नाश्ता किया और फिर... खबर पेज 11 पर...

# आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करने पर पटकापुर में बवाल

## पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली भेजा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



फीलखाना थानाक्षेत्र के अति संवेदनशील पटकापुर इलाके में शिया समुदाय के युवक द्वारा सुन्नी समुदाय पर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करने पर रविवार दोपहर बवाल हो गया। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। माहौल बिगड़ता देख आनंद पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली भेजा।

**शहर काजी ने स्थिति संभाली**

सूचना पर पहुंची पुलिस और पीएसी बल ने इलाके में हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया और रूट मार्च किया। मौके पर पहुंचे शहर काजी ने स्थिति को संभाला। पटकापुर इलाके में रहने वाले शिया समुदाय के मो. कैफ उर्फ शोजफ नाम के युवक ने रविवार दोपहर सुन्नी समुदाय पर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी कर दी।

इसको लेकर इलाके के सुन्नी वर्ग के लोगों की भीड़ जुटने लगी। बवाल बढ़ने पर सर्किल फोर्स मौके पर पहुंचा।

एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार के साथ कोतवाली, मूलगंज, फीलखाना और पीएसी ने इलाके में रूट मार्च किया। एसीपी ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान, पेड़ से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के घाटमपुर में सजेती थाना क्षेत्र के पड़री गंगादीन गांव में शनिवार रात एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने शव लटका देखा, तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। गांव निवासी शोभित (19) अविवाहित था। बताया जा रहा है कि उसने रात में पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। अंधेरा होने से लोगों को घटना की जानकारी नहीं हो सकी। रविवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा, तो परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मृतक का बड़ा भाई राम सिंह कानपुर में रहता है। उसने भाई की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जांच की जा रही है।

# बिल्हौर में गूंजे जगदम्बे मैया के जयकारे संपन्न हुई माता आदिशक्ति की महाआरती





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर के शनि धाम पार्टी लान में योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा माता भगवती आदिशक्ति जगतजननी जगदम्बे मैया की दिव्य महाआरती नगर में बड़ी भव्यता के साथ सम्पन्न हुई। महाआरती कार्यक्रम भावगीतों, मंत्रोच्चार, गुरूचालीसा, श्री दुर्गा चालीसा एवं समर्पण स्तुति के साथ सम्पन्न हुआ। अंत में सभी ने बड़े भक्तिभाव से शक्तिजल एवं प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की समापन बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन कानपुर महिला शाखा की जिलाध्यक्ष सीमा उत्तम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी कानपुर जिलाध्यक्ष चंद्रेश सिंह एवं भगवती मानव कल्याण संगठन कानपुर जिलाध्यक्ष अनूप बाजपेई ने उपस्थित मांभक्तों को संबोधित किया। आपने उपस्थित लोगों को मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी तहसील अंतर्गत ग्राम व पोस्ट मऊ स्थित पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने जा रहे आत्मोत्थान शिविर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। अंत में भगवती मानव कल्याण संगठन बिल्हौर के तहसील अध्यक्ष डॉ संजय त्रिपाठी ने आए हुए सभी मां भक्तों के प्रति तहेदिल से आभार व्यक्त किया। बताया कि उक्त कार्यक्रम का लक्ष्य धर्म, राष्ट्र व मानवता की सेवा करना है। सभी ने बड़े भक्तिभाव के साथ शक्तिजल एवं प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर वीरेंद्र मिश्र, सुभाष चंद्र, श्रवण कुमार, सत्यवती पाल, अमोल सिंह, संजीव कटियार, वीरेंद्र सिंह यादव, सुमित श्रीवास्तव, अंकित सिंह, विजय कुमार, सोनू तिवारी, श्रीमती गौतम, जगदीश, श्रीकृष्ण कठेरिया, रामौतार, राकेश गौतम, नीरज मिश्रा, सुधीर शुक्ला, अरविंद, रावेंद्र सिंह, अन्नपूर्णा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पाइथन, कोबरा, रैट स्नैक जैसे सांपों के साथ छह गिरफ्तार, गुजैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



वन विभाग की टीम ने गुजैनी पुलिस के सहयोग से रविवार को लोहे के पुल के पास से छह लोगों को पाइथन, कोबरा, रैट स्नैक जैसे जहरीले सांपों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सांपों का प्रयोग नाट्य प्रस्तुति के दौरान करते थे। इनके पास से एक बाइक और कार मिली है जिन्हें सीज कर दिया गया है।

गुजैनी थाना प्रभारी अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि वन विभाग की टीम की सूचना पर लोहे के पुल के पास ईको वैन को रोका गया। तलाशी लेने पर कपड़े के थैले से तीन रैट स्नैक, नीले रंग के प्लास्टिक के डिब्बे में कोबरा और प्लास्टिक की बोरी से रॉक पाइथन बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में दामोदरनगर निवासी मनोज गुप्ता, बर्रा आठ का गौरव विश्वकर्मा, भरत वर्मा और शिवा, जाजमऊ का कैंडी शर्मा और जरौली का अमन श्रीवास्तव शामिल है। आरोपियों ने बताया कि वह लोग नाट्य प्रस्तुति देकर जीवन यापन करते हैं और तात्याटोपेनगर में प्रस्तुति देकर लौटे रहे हैं। बताया कि सभी सांपों को सपेरों से खरीदा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी आयुष त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बरामद सांपों का वीडियो बनाकर उन्हें सुरक्षित रख लिया गया। अदालत से आदेश प्राप्त होने के बाद सांपों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

# जीएसवीएम की एमएस की छात्रा डॉ. पूजा ने प्रदेश में किया टॉप



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नाक, कान, गला रोग विभाग की एमएस की छात्रा डॉ. पूजा द्विवेदी ने प्रदेश में टॉप किया है। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के चार सितंबर को हुए दीक्षांत समारोह में उन्हें गोल्ड मेडल मिला है। मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के एमएस छात्र-छात्राओं में वह अव्वल रही हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने उन्हें बधाई दी।

नाक, कान, गला रोग विभागाध्यक्ष डॉ. एसके कनौजिया की देखरेख में डॉ. पूजा ने अपनी थीसिस लिखी है। डॉ. कनौजिया ने कहा कि प्रदेश में एमएस (ईएनटी) परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर न केवल संस्थान का नाम रोशन किया बल्कि ईएनटी विषय में उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया। डॉ. पूजा की पोस्ट ग्रेजुएट थीसिस ईएनटी और कार्डियोलॉजी के समन्वय पर रही है। उसके गाइड में कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट के डॉ. अवधेश शर्मा और फिजियोलॉजी विभाग की डॉ. प्रीति कनौजिया का भी विशेष योगदान रहा।

# अरौल के रौगांव गांव स्थित श्रीराम कोल्डस्टोरेज में मजदूर ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत रौगांव गांव के समीप अरौल रसूलाबाद मार्ग किनारे स्थित श्रीराम कोल्डस्टोरेज में नेपाल के काठमांडू के गौरी सिंघाला निवासी 32 वर्षीय गणेश सुनार पुत्र वीर भान सुनार और उनकी पत्नी शर्मिला दोनो पति-पत्नी मजदूरी करते हैं। दोनो कोल्डस्टोरेज के अंदर ही कमरे रहते हैं।रविवार सुबह गणेश काम करने चले गये था। लगभग 11 बजे वह शराब पीकर कमरे पर पहुंचा। तब उसकी पत्नी बाहर बैठी हुई थी। मजदूर ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। जब पत्नी कमरे पर पहुंची, तो दरवाजा बंद देखा उसने खिड़की से झांक कर देखा तो उसका पति फांसी पर लटका हुआ था। चीखने चिल्लाने पर कोल्ड स्टोरेज में मौजूद और लोग मौके पर पहुंच गए। कोल्डस्टोरेज प्रबंधक की सूचना पर चौकी प्रभारी विशाल शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस की मौजूदगी में कमरे खिड़की तोड़कर अंदर पहुंचे एक व्यक्ति दरवाजा खोला। पुलिस ने शव को फांसी से उतरवाया और मामले की जांच पड़ताल की।

अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया कि पारिवारिक उलझनों के चलते मजदूर फांसी के फंदे पर झूला है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चल सकेगा कारण क्या है पत्नी से पूछताछ चल रही है।

# रेलवे फाटक को छूते ही बजा सायरन, खड़ी हो गई मालगाड़ी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सचेंडी के सीढ़ी क्रॉसिंग पर रविवार शाम युवक ने रेलवे फाटक पर हाथ रखा तो अचानक सायरन बजने लगा। सिग्नल कटने से ट्रेन खड़ी हो गई। मौके पर मौजूद सीढ़ी चौकी के दरोगा ने युवक को गेटमैन के रूम में बिठा दिया।

इस दौरान करीब 15 मिनट तक मालगाड़ी क्रॉसिंग पर खड़ी रही और लंबा जाम लग गया। इसमें एक एंबुलेंस भी फंसी रही। युवक की पहचान औरैया निवासी मनोज सिंह सेंगर के रूप में हुई है। बिधनू जाने के दौरान युवक ने बंद क्रॉसिंग पर लगे बूम को जैसे ही छुआ तो सायरन बजने लगा और सिग्नल कट गया। गेटमैन राजीव रंजन ने बताया कि कंट्रोल रूम को सूचना देकर माल गाड़ी को रवाना किया गया। युवक को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

## हत्या के दौरान बनाया वीडियो, दो भेजे गए जेल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चकेरी थानाक्षेत्र के शिवकटरा में प्राइवेट कार चालक ऋषिकेश उर्फ सोना की गला काटकर हत्या और शव को गंगा में फेंकने के मामले में पुलिस ने फरार दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चाकू व खून से सने शव कपड़े बरामद किए हैं। पकड़ा गया आरोपी हत्या करने के दौरान वीडियो बना रहा था। पुलिस अब मामले में मुख्य आरोपी समेत उसके साथी की तलाश में जुटी है। शिवकटरा हरिजन बस्ती निवासी 22 वर्षीय ऋषिकेश उर्फ सोना की 29 अगस्त की रात को उसके दोस्त अगवा कर काकोरी के जंगल ले गए थे जहां पर उसे नग्न कर पीटने के बाद गला काटकर हत्या कर दी थी। शव को बोरी में भरकर ई रिक्शे से जाजमऊ में जाकर गंगापुल से फेंक दिया था। वहीं, 30 अगस्त परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने शिवकटरा केसा हाउस के पास निवासी मोगली उर्फ प्रिंस, निखिल, काकोरी कैंट निवासी आकाश उर्फ कालू और रिशू वर्मा को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने बताया कि मुख्य आरोपी पवन निषाद ने मृतक के बहन से प्रेम संबंध होने के चलते अपने भाई बॉबी व साथी सत्यम और डैनी व उन लोगों के साथ मिलकर गला काटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने पवन के भाई बॉबी और डैनी को गिरफ्तार कर लिया था।

# जरीब चौकी पुल से जुड़ेगी एलिवेटेड रोड, रामादेवी पहुंचना होगा आसान-डीपीआर में किया गया प्रावधान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




कानपुर में जरीबचौकी रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) एलिवेटेड जीटी रोड से जुड़ेगा। इससे न सिर्फ क्रॉसिंग पार करने में जाम से निजात मिलेगी बल्कि एलिवेटेड रोड से रामादेवी और गोल चौराहे तक फर्राटा भरा जा सकेगा। चार लेन का यह शहर का पहला ऐसा पुल होगा, जिसमें चार रैंप होंगे जो चार दिशाओं में उतरेंगे। इस पुल पर कालपी रोड, घंटाघर रोड और जीटी रोड पर गोल चौराहा या रामादेवी की तरफ से आसानी से आवागमन किया जा सकेगा।

सेतु निगम जीटी रोड को कालपी रोड से जोड़ने वाली जरीबचौकी रेलवे क्रासिंग पर 320 करोड़ रुपये से चार लेन का पुल बनवा रहा है। सेतु निगम ने इस कार्य के लिए ठेकेदार कंपनी चयनित कर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी है। वहां से मुहर लगते ही ठेकेदार कंपनी को कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा। पुल निर्माण स्थल से सीवर लाइनें और पाइपलाइनें शिफ्ट करने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। अगले महीने से निर्माण शुरू कराने की तैयारियां की जा रही हैं। इस पुल के बनने से एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का रास्ता भी साफ हो जाएगा।

### मंत्रालय कर रहा एलिवेटेड रोड की डीपीआर का अध्ययन

रामादेवी से गोल चौराहे तक 1500 करोड़ से बनने वाली चार लेन एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की वार्षिक योजना में शामिल है। यह शहर की दूसरी एलिवेटेड रोड होगी। इसकी लंबाई 10.2 किलोमीटर और चौड़ाई 22 मीटर होगी। हैदराबाद की कंसलटेंट कंपनी हेक्सा की तरफ से तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) चार महीने पहले मंत्रालय भेज दी गई थी।

### डीपीआर स्वीकृत करने के संकेत

वहां कई बार हुई बैठकों और उनमें दिए गए सुझावों के आधार पर कई संशोधन किए गए हैं। इन संशोधनों में एलिवेटेड रोड को जरीबचौकी आरओबी से जोड़ने का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही एलिवेटेड रोड में श्यामनगर मोड़, टाटमिल चौराहा, अफीमकोठी में भी रैंप बनाने की योजना है। हालांकि अभी एलिवेटेड रोड निर्माण में कुछ अड़चनें हैं। मंत्रालय ने इन अड़चनों को दूर कर डीपीआर स्वीकृत करने के संकेत दिए हैं।

जरीबचौकी रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए ठेकेदार कंपनी चयनित हो गई है। मुख्यालय से अनुमति मिलते ही कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा। पुल निर्माण स्थल पर बिछीं सीवर लाइनें, पाइपलाइनें,

केबिल आदि शिफ्ट कराने की तैयारियां की जा रही हैं।

जीटी रोड पर रामादेवी से गोल चौराहे तक एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव वार्षिक योजना में शामिल है। निर्माण लागत 1500 करोड़ रुपये है। अभी वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है। इसकी डीपीआर भी लगभग फाइनल हो गई है पर कुछ अड़चनें हैं। इन्हें दूर करते ही डीपीआर स्वीकृत होने के साथ ही वित्तीय स्वीकृति भी मिल जाएगी।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

खेल विभाग की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता में दो मैच हुए। पहले मैच में ग्रीनपार्क रेड ए ने शिवा क्रिकेट अकादमी को 35 रन से मात दी। दूसरे मैच में ग्रीनपार्क ब्लू ने ग्रीनपार्क येलो को आठ विकेट से पराजित किया।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में ग्रीनपार्क रेड ए ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 129 रन बनाए। टीम से तनिष राठौर ने 35, हर्षवर्धन ने 23 व अतीत यादव ने 22 रन की पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में अमित पटेल, विकास पटेल व उत्कर्ष तिवारी ने दो-दो विकेट चटकाए।

जवाब में शिवा क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 94 रन ही बना सकी। इसमें शौर्य गुप्ता ने सर्वाधिक 27 रन बनाए, तो गेंदबाजी में नीरज कुमार ने तीन, यर्थाथ ने दो को आउट किया। प्लेयर ऑफ द मैच नीरज कुमार को चुना गया। दूसरे मैच में ग्रीनपार्क येलो की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 96 रन बनाए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### रोडवेज बस ने महंत को रौंदा, मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चकेरी थाना क्षेत्र के रामादेवी चौराहे पर शनिवार शाम मध्य प्रदेश में स्थित बागेश्वर धाम बेटे के साथ दर्शन करने जा रहे महंत को सड़क पार करते समय रोडवेज बस ने रौंद दिया। हादसे के बाद बेटा पिता को लेकर हैलट पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोंडा के थाना खरगूपुर लालनगर निवासी गोकुल प्रसाद पांडेय (70) गांव के एक शिव मंदिर के महंत थे। बेटे राकेश पांडेय ने बताया कि शनिवार को छोटे भाई दिनेश के साथ पिता पैरों का इलाज कराने रामादेवी आए थे। इलाज के बाद वह छोटे भाई के साथ छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम जाने के लिए रामादेवी चौराहे पर पहुंचे थे। दिनेश ने बताया कि वह पिता के साथ रेलवे स्टेशन जाने के लिए रोड पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें रौंद दिया। जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध संबंधों के लिए पति का कत्ल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। भांजे के प्यार में एक महिला ने रिश्तों का कत्ल कर दिया। मामला सचेंडी का है। दस माह पहले लक्ष्मी ने भांजे संग मिलकर पति शिववीर (45) की हत्या कर दी और शव घर के पीछे खेत में गाड़ दिया। कुछ समय बाद कुत्तों ने अस्थियां बाहर निकाल दीं, तो हड्डियों को बोरे में भरकर पनकी नहर में फेंक दिया। पुलिस ने शनिवार को सास सावित्री देवी की तहरीर पर दोनों के खिलाफ हत्या के लिए अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया। रविवार को फॉरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य बरामद करेगी। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने बताया कि सचेंडी के लालूपुर गांव निवासी सावित्री देवी ने सचेंडी थाने में बेटे शिववीर के लापता होने की शिकायत छह मई 2025 को दर्ज कराई थी। सावित्री देवी ने बताया था कि 30 अक्तूबर 2024 को गृह जनपद बांदा गई थीं। पांच सितंबर को वापस आईं तो उन्हें बहू लक्ष्मी ने बताया कि शिववीर के पास किसी का फोन आया था, जिस पर वह नौकरी के चक्कर में गुजरात चले गए। काफी दिन तक कोई जानकारी न मिलने पर बहू लक्ष्मी से पूछताछ की तो हर बार अलग-अलग बात बताई। सावित्री देवी ने बहू लक्ष्मी और नाती अमित के प्रेम संबंध की बात बताते हुए शिकायत की थी। जब अमित और लक्ष्मी के प्रेम संबंध के बारे में ग्रामीणों से पूछताछ की गई, तो उन लोगों ने इस बात को स्वीकार किया। इस पर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की,तो अमित ने घटना कबूल कर ली।

# फ्लैट, दुकान, उद्योग और खेती की जमीन खरीद पर बड़ी राहत

## 26 प्रतिशत कॉमन सुविधा शुल्क हुआ खत्म

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में जिला प्रशासन की ओर से घोषित किए गए जनपद के सर्किल रेट में फ्लैट, दुकान के अलावा उद्योगों व खेती की जमीन खरीदने पर छूट दी गई है। नए प्रावधानों के तहत बहुमंजिला फ्लैट में उसके निर्माण की अवधि के अनुसार छूट दी गई। इसी तरह पुराने बहुमंजिला भवनों को भी छूट के दायरे में रखा गया है। इससे घर और कारोबार के सपनों को पूरा करना अब पहले से ज्यादा आसान होगा। बताया गया है कि मकान के मूल्य निर्धारण में अब सीधे मकान की आयु के आधार पर छूट का प्रावधान किया गया है।




### नौ साल बाद बीते साल बढ़ाए गए थे सर्किल रेट

शहर में वर्ष 2015 के बाद बीते साल सर्किल रेट बढ़ाए गए थे जबकि राजस्व वसूली का लक्ष्य हर साल बढ़ता जा रहा था। पिछले कई साल से 60 प्रतिशत से ज्यादा राजस्व की वसूली नहीं हो पा रही थी। इसे लेकर कई अफसरों पर कार्रवाई भी की गई थी। इसे देखते हुए पहले 30 प्रतिशत तक सर्किल रेट बढ़ाने का फैसला लिया गया था। अगस्त में जमीनों के रेट बढ़ने थे लेकिन प्रक्रिया शुरू होने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा था कि सर्किल रेट बढ़ाए जाने को लेकर 85 आपत्तियां आई हैं। उनके निस्तारण के बाद ही नए सर्किल रेट बढ़ाए जाएंगे। अंत में तय हुआ कि 20 प्रतिशत से अधिक सर्किल रेट नहीं बढ़ेंगे।

सर्किल रेट में आवासीय, व्यावसायिक के साथ कृषि भूमि के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है। रूमा क्षेत्र में 2.20 करोड़ रुपये हेक्टेयर (चार बीघा) से बढ़कर जमीन के दाम 2.86 करोड़ रुपये हेक्टेयर हो गए हैं। यानी एक बीघा जमीन की करीब 55 लाख से बढ़कर 71 लाख रुपये हो गई है। इसी तरह कटरी ख्योरा में 2.20 करोड़ रुपये हेक्टेयर से बढ़कर तीन करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर, ख्योरा कछार में 2.33 करोड़ से बढ़कर 3.30 करोड़, गुजैनी में 2.14 करोड़ से बढ़कर 2.88 करोड़, बिनगवां में 2.14 करोड़ से बढ़कर तीन करोड़, नानकारी में 2.60 करोड़ से बढ़कर 3.50 करोड़, सेन पूरब पारा में 69 लाख से बढ़कर 90 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर जमीन के दाम हो गए।

### बढ़ोतरी में सबसे आगे लेकिन बिरहाना रोड से पीछे स्वरूपनगर

शुक्रवार से लागू नए सर्किल रेट में व्यावसायिक श्रेणी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी स्वरूपनगर क्षेत्र में हुई है। यहां 76,000 रुपये प्रति वर्गमीटर से जमीन की दरें बढ़ाकर 1,20,000 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दी गई हैं। यानी 44,000 रुपये प्रति वर्गमीटर की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि सबसे ज्यादा बढ़ोतरी के बाद भी स्वरूपनगर की जमीन बिरहाना रोड, पी.रोड से कम है। बिरहाना रोड के सर्किल रेट 32 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर का इजाफा होने के बाद 1,45,000 रुपये प्रति वर्गमीटर और पी.रोड के 34 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर का इजाफा होने के बाद 1,44,000 रुपये प्रति वर्गमीटर हो गए हैं।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# वैश्विक शांति का निर्णायक सूत्रधार बनेगा भारत

**हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से चीन में मुलाकात की थी और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता के अलावा निजी स्तर पर भी लंबी बातचीत हुई थी। इससे पहले 30 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से भी बात की थी और शांति बहाली का समर्थन दोहराया था। इस प्रकार, भारत एक ओर रूस के साथ अपने रणनीतिक और ऊर्जा संबंधों को बनाए रखे हुए है, वहीं दूसरी ओर यूरोप और यूक्रेन को आश्वस्त कर रहा है कि वह युद्ध को समाप्त करने के लिए रचनात्मक योगदान देगा।**

*अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा अक्सर आर्थिक समीकरणों से तय होती है। हाल के दिनों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उठाए गए टैरिफ विवाद ने यूरोपीय संघ को झटका दिया है। अमेरिकी बाजारों पर निर्भरता और ट्रंप की अप्रत्याशित नीतियों ने यूरोपीय देशों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि उन्हें अपने वैश्विक साझेदारों का दायरा बढ़ाना होगा। इसी कड़ी में भारत एक स्वाभाविक विकल्प बनकर उभर रहा है। हम आपको बता दें कि यूरोपीय संघ ने अब तक भारत के खिलाफ रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर कोई सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की बात नहीं की है। यह बहुत बड़ा संकेत है कि यूरोप, भारत को नाराज़ करने का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। वजह साफ है भारत न केवल एक विशाल उपभोक्ता बाज़ार है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और राजनीतिक संतुलन में उसकी भूमिका अहम हो चुकी है। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध के चलते यूरोप थकान और बेचैनी की स्थिति में है। अब तक की सारी कोशिशें मसलन व्हाइट हाउस के दरवाज़े खटखटाने से लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ मंच साझा करने तक, किसी ठोस परिणाम तक नहीं पहुँची हैं। इसी परिदृश्य में यूरोपीय नेताओं ने भारत की ओर देखना शुरू किया है। यूरोपीय संघ और स्वयं यूक्रेन, इस युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की भूमिका पर नज़रें गड़ाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूरोपीय नेताओं और यूक्रेन के विदेश मंत्री की भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ हुई वार्ताओं ने इस धारणा को और प्रबल किया है कि भारत की आवाज़ अंतरराष्ट्रीय मंच पर निर्णायक साबित हो सकती है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से संयुक्त टेलीफोन वार्ता की। इस बातचीत में भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी की समीक्षा की गई और व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला जैसी अहम विषयों पर प्रगति का स्वागत किया गया। दोनों पक्षों ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को जल्द निष्कर्ष तक पहुँचाने और द्दस्थ्श्रष्ट कॉरिडोर के क्रियान्वयन पर बल दिया। वॉन डेर लेयेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यूक्रेन का युद्ध वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए गहरा खतरा है और इसे समाप्त करवाने में भारत की भूमिका निर्णायक हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी भारत की स्थायी स्थिति को दोहराते हुए कहा कि भारत शांति और स्थिरता की बहाली के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने दोनों नेताओं को भारत आने और 2026 में होने वाले अगले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में भाग लेने का आमंत्रण दिया। उधर, यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से टेलीफोन पर बातचीत की। सिबिहा ने युद्धक्षेत्र की स्थिति की जानकारी साझा करते हुए भारत से आग्रह किया कि वह अपनी ÷प्राधिकृत आवाज़ और सक्रिय भूमिका÷ से रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के प्रयासों को गति दे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन एक ÷न्यायसंगत शांति÷ की दिशा में काम कर रहा है और भारत की भागीदारी इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम होगी। दोनों पक्षों ने आगामी संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय सत्र में मिलने और राजनीतिक, आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।*

### एक्सप्रेस आलेख

**'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना', जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना: आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी।**

# हर व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए ज्ञान की रोशनी



**योगेश कुमार गोयल**

**ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है।**

दुनियाभर में लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 59वां 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है। निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिये तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विड़म्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्येक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना', जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना॰ आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी, जिसके जरिये टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय 'साक्षरता और सशक्तिकरण' रखा गया था जबकि 2010 की थीम 'साक्षरता विकास को बनाए रखना' थी। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम 'साक्षरता और महामारी' (एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों) पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी 'साक्षरता और सशक्तिकरण'। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए 'साक्षरता और शांति', 2014 में '21वीं शताब्दी के लिए साक्षरता', 2015 में 'साक्षरता और सतत विकास', 2016 में 'अतीत पढ़ना, भविष्य लिखना', 2017 में 'डिजिटल दुनिया में साक्षरता', 2018 में 'साक्षरता और कौशल विकास' अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। 2019 में 'साक्षरता और बहुभाषावाद', वर्ष 2020 में 'कोविड-19 संकट और उससे संबंधित शिक्षा और शिक्षण', 2021 में 'मानव-केन्द्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता॰ डिजिटल विभाजन को कम करना' (लिटरेसी फॉर ए ह्यूमन-सेंट्रड रिकवरी॰ नैरोइंग द डिजिटल डिवाइड), 2022 में 'ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस' (साक्षरता सीखने के स्थान को बदलना) तथा 2023 में 'संक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना॰ टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' (प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशन॰ बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज) अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। बहरहाल, भारत हो या दुनिया के अन्य देश, गरीबी मिटाना, बाल मृत्यु दर कम करना, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रित करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना आदि समस्याओं के समूल विनाश के लिए सभी देशों का पूर्ण साक्षर होना बेहद जरूरी है। दरअसल साक्षरता ही सामाजिक विकास का आधार स्तंभ बन सकती है। साक्षरता में ही वह क्षमता है, जो परिवार और देश की प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है। आंकड़े देखें तो दुनिया में 100 से भी अधिक देश अभी भी ऐसे हैं, जो पूर्ण साक्षरता हासिल करने के लक्ष्य से अभी दूर हैं और चिंता की बात है कि भारत भी इनमें शामिल है। हालांकि आजादी के बाद देश में साक्षरता दर काफी तेजी से बढ़ी है लेकिन अभी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है।



**एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय 'साक्षरता और सशक्तिकरण' रखा गया था।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 09:11 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 08:02 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | धृति, 06:30 तक |
| सूर्योदयः | 06:03 |
| सूर्यास्तः | 18:26 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 07:36-09:09 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50 -12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### खेल सारा वोट का !

*दिन पर दिन तीखे ।*
*हो रहे बयान ॥*
*पहुंचाना है ठेस ।*
*है केवल ये ध्यान ॥*
*बार बार गलती ।*
*ऐसे यूं दोहराना ॥*
*क्या बनी रणनीति ।*
*जनता जमाना ॥*
*खेल सारा वोट का ।*
*लगती ना लगाम ॥*
*करना जिन्हें खुश ।*
*पहुंच रहा पैगाम ॥*
*रह रह कर अब मंच से ।*
*छोड़ते हैं तीर ॥*
*त्वरित कुछ निकालें ।*
*हो रहे अधीर ॥*



**- कृष्णेन्द्र राय**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लिवर सिरोसिस में पानी कितना पीना चाहिए?

**लिवर** की बीमारी से अक्सर लोग परेशान रहते हैं और ये स्थिति और बढ़ती जा रही है। दरअसल, हमारी खराब लाइफस्टाइल और डाइट का असर लिवर पर गंभीर रूप से होता है। बात अगर लिवर सिरोसिस की करें तो इस बीमारी में लिवर टिशूज पर दाग पड़ जाते हैं जिन्हें आप छाले की तरह भी देख सकते हैं। हालांकि, ये दाग इस बात का संकेत होते हैं कि लिवर खुद को ठीक करने की कोशिश कर रहा है लेकिन, शराब के अत्यधिक सेवन, मोटापे, हेपेटाइटिस बी और सी और फैटी लिवर के मरीजों में यह स्थिति गंभीर रूप धारण कर लेती है और ये सिरोसिस के ये दाग जल्दी ठीक नहीं होते।

**लिवर सिरोसिस में पानी कितना पीना चाहिए?:** डॉ. सावन बोपन्ना, बताते हैं कि लिवर सिरोसिस वाले मरीजों के लिए पानी पीना बहुत जरूरी है, लेकिन इसकी मात्रा और समय का ध्यान रखना भी जरूरी होता है। सामान्यत॰ रोजाना 2 से 3 लीटर पानी पीना फायदेमंद होता है, लेकिन लिवर सिरोसिस में यह मात्रा मरीज की स्थिति और डॉक्टर की सलाह पर निर्भर करती है। अगर मरीज को शरीर में सूजन या पानी की कमी की समस्या नहीं है तो अच्छी हाइड्रेटेड रहने के लिए सही मात्रा में पानी पीना चाहिए।



**लिवर सिरोसिस में कब और कौन सा पानी पिएं:** डॉ. सावन बोपन्ना की मानें, तो लिवर सिरोसिस के दौरान, कमरे के तापमान का पानी पीना सबसे बेहतर रहता है क्योंकि यह शरीर पर हल्का असर डालता है और पचाने में आसान होता है। बहुत ठंडा या बहुत गर्म पानी पीने से बचना चाहिए क्योंकि यह शरीर के तापमान को अचानक बदल सकता है और लिवर पर असर डाल सकता है। पानी को दिन के दौरान समान अंतराल पर पीने की सलाह दी जाती है ताकि शरीर में पानी का संतुलन बना रहे।

**लिवर की सफाई में मददगार:** लिवर सिरोसिस में जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं तो लिवर की सफाई में मदद मिलती है और लिवर का काम काज बेहतर होता है। इसके अलावा इस प्रकार से पानी पीने से सिरोसिस वाले टिशूज को भी हीलिंग में मदद मिलती है। इसके अलावा ये लिवर की जलन और दर्द को कम कर सकता है जिससे व्यक्ति को राहत महसूस होती है।

**फैटी लिवर की समस्या में फायदेमंद:** फैटी लिवर के मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना कई समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है। पानी एक डिटॉक्सीफाइंग एजेंट है जिसका सेवन लिवर में जमा फैट के कणों को साफ करने में मदद कर सकता है। जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं तो लिवर का काम काज बेहतर होता है और फैटी लिवर की समस्या में कमी आती है।

**इन तमाम चीजों के अलावा पानी:** लिवर सेल्स के लिए बेहतर तरीके से काम करता है और लिवर की समस्या में कमी ला सकता है। इतना ही नहीं जब आप ज्यादा पानी पीते हैं तो आपके द्वारा खाए जाने वाले ज्यादा तेल मासले वाली चीजों के सेवन का असर कम होता है और लिवर की समस्या में कमी आती है। बस ध्यान, रखें कि ज्यादा ठंडा या गर्म पानी पीने से बचें। इससे आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है। अगर डॉक्टर ने कोई विशेष निर्देश दिए हैं, तो उनका पालन करना सबसे जरूरी है। कुल मिलाकर, लिवर सिरोसिस में नियंत्रित मात्रा में और सही तापमान का पानी पीना मरीज की सेहत के लिए लाभकारी होता है। साथ ही एक हल्दी डाइट फॉलो करें और ज्यादा तेल मसाले वाली चीजों के सेवन से बचें।

### एक्सप्रेस विशेष

# बंधनों से मुक्ति की चाबी जैन क्षमा परंपरा



**आर. के. जैन**

**यह हमें याद दिलाता है कि रिश्तों की मरम्मत कोई जटिल विज्ञान नहीं, बल्कि एक साधारण, हृदय से निकला माफ़ कर दो है। यह शब्द जादू की तरह काम करता है, यह न केवल सामने वाले के मन को शांत करता है, बल्कि हमें भी उस बोझ से मुक्त करता है।**

**यह हमें अपने विचारों, वचनों और कर्मों में एकरूपता लाने की प्रेरणा देता है। केवल शब्दों से उत्तम क्षमा या मिच्छामि दुक्कडम कहना पर्याप्त नहीं; यह भाव हमारे हृदय में उतरना चाहिए। अगर हम बाहर से क्षमा माँगते हैं, लेकिन भीतर क्रोध या कटुता पाले रहते हैं, तो यह आत्मप्रवंचना होगी। सच्ची क्षमा वही है, जो हमारे व्यवहार में झलके— जब हम किसी की भूल को भूल जाएँ।**

**मनुष्य** का जीवन एक ऐसी यात्रा है, जो बाहर की सड़कों से कहीं अधिक भीतर की गलियों में भटकती है। हम रोज़मर्रा की भागदौड़ में इतने उलझ जाते हैं कि यह भूल जाते हैं—हमारे कंधों पर न केवल सांसारिक ज़िम्मेदारियों का भार है, बल्कि उन अनकहे, अनदेखे बोझों का भी, जो हमारे मन के कोनों में धूल की तरह जमा होते रहते हैं। ये बोझ हैं हमारे उन शब्दों के, जो अनजाने में किसी के हृदय को चोट पहुँचाते हैं; उन विचारों के, जो किसी के प्रति ईर्ष्या या क्रोध से भरे होते हैं; और उन कर्मों के, जो अनजाने में भी किसी जीव को कष्ट देते हैं। जैन धर्म की गहरी और संवेदनशील परंपरा हमें इन्हीं बोझों से मुक्ति का मार्ग दिखाती है—क्षमा पर्व के रूप में, जो केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन की नवीनता का उत्सव है। क्षमा पर्व, जिसे जैन परंपरा में पर्यूषण पर्व के अंत में मनाया जाता है, केवल एक औपचारिक माफी माँगने का दिन नहीं है। उत्तम क्षमा या मिच्छामि दुक्कडम, ये शब्द केवल वाणी की सजावट नहीं, बल्कि एक गहरे दार्शनिक भाव के प्रतीक हैं, जो हमें स्वयं और दूसरों के प्रति करुणा का पाठ पढ़ाते हैं। यह पर्व हमें उस साहस की ओर ले जाता है, जहाँ हम अपने अहंकार को झुकाकर, अपनी भूलों को स्वीकार करते हैं। यह साहस कोई कमज़ोरी नहीं, बल्कि आत्मिक बल की पराकाष्ठा है। क्योंकि जब हम अपने मन की कठोरता को पिघलाते हैं, तभी हम उस उजाले को देख पाते हैं, जो हमारी आत्मा को मुक्त करता है। जैन दर्शन का एक अनमोल सूत्र है, क्षमा पहले स्वयं को दी जाती है। हम अक्सर यह मान बैठते हैं कि क्षमा माँगना या देना केवल दूसरों के लिए होता है, पर वास्तव में यह प्रक्रिया हमारे भीतर शुरू होती है। जब तक हम अपनी कमियों, अपनी भूलों, अपने उन क्षणों को नहीं अपनाते, जिनमें हम कमज़ोर हुए, तब तक हम दूसरों के प्रति सच्ची सहानुभूति नहीं जगा सकते। स्वयं को क्षमा करना आसान नहीं, यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें हमें अपने उन हिस्सों को गले लगाना पड़ता है, जिन्हें हम अक्सर छिपाने की कोशिश करते हैं। जैन धर्म कहता है कि जब हम अपने अंदर की इन गांठों को खोलते हैं, तभी हम दूसरों के प्रति भी कोमल हो पाते हैं। यह आत्म-क्षमा ही वह पहला कदम है, जो हमें सच्ची करुणा और अहिंसा की ओर ले जाता है। आज का युग, जहाँ हर क्षण सूचनाओं का तूफान आता है, रिश्तों को बनाना और तोड़ना पहले से कहीं आसान हो गया है। एक गलत शब्द, एक तीखी टिप्पणी, या एक छोटी-सी गलतफहमी—ये सब न केवल व्यक्तिगत रिश्तों को, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न कर सकते हैं। ऐसे में क्षमा पर्व हमें एक ठहराव देता है। यह हमें याद दिलाता है कि रिश्तों की मरम्मत कोई जटिल विज्ञान नहीं, बल्कि एक साधारण, हृदय से निकला माफ़ कर दो है। यह शब्द जादू की तरह काम करता है, यह न केवल सामने वाले के मन को शांत करता है, बल्कि हमें भी उस बोझ से मुक्त करता है, जो हम अनजाने में ढो रहे होते हैं। क्षमा पर्व का एक और अनूठा आयाम है, यह हमें केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं रखता। जैन धर्म की अहिंसा की अवधारणा इतनी व्यापक है कि यह समस्त जीव-जगत को अपने आलिंगन में लेती है। इस पर्व पर हम न केवल अपने परिचितों से, बल्कि उन सभी जीवों से क्षमा माँगते हैं, जिन्हें हमने अनजाने में कष्ट पहुँचाया। चाहे वह हमारे कदमों तले कुचला गया एक छोटा-सा कीट हो, या वह जल और पृथ्वी हो, जिसका हमने अनजाने में दुरुपयोग किया—क्षमा पर्व हमें इन सबके प्रति अपनी ज़िम्मेदारी स्मरण कराता है। यह एक ऐसी सोच है, जो हमें मनुष्य-केंद्रित दृष्टिकोण से बाहर निकालकर समस्त सृष्टि के साथ एक गहरे रिश्ते में जोड़ती है। यह हमें सिखाता है कि हमारा जीवन केवल हम तक सीमित नहीं, बल्कि इस विशाल विश्व के साथ एक अटूट बंधन में बंधा है। क्षमा माँगना या देना इतना दुर्लभ क्यों है? क्योंकि हम इसे अक्सर अपनी प्रतिष्ठा, अपने अहंकार की कसौटी पर तौलते हैं। हम सोचते हैं—क्षमा माँगने से हम छोटे हो जाएँगे, या क्षमा देने से सामने वाला हमारा दुरुपयोग करेगा। पर जैन दर्शन हमें इस भ्रम से बाहर निकालता है। यह कहता है कि क्षमा कोई सौदा नहीं, बल्कि आत्मा की स्वाभाविक अवस्था है। जब हम क्षमा को गणनाओं से मुक्त करते हैं, तभी वह अपनी पूरी शक्ति के साथ हमारे जीवन को बदल देती है। यह वह शक्ति है, जो न केवल व्यक्तिगत शांति लाती है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी पोषित करती है। क्षमा पर्व का एक और गहरा संदेश है।

# संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज फिर भी अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से दूर

## क्या किसी बड़े हादसे के इंतजार में है खीरी पुलिस

■ जनपद बागपत की पीड़िता एक माह से लखीमपुर रुकी, पति की बेरूखी ससुरालियों की प्रताड़ना से आहत पीड़िता जाए तो जाए कहां

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी/बागपत।** पति और ससुरालियों की प्रताड़ना से त्रस्त एक महिला ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पीड़ता का कहना है कि वह पिछले दो वर्षों में कई बार गर्भवती हुई, लेकिन पति और देवरों ने दवा खिलाकर गर्भपात करवा दिया। उस पर लगातार यौन शोषण, मारपीट और जानलेवा हमले किए गए। बागपत और लखीमपुर-खीरी दोनों जिलों में संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न होना स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।

### कैसे शुरू हुई पीड़ा की दास्तान

पीड़िता मूल रूप से बागपत जिले के थाना सिसाना क्षेत्र की रहने वाली है। अगस्त 2023 में वह हरियाणा की एक कंपनी में काम करती थी। वहीं उसकी मुलाकात लखीमपुर-खीरी जिले के फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम सैदापुर निवासी अरविंद सिंह से हुई। पीड़िता का आरोप है कि 4 सितंबर 2023 को अरविंद ने उसे अपने किराए के कमरे मूर्थल (हरियाणा) बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद जबरन यौन शोषण किया। जब पीड़ता ने पुलिस में तहरीर देने की कोशिश की तो अरविंद ने शादी का झांसा देकर चुप करा दिया।

### शादी, गर्भवती और फिर जबरन गर्भपात




पीड़िता का कहना है कि अरविंद ने मंदिर में सिंदूर भरकर शादी का नाटक किया और उसे अपने छोटे भाई लोकेन्द्र के साथ कमरे में रखकर रहने लगा। कुछ ही समय बाद वह गर्भवती हुई। आरोप है कि गर्भवती होने की जानकारी मिलते ही अरविंद और उसका भाई लोकेन्द्र ने खाने में दवा मिलाकर उसे गर्भपात करा दिया।
27 अक्टूबर 2024 को जबरन बत्रा हॉस्पिटल, सोनीपत में उसका गर्भ साफ करवाया गया, जिसके दस्तावेज पीड़ित के पास मौजूद हैं।

### ससुराल पहुंचने पर भी नहीं मिला सुकून

सितंबर 2024 में पीड़िता अपने पति के साथ ससुराल सैदापुर (खीरी) आई और करीब 18 दिन रही। इस दौरान वह फिर गर्भवती हो गई। लेकिन यहां भी ससुराल में उसे जेठ और देवरों की गंदी नीयत, मारपीट और प्रताड़ना झेलनी पड़ी।
पीड़िता ने बताया कि देवर अरुण कई बार उसके कमरे में जबरन घुसने की कोशिश करता था। विरोध करने पर भी पति ने उसका साथ नहीं दिया। आहत होकर वह वापस हरियाणा लौट गई।

### लगातार जानलेवा हमले

**28 अप्रैल 2025:** पति अरविंद ने गैस सिलेंडर की पाइप खोलकर उसे जलाकर मारने की कोशिश की।

**1 जून 2025:** बागपत जाते समय लखीमपुर में बस स्टेशन के पास अरविंद ने उस पर चाकू से प्राणघातक हमला किया। इस घटना का मुकदमा थाना बागपत में दर्ज हुआ।

**10 नवम्बर 2024 और 2 जून 2025:** कई बार पति और उसके भाइयों ने उसे कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की और शोषण किया।

### एफआईआर दर्ज, पर कार्रवाई शून्य

पीड़िता का कहना है कि अब तक दो जिलों में अलग-अलग गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए हैं।
**थाना बागपत में मु.अ.सं. 272/2025:** प्राणघातक हमले का मुकदमा।
**महिला थाना लखीमपुर-खीरी में मु.अ.सं. 428/2025:** धारा 69, 77, 89, 115(1), 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा।
इसके बावजूद पुलिस ने अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

### पीड़िता का दर्द

**पीड़िता ने कहा-**
दो वर्षों में तीन बार मैं गर्भवती हुई, लेकिन हर बार मेरे पति और देवरों ने दवा खिलाकर मेरा बच्चा मार दिया। मुझे बार-बार जान से मारने की धमकी दी जाती है। ससुराल में घुसने तक नहीं दिया जाता। अगर मुझे कुछ हो जाता है तो इसके जिम्मेदार केवल मेरे पति अरविंद और उसके परिवार वाले होंगे।

### पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

गैर-जमानती धाराओं में मुकदमे दर्ज होने के बावजूद अब तक गिरफ्तारी न होना प्रशासन की लापरवाही दर्शाता है। आरोपी खुलेआम पीड़िता को धमकियां दे रहे हैं- **हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगी।**
पीड़िता अब न्याय की उम्मीद में पुलिस अधीक्षक और उच्च अधिकारियों के चक्कर काट रही है। सवाल यह है कि क्या पुलिस इस गंभीर मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करेगी या फिर पीड़िता यूं ही न्याय के लिए भटकती रहेगी?

# बिजुआ में डॉक्टर की लापरवाही से बच्चे की मौत

## गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

भीरा थाना क्षेत्र में एक बिना लाइसेंस वाले चिकित्सक की लापरवाही से 4 वर्षीय बच्चे की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना 6 सितंबर की है। पीड़िता गीता देवी अपने दोनों बच्चों करण (7) और अर्जुन (4) को उल्टी-दस्त की शिकायत पर एक चिकित्सक के पास ले गई थी। चिकित्सक ने बिना जांच के दोनों बच्चों को इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन के बाद दोनों बच्चों की हालत बिगड़ने लगी।
परिवार ने चिकित्सक को दोबारा बुलाया। लेकिन उसने देखने से मना कर दिया। रविवार सुबह हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिवार बच्चों को बिजुआ सीएचसी ले जा रहा था। रास्ते में ही अर्जुन की मौत हो गई। करण की हालत गंभीर होने के कारण उसे ओएल ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। चिकित्सक ने गांव वालों के साथ मिलकर अर्जुन के शव को बिना कफन के खेत में दफना दिया। मां के विरोध के बावजूद किसी ने उसकी नहीं सुनी।
गीता देवी ने थाने में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। चिकित्सक ने स्वीकार किया कि वह डॉक्टर नहीं है। उसने सिर्फ सीएमएस ईडी का कोर्स किया है। उसका कहना है कि वह एक हफ्ते पहले दुर्घटना में घायल हुआ था। पसलियों में चोट के कारण मरीजों को नहीं देख रहा था। भीरा थानाध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिली है। आरोपी को बुलाया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# लाठी लेकर तेंदुए को दौड़ाया: दो बकरी और एक कुत्ते को खेत में खींचा, वन विभाग लोकेशन ढूंढ रहा

**लखीमपुर खीरी।** निघासन तहसील क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में हैं। तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के रन नगर गांव के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। वहीं ग्रांट नंबर 12 गांव में एक तेंदुआ घर में घुस गया जिसे ग्रामीणों ने लाठी डंडे से खदेड़ दिया रन नगर गांव के रहने वाले ओमकार सिंह ने बताया कि बीती रात गांव निवासी नरेंद्र सिंह के घर में घुसा तेंदुआ कुत्ते को घर से खींच के ले गया वहीं रननगर के रहने वाले साहब के खेत से दो बकरियां खींच कर गन्ने के खेत में घुस गया।गांव के छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं ऐसे में तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत बनी हुई है। उन्होंने मांग की की जल्द ही वन विभाग तेंदुए को पकड़े। उत्तर निघासन वन रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि टीम भेजी जा रही है, तेंदुए की लोकेशन का पता लगाया जा रहा है।

# सभी गन्ना समितियों पर लगेगा सट्टा प्रदर्शन मेला: संजय सिंह गंगवार



■ जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने मंत्री से भेंट कर जिले की गतिविधियों की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गन्ना किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों पर सट्टा प्रदर्शन मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग) संजय सिंह गंगवार ने कहा कि इस मेले के माध्यम से किसानों को न केवल प्राथमिक कैलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा, बल्कि उसमें पाई जाने वाली त्रुटियों को भी सुधरवाया जा सकेगा। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने मंत्री से भेंट कर जिले की गतिविधियों की जानकारी दी। मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी गन्ना किसानों को अनिवार्य रूप से प्राथमिक कैलेंडर उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी किसान को कैलेंडर में त्रुटि मिले तो वह समिति स्तर पर लगने वाले सट्टा प्रदर्शन मेले में उसे सुधार सकेगा।

### जिलेभर में मेले की तिथियां हुई तय

मंत्री गंगवार ने बताया कि प्रत्येक समिति पर 7 से 10 दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला आयोजित होगा। सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर में 16 सितम्बर से, बीसलपुर एवं मझोला में 18 सितम्बर से, तथा पीलीभीत में 19 सितम्बर 2025 से मेला प्रारंभ होगा।

### आधुनिक तकनीक से होंगे किसान अवगत

मेले में ग्रामवार, सर्किलवार एवं चीनी मिलवार स्टाल लगाए जाएंगे। किसानों को आधुनिक गन्ना खेती, उन्नतिशील किस्में, बुवाई की विधियां, पोषक तत्व प्रबंधन, जल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, शरदकालीन गन्ना बुवाई तथा सहफसली खेती की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और केंद्र व राज्य सरकार की अन्य किसान हितैषी योजनाओं का भी व्यापक प्रचार-प्रसार होगा।

### डिजिटल गन्ना पर्ची से जुड़ी जानकारी

मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के उपरांत किसानों के कैलेंडर को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके आधार पर किसानों को डिजिटल गन्ना पर्ची जारी होगी। किसान भाई अपनी पर्ची और अन्य आंकड़े Enquiry.caneup.in तथा E-Ganna App पर देख सकेंगे। साथ ही टोल फ्री नंबर 18001213203 पर किसी भी समय जानकारी ले सकेंगे।

### व्यवस्थाओं पर विशेष जोर

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले किसानों के लिए पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए।इस अवसर पर सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के सचिव प्रदीप अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को राजस्व विभाग ने बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



**हजारा।** नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ ने ग्रामीणों का जीवन बेहाल कर दिया था अब बाढ़ का पानी उतर गया है मगर दुश्वारियां अब भी बरकरार हैं। तहसीलदार प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की सुध लेते हुए बाढ़ पीड़ितों में लगातार बाढ़ राहत सामग्री का वितरण करा है।इसी क्रम में रविवार को भी नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में राहत सामग्री का वितरण किया गया है।
यहां बता दें कि पहाड़ों और मैदानी भागों में लगातार हो रही बारिश और बनबसा बैराज से शारदा नदी में लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी में उफान आ गया था और बाढ़ का पानी ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव को अपने आगोश में ले लिया था जिस कारण ग्रामीणों के सामने तमाम परेशानियां खड़ी हो गई थी अब बाढ़ का पानी ग्रामीणों के घरों और रास्तों से उतर गया है मगर बाढ़ के बाद की परेशानी अब भी बरकरार हैं। पूरनपुर तहसील प्रशासन के द्वारा हजारा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों की लगातार निगरानी करते हुए पीड़ितों को बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में रविवार को भी नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया गया है। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने में रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष व उनकी टीम की अहम भूमिका निभा रही है। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बाढ़ राहत सामग्री वितरण के दौरान पूरनपुर तहसील के तहसीलदार आशीष गुप्ता एवं नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम शास्त्री नगर, बैल्हा, टांगिया, सिद्ध नगर, बाजार घाट में बाढ़ राहत सामग्री कीट वितरण किया गया जिसमें रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, मंडल महामंत्री सत्य प्रकाश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राम प्रवेश कनौजिया, मंडल मंत्री देवानंद सिंह, मंडल मंत्री रोशन लाल प्रजापति, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल गुप्ता के अलावा लेखपाल प्रधान एवं अन्य दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

### बाइक में टक्कर मारने वाले कार चालक पर रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। थाना माधो टांडा क्षेत्र के गांव सबलपुर मु. रमपुरा फकीरे के रहने वाले धर्मेंद्र सिंह पुत्र सोबरन सिंह गांव के ही हरीदर्शन पुत्र बालक राम के साथ 4 सितंबर को बाइक से पूरनपुर आए थे। काम निपटाने के बाद दोनों बाइक से घर वापस जा रहे थे। कलीनगर रोड पर गांव तकिया दीनारपुर के पास अनियंत्रित गति से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में धर्मेंद्र सिंह और हरीदर्शन गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कार चालक मौके से फरार हो गया। धर्मेंद्र सिंह और हरी दर्शन को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इसमें धर्मेंद्र सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने धर्मेंद्र सिंह के भाई राजेश सिंह की तहरीर पर कार चालक जयदेव सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खाना लेने गई किशोरी की सांप के डसने से मौत

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। थाना घुंघचाई के गांव पुन्नापुर टांडा के रहने वाले लाला राम का मकान मिट्टी का बना हुआ है। रविवार को उनकी बड़ी बेटी सलोनी (13) अलमारी से खाना निकालने गई। इस दौरान सलोनी के पैर में जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन उसे झाड़ फूंक के लिए ले गए। वहां हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लाया गया। डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। लालाराम ने बताया कि उन्होंने आवास के लिए आवेदन किया था लेकिन कुछ लोगों ने उसे निरस्त करा दिया। वह कच्चे मकान में परिवार सहित गुजर बसर करते हैं। सलोनी उनकी चार बच्चों में सबसे बड़ी बेटी थी।

### दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की हुई मौत, पत्नी घायल

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी। मजगई एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है,जिसमें मझगई थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव के निकट पति-पत्नी की बाइक टैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। दोनों पीलीभीत से अपनी ससुराल सिसवारा गदियाना अंतिम संस्कार में शामिल होने आ रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान पति की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी का इलाज चल रहा है। मृतक सहिमुद्दीन निवासी थाना पुरनपुर के गांव नजीरगंज जिला पीलीभीत 25 साल अपनी पत्नी के साथ अपनी पत्नी की बुआ के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सिसवारा गदियाना आ रहा था, मझगई थाना क्षेत्र के मोतीपुर के निकट रोड पर चल रहे ट्रैक्टर डनलप से जोरदार टक्कर हो गई, हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के दौरान पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी सायमा बानो को ईलाज चल रहा हैं वहीं डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया है मृतक सहिमुद्दीन की शादी पिछले साल सराजूदीन की लड़की के साथ हुई थीं एक साथ हुई दो मौतें ने परिवार को हिला कर रख दिया हैं। पुलिस ने डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है मृतक का अंतिम संस्कार पैतृक गांव नजीरगंज जिला पीलीभीत में होगा।

### बीस लाख लेकर जमीन विक्रेता रजिस्ट्री कार्यालय से गायब

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। जमीन बिक्री के लाखों रुपए लेने के बाद दंपति रजिस्ट्री कार्यालय से अपने बेटे के साथ घर चले गए। खरीदार ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। नगर की सुधीर कॉलोनी के रहने वाले अनिल कुमार मिश्रा ने हरवेंद्र सिंह पुत्र करनैल सिंह सुखराज पत्नी हरवेंद्र सिंह निवासी हरीपुर जटपुरा से लगभग 3 एकड़ जमीन का सौदा 30 लाख में किया। विक्रेता ने जमीन बिक्री से पहले ही बैंकों का ऋण चुकता करने का आश्वासन दिया। अनिल मिश्रा ने बैंक और नकद के माध्यम से 2050000 रुपए हरवेंद्र सिंह को भुगतान कर दिए। 16 जून को जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए अनिल मिश्रा ने 194000 के ई स्टाम्प खरीद कर विक्रय पत्र तैयार करा लिया। उन्होंने पंजीकरण कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर दिया। आरोप है इसके बावजूद हरवेंद्र सुखराज कौर ने अगले दिन जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात कही। आरोप है रुपए लेने के बाद सुखराज कौर और हरवेंद्र के मन में बेइमानी आ गई। वह रजिस्ट्री करने में टालमटोल करने लगे। रजिस्ट्री कार्यालय में सुखराज कौर हरविंदर और उनका बेटा तेजेंद्र सिंह कुछ देर में आने की बात कह कर चले गए।उसके बाद वापस रजिस्ट्री कराने नहीं आए। अनिल मिश्रा ने उनके घर जाकर कहा तो उन्होंने अगले दिन रजिस्ट्री करने की बात कही। तब से लगातार अनिल मिश्रा संपर्क कर कहते रहे लेकिन रजिस्ट्री नहीं कराई गई।

# संजय सिंह गंगवार ने किया खमरिया पुल मेले का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार को खमरिया पुल के समीप लगने वाले ऐतिहासिक सिद्ध बाबा मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर सर्वजन कल्याण की प्रार्थना की।
मेले में उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिकआयोजन हमारी सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भावना को मजबूत करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मेलों की परंपरा समाज को जोड़ने और आस्था को सुदृढ़ करने का माध्यम है।राज्य मंत्री के आगमन पर मेला समिति व क्षेत्रीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मेला समिति पदाधिकारी दिनेश कुमार वैद्य, देवव्रत सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



मेले के शुभारंभ के बाद राज्य मंत्री ने खमरिया पुल क्षेत्र में एक बूट हाउस व एक होटल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद वे कनकोर पहुंचे, जहां श्री सिद्ध बाबा मेले का उद्घाटन किया। तत्पश्चात सुसियर पहुंचकर उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और ग्राम उदार, ग्राम भरा व कैमूर में ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर जनता की समस्याएं भी सुनीं। खमरिया पुल मेले में आयोजित दंगल का आनंद लेते हुए राज्य मंत्री ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने से युवाओं में ऊर्जा का संचार होता है और खेलों के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ती है।इस अवसर पर गन्ना समिति अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, अजय गोयल, चंदू शर्मा, अनिल पनसोली, ग्राम प्रधान प्रिंस, गुड्डू सुसियर, ओमप्रकाश उर्फ पप्पू खंडवारी, ग्राम प्रधान रक्षण गंगवार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं अमरिया क्षेत्र से ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह उर्फ निशांत सिंह ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# शिवम ने बिछड़े निसार को परिवार से मिलाया बेटों ने कहा शिवम ने अनाथ होने से बचाया

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

पांच दिन पहले परिवार से बिछड़े बुजुर्ग पूरनपुर पहुंच गए। समाजसेवी और गौ रक्षक शिवम भदौरिया ने उन्हें अपने संरक्षण में ले लिया। बीमार बुजुर्ग का उपचार कराया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से मिले परिवार को शिवम ने बुजुर्ग को सौंप दिया। परिजनों ने शिवम के हाथ चूमकर शुक्रिया अदा किया। शाहजहांपुर के रहने वाले बुजुर्ग निसार अहमद का दिमागी संतुलन ठीक न होने पर वह 2 सितंबर को घर से निकल आए। तीन सितम्बर को निसार अहमद पुलिस को सड़क पर घूमते मिले। पुलिस बोलने और सुनने में असमर्थ बुजुर्ग को कोतवाली लाई और उनके परिजनों को ढूंढने का प्रयास किया। बीमार होने पर पुलिस ने बुजुर्ग को सीएचसी में भर्ती कराया। परिजनों का पता न चलने पर पुलिस ने समाजसेवी और गौ रक्षक शिवम भदौरिया से संपर्क परिजनों को तलाशने में सहयोग मांगा। शिवम भदौरिया बुजुर्ग निसार अहमद को आश्रय स्थल के गए। शिवम परिजनों को ढूंढने के लिए बुजुर्ग का



वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। हालत बिगड़ने पर बीमार बुजुर्ग निसार अहमद को शिवम ने नगर के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान शिवम के पास सोशल मीडिया पर एक वीडियो काल आई। इसमें महिलाओं ने बुजुर्ग से संबंधित जानकारी दी। जैसे ही शिवम भदौरिया ने गाड़ी में बैठे बुजुर्ग को वीडियो के माध्यम से परिजनों को दिखाया तो महिलाएं फूट फूटकर रोने लगी। उन्होंने निसार अहमद को पहचान लिया। उसके बाद शिवम ने परिजनों को बुजुर्ग के बारे में बताया। पता बताने पर शनिवार को शिवम भदौरिया बुजुर्ग निसार अहमद को टीम के साथ उनके घर छोड़ने गए।शिवम ने रस्ते में परिजनों के आ जाने पर पुवायां थाने में निसार अहमद को परिजनों को सौंप दिया। बिछड़े निसार अहमद से मिलने के बाद परिजनों के आंखों में आंसू आ गए। भाई और बेटे निसार अहमद को सीने से लगाकर रोने लगे। बेटे ने शिवम का धन्यवाद करते हुए हाथ चूमे और कहा पिता से मिलवाकर उन्होंने अनाथ होने से बचा लिया। भाई बेटे और भतीजों ने शिवम के प्रयास की सराहना करते हुए बार बार धन्यवाद किया।

# डीजल छिड़क कर विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

दहेज में बाइक और नकदी न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। उसे घर से बेघर कर दिया। पति ने तलाक देने की धमकी दी। विवाहिता का आरोप है ससुराल में पति और ससुर ने डीजल छिड़ककर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला रजागंज की रहने वाली राजदा बेगम की शादी इमरान पुत्र कादिर निवासी सिमरिया ता. महाराजपुर के साथ 4 साल पहले हुई थी। आरोप है शादी के बाद से ही पति इमरान, ससुर कादिर और ननद गुलफ्सा दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वह दो लाख रुपए और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। काफी समझाने के बाद भी ससुराल वाले अपनी मांग पर अड़े रहे। उन्होंने भूखा प्यासा रखकर राजदा को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। मारपीट करते हुए मायके से दहेज लाने की मांग की। न देने पर घर में न रहने की चेतावनी दी। ससुराल से भगाने पर पंचायत के बाद राजदा फिर अपनी ससुराल पहुंची। इसके बावजूद ससुरालियों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया।उन्होंने फिर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर राजदा को घर से निकाल दिया।
बीते 7 जुलाई को इमरान विवाहिता के मायके पहुंचा और उसे विदा करा लाया। आरोप है रास्ते में इमरान ने पत्नी राजदा को तलाक देने की धमकी दी।
रात में विवाहिता अपनी पुत्री के साथ ससुराल में सो रही थी। आरोप है इस दौरान पति इमरान और ससुर कादिर ने उस पर डीजल छिड़क कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। विवाहिता किसी तरह जान बचाकर मायके पहुंची। शिक़ायत के बाद पुलिस ने एसपी के आदेश पर इमरान, कादिर और गुल्फ़सा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# छोटा हाथी वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना मुरादपुर के पास हुई बताते चलें नेमपुर गांव के रहने वाले प्रमोद कुमार पुत्र राजाराम सुबह साइकिल से मुरादपुर दवा लेने जा रहे थे। मुरादपुर के पास एक तेज रफ्तार छोटा हाथी वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रमोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।
मृतक के भतीजे रोहित आनंद ने दोपहर करीब 2 बजे लखीमपुर खीरी के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी दी।
फरार वाहन चालक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 12 मामलों में सुलह का प्रयास करके 07 जोड़े की कराई विदाई

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रविवार को महिला थाने की थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 12 परिवारिक विवादों में पक्षकारों के मध्य सुलह का प्रयास कर के 07 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है।बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला, काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 12 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 07 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, जिनमें एक मामला थाना कोतवाली सदर के अन्तर्गत मोहल्ला अयोध्या पुरी का था जिसमें पति पत्नी में विवाद पत्नी के रक्षाबंधन के त्योहार पर अधिक दिनों तक अपने मायके में रुक जाने के कारण उत्पन्न हुआ , पति अपनी पत्नी से बातचीत करना भी बंद कर दिया था, पति जनपद सीतापुर का निवासी है,पत्नी की शिकायत पर पति को बुलाकर सुलह समझौता कराया गया, थानाध्यक्ष द्वारा काउंसलिंग कराई गयी जिसमे दोनों पक्ष साथ साथ रहने के लिए तैयार हो गये और थाने से विदा होकर गये।

# पनवाड़ी में धूमधाम से निकाला गया गणेश विसर्जन, जुलूस

जन एक्सप्रेस। पनवाड़ी, महोबा



पनवाड़ी कस्बे में गणेश उत्सव का समापन धूमधाम के साथ किया गया। नगर में आकर्षक झांकियों एवं भक्ति गीतों के बीच गणेश विसर्जन जुलूस निकाला गया। पूरे कस्बे में माहौल भक्तिमय हो गया और लोग बप्पा के जयकारों के साथ जुलूस में शामिल हुए। गणेश विसर्जन के दौरान पनवाड़ी पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे, जिससे पूरे आयोजन में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

जुलूस में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंग सेना अमन शर्मा, हिमांशु अग्रवाल, राज गुप्ता, मनोज सोनी, पंकज परिहार, मोनू अग्रवाल, अनी सेठ, दीपक साहू, लोकेंद्र साहू, सिद्धार्थ अग्रवाल, शिव गुप्ता, अमन सेठ, मयंक अग्रवाल और कमलेश राठौर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गणेश विसर्जन जुलूस नगर भ्रमण कर निर्धारित घाट पर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गणपति बप्पा का विसर्जन किया और अगले वर्ष पुनः आगमन की मंगलकामनाएं कीं।

## बीमारी से पीड़ित अधेड़ की हालत बिगड़ने से मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी में काफी समय से बीमारी की मार झेल रहे अधेड़ की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुत्री ने पिता की मौत पर संदेह जताया है। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी 50 वर्षीय सुरेश कुमार काफी समय से सांस की बीमारी से पीड़ित था। उसकी पत्नी मालती वर्मा उसके साथ रहती थी जबकि इकलौती पुत्री शिल्पी की शादी हो चुकी है और भाई उमाशंकर भी दूसरे मकान में रहते थे। शनिवार की सुबह सुरेश की हालत बिगड़ी तो भाई उसे कार से इलाज के लिए सीएचसी जालौन ले गए थे। जहां पर हालत में सुधार न होने पर भाई वापस उन्हें घर लेकर आ गया था।लेकिन इसके बाद देर शाम को उनकी घर में मौत हो गई। मौत की सूचना पर घर पहुंची पुत्री शिल्पी ने संदेह जताया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैसे मजदूर की मौत बीमारी से हुई है।

# विभिन्न व्यवसाय के अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण




जन एक्सप्रेस। महोबा

उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग में चयनित विभिन्न व्यवसाय के अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा रविवार को लोक भवन स्थित आडिटोरियम में किये गये कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसके उपरान्त जनपद में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महोबा, चरखारी, खरेला एवं जैतपुर में नवनियुक्त 25 अनुदेशकों को मुख्य अतिथि विधायक राकेश गोस्वामी, जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी एवं नोडल प्रधानाचार्य अभिषेक मिश्रा के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित प्रतिनिधि को नोडल प्रधानाचार्य अभिषेक मिश्रा द्वारा, पुष्प गुच्छ भेटकर सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम के मंच का संचालन सौरभ सोनी अनुदेशक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद के संस्थानों के 25 नवनियुक्त अनुदेशक एवं संजय कुमार सिंह अनुदेशक, अजय चतुर्वेदी अनुदेशक, सुधाकर प्रजापति अनुदेशक, संजय कुमार अग्रवाल वरिष्ठ सहायक, अतीक अहमद अंसारी कनिष्ठ सहायक, रवि कुमार चैरसिया भण्डारी, रविकान्त तिवारी अनुदेशक, मनीष कुमार यादव अनुदेशक, अजीत कुमार सिंह, अनुदेशक, नन्द किशोर च0श्रे0 आदि आई0टी0आई के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें। यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अभिषेक मिश्रा ने दी।

## विदेश में नौकरी का झांसा...12 राज्यों में 1500 लोगों से तीन करोड़ की ठगी

जन एक्सप्रेस। आगरा

गैंग फर्जी ऑफर लेटर और वीजा बना कर देते थे। जब तक लोगों को पता चलता था तब तक आरोपी ऑफिस बंद कर भाग जाते थे। गैंग ने 12 से अधिक राज्यों के तकरीबन 1500 लोगों से तीन करोड़ की ठगी की है। विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। आरोपियों की जानकारी प्रतिबिंब पोर्टल पर भी डाली जाएगी। इससे यह पता चल सकेगा कि उन्होंने कितनी जगह और किस तरह का अपराध किया है। आरोपियों के बैंक खातों को चेक किया जा रहा है। मोबाइल का डाटा भी चेक किया जाएगा। साइबर सेल की टीम इसके लिए लगाई गई है। थाना हरीपर्वत पुलिस ने शुक्रवार को फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी से दिल्ली के थाना मधु विहार निवासी अंकित गुप्ता और रजनी कांत उर्फ लल्ला, ज्योति कॉलोनी शहादरा निवासी विजय कुमार, थाना मंडावली निवासी विशाल मेहता, दुर्गा गली बाबरपुर शहादरा निवासी राजेश शर्मा, बलवीर एक्सटेंशन निवासी नवनीत जैन और गाजियाबाद के थाना नंदग्राम निवासी हेमंत शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी लोगों को विदेश में नौकरी का झांसा देते थे। वीजा दिलवाने के नाम पर 45000 रुपये तक ले लेते थे। फर्जी ऑफर लेटर और वीजा बना कर देते थे। जब तक लोगों को पता चलता था तब तक आरोपी ऑफिस बंद कर भाग जाते थे। उन्होंने 12 से अधिक राज्यों के तकरीबन 1500 लोगों से तीन करोड़ की ठगी की है।

# दूसरे दिन सुरक्षा व्यवस्था में सकुशल व नकलविहीन संपन्न हुई पीईटी-2025 परीक्षा

जन एक्सप्रेस। उरई

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET-2025) जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

दो दिवसीय परीक्षा के दौरान कहीं से भी गड़बड़ी या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने छत्रसाल इंटर कॉलेज जालौन, जालौन बालिका इंटर कॉलेज, श्री बेनी माधव तिवारी इंटर कॉलेज आटा तथा ब्रज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल सहित




विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पारदर्शिता और अनुशासन की स्थिति से संतोष जताया। डीएम ने कहा कि नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित परीक्षा आयोजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, और इसमें सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों का बेहतर समन्वय देखने को मिला। जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षा शांति एवं सुचारु रूप से हुई। प्रथम पाली में औसतन 6,672 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4,407 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 2,265 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 4,507 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई और 2,165 अनुपस्थित पाए गए।परीक्षा का अंतिम दिन भी पूरी तरह शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बेटी की शादी के लिए रखे कीमती आभूषण व नगदी समेट ले गए चोर

जन एक्सप्रेस। उरई

आटा थाना के अटरिया में देर रात घूमी चोरों की बारात ने एक गरीब ड्राइवर के घर को निशाना बना लिया। जहां से चोर बेटी की शादी के लिए रखे कीमती आभूषण व नगदी समेटकर रफूचक्कर चक्कर हो गए।

आटा थाना के अटरिया गांव निवासी सन्जू बाहर रहकर ड्राइविंग करता है। कुछ महीने पूर्व उसने अपनी बेटी की शादी तय की थी। शनिवार की रात पूरा परिवार रोज की तरह गृहस्थी वाले कमरे में ताला लगाकर सो रहा था। तभी देर रात छत के रास्ते चोर घर में घुस गए और इसके बाद चोरों ने गृहस्थी वाले घर की कुंडी तोड़ दी। जहां से चोर अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, कानो के बाले, झुमकी, हाथों के कड़े और 20 हजार की नगदी पार कर फरार हो गए। जब सुबह परिवार के सदस्यों की आख खुली और कमरे का ताला खुला और अन्दर बिखरा पड़ा सामान देखा तो उनके होश उड़ गए।

बताया कि सिर्फ एक चांदी की चीज मिली है। जिसके बाद सूचना आटा पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आगे की कार्यवाही शरू की। सन्जू के भाई मेम्बर ने बताया कि पूरा सामान बिटिया की शादी के लिए रखा था। मामले में थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली थी। घटना की जाच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही इसका पर्दाफाश किया जाएगा।

## हाईवे पर रफ्तार का कहर, ट्रक की टक्कर से दो की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम शहीद नगर निवासी सेवाराम व माता प्रसाद उर्फ कल्लू 35 वर्ष रविवार को बाइक से उरई आ रहे थे। बताया गया कि जैसे ही उनकी बाइक शहर कोतवाली क्षेत्र में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गोविन्दम होटल के सामने पहुंची। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़े और घायलों को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी अंजन कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि पुलिस ने घटनास्थल पर खड़े ट्रक को कब्जे में ले लिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# महोबा में हुआ जिला क्रिकेट एशोसियेशन का गठन

जन एक्सप्रेस। महोबा

महोबा में पहली बार जिला क्रिकेट ऐशोसियेशन का गठन उत्तर प्रदेश क्रिकेट ऐशोसियेशन के तत्वाधान में किया गया। महोबा जिला क्रिकेट ऐशोसियेशन का प्रमुख्या उद्देश जनपद के बच्चों की प्रतिभा को प्रदेश स्तर पर पहुंचाना है। अब जनपद के प्रतिभावान बच्चों को अन्य जनपदों पर निर्भर नही रहना पडेगा। वह यही पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदेर्शन कर प्रदेश स्तर पर पहुंच सकेंगे।



उत्तर प्रदेश क्रिकेट ऐशोसियेशन के तत्वाधान में महोबा जिला क्रिकेट ऐशोसियेशन संघ का गठन किया गया। ऐशोसियेशन के संरक्षक प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा को बनाया गया तथा अध्यक्ष की जिम्मेदारी विनीत त्रिवेदी को सौपी गई। कार्यकारिणी के अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी ने सचिव का दायित्व रघुवंश रवि शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ0 रिषि चौरसिया, सह सचिव मुबीन अंसारी, आकाश गोस्वामी, कोषाध्यक्ष श्रीमती विजयश्री, समिति के सदस्य श्रीमती सुनील चौरसिया, श्रीमती नीताशर्मा, श्रीमती माला उपाध्याय, नीरज चंसौरिया, ओमप्रकाश उपाध्याय, प्रवेन्द्र सिंह चौहान , धीरेन्द्र कुमार, सिद्धार्थ पटेरिया, धर्मेन्द्र वर्मा को सौपा गया।

इस दौरान अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी ने बताया कि अब जिले के क्रिकेट खिलाडियों अण्डर 19, अण्डर 16 और अण्डर 14 को महोबा जिले की ही ऐलेजीविल्टी पर खेलने का मौका मिलेगा। जिससे इन खिलाडियों को अन्य जिलों में पलायन करने की जरुरत नही पड़ेगी।

विनीत त्रिवेदी ने बताया कि महोबा क्रिकेट संघ के पास दो क्रिकेट ग्राउण्ड टर्फ विकेट के साथ है, जिसमें उच्च स्तरीय खेल की सारी सुविधायें है। जिसमें से एक ग्राउण्ड दूरदर्शन टावर के पीछे तथा दूसरा ग्राउण्ड मामना रोड पर स्थित है। दोनों मैदानों में कोच की सुविधा भी उपलब्ध है।

## टाटा सफारी में लगी आग, टोलकर्मियों ने आग पर पाया काबू

जन एक्सप्रेस। उरई

आटा टोल प्लाजा पर टाटा सफारी गाड़ी में अचानक आग लग गई। इस दौरान मौके पर पहुंचे टोल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाते हुए बड़ी घटना को टाल दिया।

उरई से कालपी जा रही टाटा सफारी कार जैसे ही आटा टोल प्लाजा पार कर आगे बढ़ी। तभी उसकी बैटरी में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया।

इसके साथ ही एक जोरदार धमाके की आवाज आई और गाड़ी में आग लग गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और टोलकर्मी इंचार्ज सुरेश वर्मा, शिफ्ट इंचार्ज विपिन तिवारी, गनमैन विजय व मोहित यादव मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी को किनारे लगाकर अग्निशमन यंत्रों से तुरंत आग बुझाने में जुट गए। फिलहाल कार आग का गोला बन पाती तब तक टोलकर्मियों की सक्रियता के चलते आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा होते होते बच सका है।

## चोरों की सूचना पर पहुंची पुलिस, ग्रामीणों ने दो को दबोचा

जन एक्सप्रेस। उरई



कुठौंद थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में घूम रहे दो संदिग्ध को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गिरफ्तार कर लिया है।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर से ग्रामीणों ने गांव में चोर होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन दोनों मौके से भाग खड़े हुए। इस दौरान गांव में हल्ला मच गया और पुलिस के साथ ग्रामीणों ने दोनों युवकों को खदेड़ना शुरू कर दिया। बताया गया कि पुलिस और ग्रामीणों ने घेरकर दोनों को खेतों पर पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों लोगों की जब तलाशी ली गई तो एक के पास से तमंचा बरामद हुआ और दूसरे के पास से एक चाकू बरामद किया गया। ग्रामीणों का कहना कि दोनों युवक संदिग्ध परिस्थितियों में चहल कदमी कर रहे थे। तभी पुलिस को सूचना दी है। ग्रामीणों का मानना कि पकड़े गए युवक जानवरों की रेकी करने आए थे और बाद में देर रात्रि चोरी की घटना को अंजाम दे देते। पूर्व में गांव में अभी तक कई लोगों की भैंस चोरी हो चुकी है, जिसका आज तक कोई पता नहीं चला है।मामले में थानाध्यक्ष अरुण कुमार राय का कहना है कि दो संदिग्ध युवकों की सूचना पर पुलिस पहुंची मौके दोनों को पकड़ा गया है। बताया कि दोनों ही युवक औरैया जिला के अयाना थाना के रहने वाले है, और दोनों युवकों के पास से तमंचा और चाकू मिला है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, दोनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## वांछित 25 हजार का इनामिया लगा पुलिस के हांथ

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर थाना पुलिस ने सूचना पर लंबे समय से गंभीर मामलों में फरार चल रहे 25 हजार के इनामियां को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जनपद हमीरपुर के थाना मुस्करा क्षेत्र के ग्राम गहरौली निवासी हरवेंद्र उर्फ अर्जुन राजपूत कहीं भागने की फिराक में था। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर डकोर थाना निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह व उपनिरीक्षक विश्राम सिंह की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि हरवेंद्र उर्फ अर्जुन राजपूत के खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था।

उसके खिलाफ डकोर थाने में 17 अप्रैल को हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 24 अप्रैल को उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपित की गिरफ्तारी के बाद उसे थाने लाकर पूछताछ की गई और आवश्यक कार्रवाई पूरी कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## 150 करोड़ से शहर की छह सड़कों का होगा निर्माण

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



अलीगढ़ शहर की छह सड़कों की सूरत बदलने वाली है। साढ़े नौ किलोमीटर की इन सड़कों पर करीब 150 करोड़ लगेंगे। जिसकी पहली किस्त 53.43 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना से अलीगढ़ शहर की छह सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। लगभग साढ़े नौ किमी लंबी इन सड़कों के निर्माण पर करीब 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सीसी रोड के साथ पथ प्रकाश, फुटपाथ के निर्माण के साथ ही पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। शासन ने 53.43 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने 6 सितंबर को एक्सईएन निर्माण बिजेंद्र पाल सिंह व अन्य अभियंताओं के साथ सड़कों का निरीक्षण किया। कालीदह से अवतार नगर व भुजपुरा बाईपास पर अतिक्रमण मिला। इसे हटाने का निर्देश दिया है। कालीदह मरघट से अवतार नगर को जाने वाली सड़क पर बहाव व ढलाव के कारण जलभराव की स्थिति मिली। नगर आयुक्त ने यहां पंपिंग स्टेशन की कार्य क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ इसके ढलाव को सही से निर्माण कराने को कहा।

# सीएम ने किया सारसौल बस स्टैंड निर्माण का शिलान्यास, 30 इलेक्ट्रिक बसों की दी सौगात

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ शहर में सारसौल पर एयरपोर्ट की तर्ज पर बनने जा रहे सेटेलाइट बस स्टैंड का निर्माण अब जल्द शुरू होगा। 6 सितंबर को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी ने इसका शिलान्यास किया। सीएम ने अलीगढ़ परिक्षेत्र को 30 नई इलेक्ट्रिक बसों की भी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनका संचालन अलीगढ़ परिक्षेत्र में विभिन्न रूटों पर किया जाएगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली बसों में उन्होंने 20 प्रतिशत तक किराया कम करने का भी ऐलान किया है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पीपीपी मॉडल पर



निर्मित होने वाले सारसौल-रसूलाबाद बस स्टैंड का शिलान्यास किया है। यह दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। सारसौल सूत मिल चौराहा पर बस स्टेशन पीपीपी मॉडल पर बनेगा। बस स्टेशन एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा। यहां हाई क्लास सुविधाएं मिलेंगी। पीपीपी मॉडल पर विकसित इन बस अड्डे को बसपोर्ट के नाम से भी जाना जाएगा। करीब 18,982 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 128 करोड़ की लागत से इसका कायाकल्प होगा। पीपीपी मॉडल से बनने वाले इस मल्टी स्टोरी बस स्टैंड की भव्यता देखते ही बनेगी। बस टर्मिनल निर्माण के लिए विकासकर्ता फर्म को 02 वर्ष की अवधि का समय दिया गया है। बस अड्डे में कैफिटेरिया बनाया जाएगा। चालक-परिचालक को आराम करने के लिए वातानुकूलित कमरे भी बनाए जाएंगे।

वाहनों की पार्किंग की सुविधा होंगी। अंडरग्राउड पार्किंग, डिजिटल वर्कशाप, एटीएम, दुकानों सहित यात्रियों के आराम के लिए एसी एवं बिना एसी प्रतीक्षालय बनाएं जाएंगे। यहां रिटेल आउटलेट्स, मल्टीप्लेक्स की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। आरएम ने बताया कि बस स्टेशन के निर्माण की अवधि में बसों का संचालन मसूदाबाद बस स्टैंड से अथवा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किया जाएगा। ताकि यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## 10 को भारत का पहला मैच, मिल सकता है रिंकू को खेलने का मौका

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

14 सितंबर को बहुप्रतीक्षित भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। रिंकू सिंह के भारतीय क्रिकेट टीम में इस दौरे के लिए चुने जाने से अलीगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य रिंकू सिंह एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंच गए हैं। 9 सितंबर से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के साथ होगा। रिंकू को पहले मैच में ही टीम में खेलने का मौका मिल सकता है। 14 सितंबर को बहुप्रतीक्षित भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। रिंकू सिंह के भारतीय क्रिकेट टीम में इस दौरे के लिए चुने जाने से अलीगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि रिंकू इस दौरे पर अपने बल्ले से रनों की बरसात करेंगे। इस दौरे से पहले रिंकू ने यूपी टी-20 लीग में जबरदस्त प्रदर्शन किया है और एक शतक अपने नाम किया है। यह रिंकू का यूपी टी-20 लीग में पहला शतक है। पूरे टूर्नामेंट में रिंकू ने 62 के औसत से 9 मैच में 372 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्ध शतक भी शामिल हैं। इसको देखते हुए क्रिकेट प्रेमियों को रिंकू से एशिया कप में भी उम्मीदें बढ़ गई हैं। रिंकू के कोच मसूद अमीनी कहते हैं कि रिंकू इस समय अपने सबसे अच्छी फार्म में हैं। एशिया कप में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गौरतलब है कि रिंकू सिंह का जन्म 12 अक्तूबर 1997 को अलीगढ़ के बेहद साधारण परिवार में हुआ था।

# विधायक ने किया विवाह भवन का भूमि पूजन, ग्रामीणों को दिया बड़ा तोहफ़ा

- 3.50 करोड़ की लागत से बनेगा भवन, आसपास के आठ–दस गांवों को होगी सुविधा

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**



जनपद के सिसवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरपुर पकड़ी में शनिवार को बहुप्रतीक्षित विवाह भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय भाजपा विधायक प्रेमसागर पटेल ने विधि-विधान से शिलान्यास कर ग्रामीणों को विकास का नया तोहफ़ा दिया है। भूमि पूजन कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ।

विधायक का आगमन दोपहर 12:25 बजे आयुष्मान आरोग्य मंदिर/एन.एम सेंटर हरपुर पकड़ी में हुआ। यहां स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा विधायक का ब्लड प्रेशर जांचा गया। इसी दौरान केंद्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिस पर विधायक ने तत्काल सिसवा एमओआईसी को फोन कर स्वास्थ्य केंद्र में इन्वर्टर लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद विधायक श्री पटेल ने भूमि पूजन कर विवाह भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता गांवों का सर्वांगीण विकास है। 3.50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विवाह भवन न केवल हरपुर पकड़ी बल्कि आसपास के आठ-दस गांवों के लोगों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को सामाजिक आयोजनों के लिए दूर-दराज भटकना नहीं पड़ेगा।

भवन निर्माण की जिम्मेदारी एस.एस. इंफ्राजोन कंपनी को सौंपी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि निर्धारित समय सीमा में भवन का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

विधायक प्रेमसागर पटेल ने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। हरपुर पकड़ी में विवाह भवन का भूमि पूजन ग्रामीणों के लिए एक ऐतिहासिक पल साबित हुआ, जो आने वाले समय में सामुदायिक जीवन को नई दिशा देगा। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रदीप मिश्रा, सचिव राहुल सिंह सहित क्षेत्र के सम्मानित प्रधानगण, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## भागलपुर में फोरलेन के लिए सरयू पर पुल का निर्माण शुरू

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

तमकुही राज से सिकंदरपुर तक बनने वाली फोरलेन सड़क के लिए सरयू नदी पर नए पुल का निर्माण शुरू हो गया है। पुल में 19 खंभे होंगे। इसकी लागत करीब 300 करोड़ रुपये है। पुराना पुल जर्जर होने के चलते दो साल से हाइट गेट बैरियर लगाकर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। नया पुल बन जाने से भारी वाहनों सहित छोटे वाहनों को रफ्तार मिलेगी। बलिया-देवरिया को फोरलेन सड़क से जोड़ने के लिए बलिया जिले के सिकंदरपुर से कुशीनगर जिले के तमकुहीराज तक फोरलेन सड़क का निर्माण चल रहा है। भागलपुर में सरयू नदी पर 25 साल पहले बना पुराना पुल 110 टन भार क्षमता का था। इसकी भार वाहन शक्ति वर्तमान में और कम हो गई है। पुराने जमाने का पुल होने व कंटीलीवर जर्जर हो जाने के कारण भारी वाहनों का आवागमन बंद है। वाराणसी बलिया बक्सर से गोरखपुर, बिहार, नेपाल की यात्रा करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का डीएम ने किया अवलोकन

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु संबंधित मातहतों को दिए आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बागापार पहुंचकर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले में आए मरीजों से बातचीत की और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्वास्थ्य जांच एवं उपचार संबंधी सेवाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, लैब जांच और अस्पताल में भर्ती मरीजों की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की।

साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मरीजों को समय पर दवाएं और उपचार उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए लगातार निगरानी की जाएगी। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वे नियमित रूप से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करें। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्रत्येक रविवार को जनपद के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

# मैक्स सिटी हॉस्पिटल बना गरीबों का सहारा

- 10 साल में 7 महिलाओं की नि:शुल्क डिलीवरी, बरगदही की रीता को दी नई जिंदगी

**जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज**



जहां अक्सर इलाज के नाम पर गरीबों की जेब खाली हो जाती है, वहीं नौतनवा का मैक्स सिटी हॉस्पिटल लगातार इंसानियत का फर्ज निभा रहा है। ताज़ा उदाहरण है ग्राम सभा बरगदही की गरीब गर्भवती महिला रीता, जिसकी न केवल निशुल्क डिलीवरी कराई गई, बल्कि उसे दवा, दूध और फल भी दिए गए।

अस्पताल के डायरेक्टर विकास दुबे के निर्देश पर रीता का सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिसने शनिवार को एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। नवजात की किलकारी ने परिवार को खुशी से भर दिया, वहीं अस्पताल के इस मानवीय कदम की चारों ओर चर्चा हो रही है। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में करीब 7 ऐसी गरीब व असहाय महिलाओं की नि:शुल्क डिलीवरी कराई गई है। यह सिर्फ इलाज नहीं बल्कि उम्मीद और इंसानियत का संदेश है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि आज के समय में जब हर चीज़ पैसों से तौली जाती है, बावजूद इसके मैक्स सिटी हॉस्पिटल का यह कदम समाज में विश्वास और मानवता को जिंदा रखे हुए है।

## छात्र-शिक्षक मिलकर विद्यालयों में बढ़ाएंगे हरियाली

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

परिषदीय विद्यालयों में अब पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर उन्हें प्रकृति के करीब रहने के फायदे भी बताए जाएंगे। इको क्लब के माध्यम से बच्चों को हरियाली का महत्व बताया जाएगा।

छात्र और अध्यापक मिलकर विद्यालय परिसर को हरा भरा बनाएंगे। साथ ही प्रकृति के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे।

जिले में 2464 परिषदीय विद्यालय संचालित होते हैं। इन सभी विद्यालयों में अब इको क्लब की गतिविधियां बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए, जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में इको क्लब का गठन तेजी से किया जा रहा है। कई स्कूलों में गठन का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुरूप 10 से 15 बच्चों को इस क्लब में शामिल किया जाता है।

# वनटांगिया ग्राम नई कोट में लगा जनकल्याण शिविर

- प्रशासन आपके द्वार के तहत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी
- सचिव की लापरवाही पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, सुधार लाने को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**



जनपद के वनटांगिया ग्राम नई कोट में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। यह नई कोट में चौथा जनकल्याण शिविर था। इससे पूर्व खुर्रमपुर, सोहगीबरवा और उसरहवा में भी शिविर आयोजित हो चुके हैं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही कई योजनाओं के लिए आवेदन भी लिए गए। जिलाधिकारी ने स्वयं ग्रामीणों से सचिव और ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की कार्यशैली पर फीडबैक लिया। सचिव की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सुधार लाने और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला विकास अधिकारी को रोस्टरवार ड्यूटी तय करने का आदेश दिया। शिविर में दो-दो स्वयं सहायता समूहों (स्वा) को आरएफ व सीआईएफ और तीन समूहों को सीसीएल प्रदान किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 219 मरीजों का परीक्षण, 38 जांच, 06 आयुष्मान कार्ड वितरण और 04 बच्चों का टीकाकरण किया गया। जिलाधिकारी ने दो बच्चों का अन्नप्राशन और दो धात्री माताओं की गोद भराई भी की। निराश्रित महिला पेंशन का वितरण और वृद्धावस्था पेंशन समेत कई योजनाओं का लाभ मौके पर दिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनकल्याण शिविर का उद्देश्य प्रशासन को लोगों के द्वार तक पहुंचाना है। शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि नई कोट में अब तक 418 किसानों को किसान सम्मान निधि, 377 ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड, 207 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, 445 को पात्र गृहस्थी, 21 को अंत्योदय कार्ड, 165 को प्रधानमंत्री आवास और 08 को मुख्यमंत्री आवास का लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का मौद्रिक मूल्य देखें तो प्रत्येक परिवार को सरकार द्वारा बड़ी आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय कर्मचारी गांवों में नियमित आएं और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता बरतने, सूचना पट्ट लगाने और पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को केवाईसी कराने पर जोर दिया।

वहीं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने ग्रामीणों से कहा कि यदि किसी पुलिस संबंधी समस्या का समाधान चाहिए तो सीधे शिविर में बताएं। उन्होंने पुलिस कर्मियों को मंच से ही निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस मौके जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया है। कार्यक्रम का संचालन जिला विकास अधिकारी बी.एन. कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, पीडी श्री रामदरश चौधरी, तहसीलदार नौतनवा कर्ण सिंह सहित जिले के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षित व्यक्ति को कभी भय नहीं लगता, उसे पता होता है, उसे उसकी शिक्षा से ही सुख मिलेगा: प्रो. सुषमा यादव

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति को कभी भय नहीं होता क्योंकि वह जहां जाएगा अपनी शिक्षा से सुख प्राप्त करेगा। यह नीति सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त शिक्षा देने की नीति है। शिक्षा का उद्देश्य हर व्यक्ति में दिव्य ज्योति जलाना व विलक्षणता को प्रकट करना है। इस नीति में स्कूलशिक्षा के बाद महाविद्यालयी शिक्षा, उसके बाद विश्वविद्यालयी शिक्षा में परिवर्तन करने पर विचार हुआ है। युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 56 वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि पर सप्तदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे दिन, रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: विकसित भारत की आधारशिला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भगतफूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत हरियाणा की पूर्व कुलपति प्रो सुषमा यादव ने कहा कि यह शिक्षा नीति शिक्षा और दीक्षा के अंतर को कम करने वाली नीति है। इस नीति में शिक्षा और दीक्षा दोनों की प्रक्रिया को विकसित करने का प्रयास किया गया है। शिक्षित व्यक्ति को कभी भय नहीं होता क्योंकि वह जहां जाएगा अपनी शिक्षा से सुख प्राप्त करेगा। यह नीति सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त शिक्षा देने की नीति है। शिक्षा का उद्देश्य हर व्यक्ति में दिव्य ज्योति जलाना व विलक्षणता को प्रकट करना है। इस नीति में स्कूलशिक्षा के बाद महाविद्यालयी शिक्षा, उसके बाद विश्वविद्यालयी शिक्षा में परिवर्तन करने पर विचार हुआ है। हर नागरिक के लिए अच्छा जीवन स्तर के साथ देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया गया है।भारत विकसित बनना चाहता है, लेकिन पर्यावरण के संतुलन के साथ। यह भारत की ही संस्कृति है कि पर्यावरण का उपयोग त्याग की भावना से किया जाता है। समाज का हर वर्ग समाज से समान रूप से जुड़ा महसूस करे ऐसी शिक्षा की बात इस शिक्षा नीति में की गई है। मुख्य वक्ता ने कहा कि शिक्षा ज्ञानमयी, रसमयी व कर्तव्यमयी इन तीन प्रकार की होनी चाहिए। इस नीति के माध्यम से पहली बार प्री स्कूलिंग की बात की गई है। मातृभाषा में शिक्षा पर बल देने के साथ ही मानविकी शिक्षा को बढ़ावा देकर एक ऐसा मानव निर्माण करना है जो साहित्य, संगीत और कला से भी युक्त होकर पूर्ण मानव बन सकें। इस नीति में स्नातक स्तर से ही शोध करने तथा उच्च गुणवत्ता युक्त शोध के लिए विशेष अनुदान देने का प्रावधान भी किया गया है। शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयता के लिए इस नीति में प्रस्ताव रखा गया है। यह नीति मानव मन के अनुरूप नवाचारों, सृजनात्मकता, तथा रचनात्मकता को बढ़ावा देने की नीति है। इसलिए, कहा जा सकता है कि यह नीति निश्चित ही विकसित भारत की आधारशिला है। विशिष्ट वक्ता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, प्राणी विज्ञान के पूर्व अध्यक्ष प्रो डी के सिंह ने कहा कि तेजी से बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। छात्रों को डिजिटल शिक्षा के साथ-साथ भारतीय भाषाओं में भारतीय ज्ञान परंपरा की शिक्षा इस नीति का केंद्र बिन्दु है।

## विस चुनाव की तैयारी में जुटें सपा कार्यकर्ता

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

सेवरही के एक लॉन में शनिवार को सपा की ओर से पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए कार्यकर्ताओं से 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की गई। पूर्व सांसद बालेश्वर यादव ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग पीडीए समाज सपा के पीछे खड़ा है। प्रदेश सरकार के जनविरोधी नीतियों से प्रदेश की जनता का सरकार से मोहभंग हो चुका है। किसान, छात्र, नौजवान, मजदूर, व्यापारी सहित सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। सम्मेलन को पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह, जिलाध्यक्ष रामअवध यादव, पूर्व विधायक डॉ. पीके राय, पूर्व विधायक कासिम अली, डॉ. उदयनारायण गुप्ता, मोहम्मद इलियास अंसारी, मधुरयाम राय, रणविजय सिंह आदि ने संबोधित किया।

# निलंबित पुलिसकर्मियों के मेडिकल रिपोर्ट जांच में सही मिले पर अभी कई संशय बरकरार

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

राजस्थान से आए युवक रवि शंकर से लूटपाट के मामले में संदेह के घेरे में आए चौकी इंचार्ज शुभम श्रीवास्तव समेत तीन पुलिसकर्मी अब भी लापता हैं। इधर, उनके मेडिकल सर्टिफिकेट की जांच के लिए इंदौर गई टीम लौट आई है। जांच में पुष्टि हुई कि तीनों ने 12 अगस्त को उज्जैन के माधव नगर चिकित्सालय की ओपीडी में इलाज कराया था। डॉक्टर ने उन्हें दस दिन आराम की सलाह भी दी थी। लेकिन सवाल यह खड़ा हो गया है कि इलाज कराने के महज दो घंटे बाद वे नाना खेड़ा थाने पहुंच गए। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट और उससे जुड़े तथ्यों को जांच का हिस्सा बनाया गया है। फिलहाल, तीनों पुलिसकर्मी अब भी लापता माने जा रहे हैं। निलंबित पुलिसकर्मियों का दावा था कि अपहृत किशोरी की तलाश में मुंबई जाते समय उसका लोकेशन मध्य प्रदेश में मिला था। इसी दौरान इंदौर में खाना खाने से उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। 10 दिन का मेडिकल पुलिस अधिकारी को उनकी तरफ से भेजा गया था। पुलिस टीम मेडिकल बनाने वाले डॉक्टर से सत्यापन करने पहुंची तो उनके अस्पताल जाने की पुष्टि हुई। हालांकि उसके दो घंटे बाद नाना खेड़ा थाने जाकर पुलिस को लड़की तलाश में आने की जानकारी देने पर सवाल खड़ा हो रहा है। फिलहाल इसे पुलिस टीम ने जांच में शामिल कर लिया है।

राजस्थान से आए बेलीपार इलाके के पिछौरा निवासी रवि शंकर को बीते 9 अगस्त को कार सवारों ने अगवा कर 90 हजार रुपये लूट लिए थे। अगले ही दिन बदमाशों ने चार लाख रुपये और मांगे। पीड़ित ने एसपी सिटी से शिकायत की, जिसके बाद राजघाट थाने में केस दर्ज हुआ। लुटेरों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताया था। इसी दौरान चौकी इंचार्ज शुभम श्रीवास्तव, दरोगा अर्चना राणा और सिपाही प्रवीण यादव के लापता होने पर निलंबित कर दिया गया था। वहीं अब दो और पुलिस वालों पर गाज गिर गई। घटना वाले दिन से ही सभी के मोबाइल नंबर बंद हैं। इस वजह से उनकी भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। बाद में पता चला कि तीनों पुलिस वाले जीडी में अंकित कर किशोरी को बरामद करने के नाम पर मुंबई गए, जबकि इसकी अनुमति नहीं ली गई थी। विभागीय कार्रवाई तो हो गई लेकिन असल में वारदात किसने की यह पुलिस साफ नहीं कर सकी है।

एसपी सिटी का कहना है कि लापता पुलिसकर्मियों की गतिविधियों की परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं।

# युवक ने गाली का जताया विरोध, मनबढ़ों ने धारदार हथियार से कर दी हत्या

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

बरगदवा निवासी राहुल चौहान (27) पुत्र लालू चौहान शनिवार की शाम लगभग 8 बजे के आसपास बरगदवा चौराहे से घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में अभी एक मेडिकल स्टोर की दुकान के पास पहुंचा ही था कि पुरानी रंजिश को लेकर दीपू उर्फ संदीप चौहान अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे घेरकर रोक लिया। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदवा निवासी एक युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में देर रात युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई अशोक चौहान पुत्र लालू चौहान की तहरीर पर एक नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, बरगदवा निवासी राहुल चौहान (27) पुत्र लालू चौहान शनिवार की शाम लगभग 8 बजे के आसपास बरगदवा चौराहे से घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में अभी एक मेडिकल स्टोर की दुकान के पास पहुंचा ही था कि पुरानी रंजिश को लेकर दीपू उर्फ संदीप चौहान अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे घेरकर रोक लिया।

आरोप है कि इस दौरान उन युवकों ने राहुल को घेर कर धमकी देने के साथ उसे अभद्र गाली देकर धमकी देने लगे। इस दौरान राहुल ने उनसे गाली देने पर एतराज जताया। इसी बीच आरोपी दीपू के साथ मौजूद अन्य लोगों ने राहुल पर ताबड़तोड़ धारदार हथियार से कई वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। इस दौरान राहुल ने भागने का प्रयास किया और दौड़कर थोड़ी दूर भागा भी। लेकिन, थोड़ी दूर जाने के बाद वह जमीन पर गिर गया। आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना परिवार के लोगों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन राहुल को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे और इलाज के लिए भर्ती कराया। देर रात राहुल की मौत हो गई। मौत की सूचना से आक्रोशित रविवार को भोर लगभग 5 बजे के आस पास दर्जनों महिलाएं रोड जाम करने की नियत से बरगदवा चौराहा पहुच गई, जिन्हें बाद में पुलिस ने समझा कर शांत करवाया। बताया जाता है कि इस विवाद में एक आरोपी का हाथ भी घायल हुआ है। पुलिस मेडिकल कॉलेज में उसका उपचार करवा रही है।

## डीएसपी बता युवक को धमकाया, खाते में मंगा लिए 38 हजार रुपये

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

मईल गांव के युवक को फर्जी डीएसपी बन फोन कर केस में फंसाने का धमकी देकर 38 हजार रुपये खाते में मंगवा लिए। जब युवक ठगी का अहसास हुआ तो शनिवार की शाम को उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मनोज की चौराहे पर पान की दुकान है। शनिवार की दोपहर में उसके मोबाइल पर फोन आया कि मैं लखनऊ से डीएसपी बोल रहा हूं। तुम्हारे खिलाफ एफआईआर है। तुम एक साल से ब्लू फिल्म बना रहे हो। केस खत्म करना है तो 18 हजार रुपये गूगल से हमारे खाते में डाल दो, केस खत्म कर देंगे नहीं तो पुलिस पकड़ कर लखनऊ लाएगी। मनोज डर कर फोन करने वाले के खाते में 18 हजार रुपये भेज दिए।

# सड़क पर जाम ने लिया इम्तिहान..एक घंटे में तय हुआ एक किमी. का सफर

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**



मुख्य मार्ग पर शनिवार की दोपहर में घंटों जाम रहा। इस समय पीईटी देकर लौटे अभ्यर्थियों को जहां दिक्कत हुई, वहीं वाहन चालकों को एक किमी दूरी तय करने में करीब एक घंटे लग गए।

गोरखपुर की तरफ से आ रहा टैंकर ओवरब्रिज पर खराब हो गया। इसके चलते एक लेन बंद हो गया। वाहनों को एक ही लेन से बारी-बारी से निकाला गया। इस वजह से गोरखपुर रोड पर करीब दो किमी तक लंबा जाम लग गया।

परीक्षा छूटने के समय शहर का मुख्य मार्ग जाम हो गया। सबसे बड़ी दिक्कत तब हुई जब बैतालपुर से आ रहा टैंकर ओवरब्रिज के बीच खराब हो गया। गोरखपुर की तरफ जाने वाले व आने वाले वाहन पुल के दोनों तरफ खड़े हो गए। देखते पुल से पुरवां चौराहे से एक किमी आगे व पुल से एक किमी पीछे तक वाहनों की कतारें लग गईं। जाम के कारण परीक्षा देकर लौट रहे अभ्यर्थियों को पैदल जाना पड़ा। जानकारी पर पहुंची यातायात पुलिस ने एक तरफ के लेन को रोककर पहले गोरखपुर के तरफ जाने वाले वाहनों को भेजवाया, फिर गोरखपुर के तरफ से आने वाले वाहनों को भेजवाया। बारी-बारी से लेन चालू होने जिस लेन को रोका गया उस लेन में वाहनों की कतारें खड़ी हो गईं।

# सपा की बैठक में चुनावी तैयारियों पर मंथन, मतदाता सूची जांच पर जोर

जन एक्सप्रेस। बस्ती




समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बूथवार मतदाता सूची की गहन जांच करने का निर्णय लिया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के बीएलए अपने-अपने बूथों की मतदाता सूची घर-घर जाकर सघन जांच करें और जहां गड़बड़ी मिले उसे तत्काल दूर कराएं। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण और नफरत फैलाकर चुनाव जीतती थी, अब वोट चोरी का षड्यंत्र लोकतंत्र के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी इस विषय पर गंभीर हैं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पूरी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया है।

बैठक में विधायक राजेन्द्र चौधरी, दयाशंकर मिश्र, मो. स्वालेह, संजय गौतम, समीर चौधरी, रविन्द्र यादव, जमील अहमद सहित कई नेताओं ने कहा कि जहां बीएलए नियुक्त नहीं हैं वहां तत्काल नियुक्ति की जाए। साथ ही बीएलओ द्वारा सहयोग न मिलने पर पार्टी स्तर से पहल कर समस्या का समाधान कराया जाए। वक्ताओं ने कहा कि बूथवार मतदाता सूची का सत्यापन ही चुनावी जीत की कुंजी है, इसलिए कार्यकर्ताओं को पूरी तत्परता से जुटना होगा।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं से लगातार सम्पर्क बनाए रखने और मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी न रहने देने पर सहमति बनी। नेताओं ने कहा कि यदि हर बूथ पर पार्टी की पकड़ मजबूत होगी तो आगामी चुनावों में निश्चित रूप से जीत सुनिश्चित होगी।

बैठक में गुलाम गौस, गगन पाण्डेय, मधुबन यादव, अरविन्द सोनकर, हनुमान चौधरी, मो. युनुस, जितेन्द्र यादव, देवनाथ यादव, सुरेश यादव, अखिलेश यादव, अजय यादव, रजनीश यादव, भोलू खां, शुभम यादव, रविकान्त निषाद, विशाल यादव, घनश्याम यादव, रहमान सिद्दीकी, भोला पाण्डेय, मो. हारिश, रामशंकर निराला, चन्द्रहास, मुरलीधर पाण्डेय, गौरीशंकर यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने किया स्मृति द्वार का शिलान्यास और सड़क का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शनिवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने हरदीपुर गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में बनाए



जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार का शिलान्यास किया। यह द्वार विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत निर्मित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने पचहटिया, सूरजघाट रोड पर राजकुमार राय के मकान से अंजू देवी के मकान तक बने इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण भी किया। यह निर्माण कार्य भी विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना से कराया गया है। कार्यक्रम में सूरज मौर्या, अभिषेक, मनीष श्रीवास्तव, अजय सिंह, विवेक मौर्या, प्रदीप सिंह, रमेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा, सचिन पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# एकता व अनुशासन संगठन की नींव होती है: संजय अस्थाना

■ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ. प्र. जौनपुर इकाई की बैठक में दिखी पत्रकारों की एकता

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर एकता में असीमित शक्ति है, एकता व अनुशासन किसी भी संगठन की नींव होती है, कितनी भी बड़ी समस्या हो एकता की शक्ति के आगे छोटी है, ग्रापए के किसी भी सदस्य के साथ कोई संकट आता है अगर वह व्यक्तिगत भी है तो पूरा संगठन मिलकर उस सदस्य के साथ खड़ा रहेगा उपरोक्त बाते संजय अस्थाना जिलाध्यक्ष ग्रापए ने जिला कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने कहांकि संगठन से जुड़ना एक मजबूत स्तंभ से जुड़ने के बराबर होता है। ग्रामीणांचल के पत्रकार अच्छा कार्य कर रहे है, उन्हें जनहित के मुद्दे और गंभीरता से उठाने की जरूरत है। उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, मंडल पदाधिकारी प्रदीप पांडेय, दयाशंकर निगम, बृजराज चौरसिया ने भी बैठक को संबोधित किया। संगठन मंत्री प्रशांत विक्रम सिंह ने कहाकि सदस्यता अभियान चलाकर और सदस्यों को संगठन से जोड़ा जाय। बैठक में सदस्यों के ग्रुप बीमा कराने एवं एक दिन का सेमिनार कराने पर विचारोपरांत तय हुआ कि सभी का बीमा कराया जाएगा और सेमिनार आयोजित किया जाएगा। उपस्थित सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह का पत्रक पढ़ कर सुनाया गया। तय हुआ कि आगामी 16 तारीख को भारी संख्या में इकठ्ठा होकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में सदर तहसील अध्यक्ष देवेंद्र खरे, श्याम रतन श्रीवास्तव, सत्य नारायण यादव, फैज खान, इकराम अंसारी, आबिश इमाम, जितेंद्र दुबे, असलम परवेज, विनोद यादव, रतन लाल आर्य, समर नाथ पाल, पंकज त्रिपाठी, भोला विश्वकर्मा, सियाराम, शशिभूषण ओझा, रोहित चौबे, गोरख सोनकर अजय तिवारी आदि पत्रकार उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन महासचिव लक्ष्मी नारायण मौर्या ने किया।

# चोरी की साजिश का खुलासा, तीन अभियुक्त औजारों समेत गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बस्ती



छावनी थाना पुलिस ने अपनी तत्परता और सक्रियता दिखाते हुए चोरी की एक बड़ी वारदात को होने से पहले ही विफल कर दिया। रविवार की भोर करीब 3:20 बजे पुलिस टीम ने गश्त के दौरान तीन संदिग्ध युवकों को वहद ग्राम रामगढ़ नारापार पुलिया के पास से हिरासत में लिया। जांच-पड़ताल में पता चला कि ये तीनों युवक चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके से चोरी की तैयारी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और एक टेंपो भी बरामद किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अयोध्या जनपद के रहने वाले अतुल कश्यप पुत्र कल्लू निवासी कांशीराम कॉलोनी, ब्लॉक नंबर 72, कमरा नंबर 1137 थाना कोतवाली अयोध्या, विष्णु पाण्डेय पुत्र सुरेश पाण्डेय निवासी मीरापुर खोतिया मंदिर थाना कोतवाली अयोध्या तथा सोनू मिश्रा पुत्र स्वर्गीय मंगल प्रसाद मिश्रा निवासी मीरापुर थाना कोतवाली अयोध्या के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को थाने लाकर मुकदमा अपराध संख्या 207/2025 धारा 313 बीएनएस में पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो अदद पेचकस, एक पिलास, एक लोहे का शुम्मी टाइप औजार, पाँच अदद चाभियाँ और एक टेंपो (संख्या यूपी 42 डीटी 4654) बरामद किया। बरामद टेंपो के कागजात न मिलने पर उसे धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल अतुल कश्यप का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें थाना कोतवाली अयोध्या और नगर क्षेत्र में चोरी व धोखाधड़ी से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर वर्ष 2021 और 2022 में धारा 379, 411, 414 और 420 आईपीसी के तहत कई मामले दर्ज किए गए थे। वहीं अभियुक्त विष्णु पाण्डेय और सोनू मिश्रा के खिलाफ भी हाल ही में बस्ती जिले के छावनी थाने में मुकदमे दर्ज हुए हैं। यह साफ दर्शाता है कि तीनों अभियुक्त चोरी जैसे अपराधों में लिप्त सक्रिय गिरोह का हिस्सा हैं।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद, चौकी प्रभारी किनौना उपनिरीक्षक रामकुमार यादव, उपनिरीक्षक अनिरुद्ध यादव, कांस्टेबल उपेंद्र यादव, करमजीत यादव, संजय यादव और शिवजी कुमार शामिल रहे। टीम ने सामूहिक प्रयास और त्वरित कार्रवाई से इन अपराधियों को दबोच लिया और संभावित चोरी की वारदात को टाल दिया।

थाना छावनी पुलिस का कहना है कि पकड़े गए अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि यह गिरोह जिले और आसपास के इलाकों में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकता है। पूछताछ के बाद कई अन्य राज़ खुलने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मानते हुए कहा कि इससे अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और आम जनता को राहत मिलेगी।

## खुटहन थाने में ड्रोन/ कैमरा संचालकों के साथ बैठक, पुलिस ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में रविवार को खुटहन थाने पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष खुटहन ने की, जिसमें थाना क्षेत्र के सभी ड्रोन व कैमरा संचालक मौजूद रहे। बैठक में ड्रोन/कैमरे के उपयोग से संबंधित कानून और नियमों की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना कानूनन अपराध है, इसलिए सभी संचालकों को स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में ड्रोन का प्रयोग केवल प्रशासन की पूर्व स्वीकृति के बाद ही किया जा सकेगा। थानाध्यक्ष ने संचालकों को सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन संचालन के दौरान सावधानी बरतने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में बिना आदेश ड्रोन न उड़ाने की हिदायत दी। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने संचालकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना और भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा।

# कलेक्ट्रेट सभागार में 16 नवचयनित अनुदेशकों को मिला नियुक्ति प्रमाण-पत्र, खिले चेहरों पर दिखा उत्साह





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के अंतर्गत चयनित विभिन्न व्यवसायों के 16 अनुदेशकों को शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोकभवन, लखनऊ से नियुक्ति प्रमाणपत्र वितरण समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन सुना गया।

नियुक्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों में मैकेनिक, मोटर व्हीकल, टर्नर, फीटर, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, कोपा, प्लंबर, कॉस्मेटोलॉजी, ड्रेस मेकिंग और फैशन डिजाइनिंग जैसे विभिन्न व्यवसायों से चयनित अनुदेशक शामिल रहे। इनमें वैशाली, किरण, अनिल कुमार यादव, राजकुमार, राजू सोनकर, पूजा गुप्ता, सोनी यादव, आशुतोष सिंह, रामप्रवेश मौर्य समेत 16 नवचयनितों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता है कि पारदर्शिता और शुचिता के साथ नियुक्तियां देकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया जाए। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने नवचयनित अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि सेवा में आने वाला हर व्यक्ति उत्साह के साथ कार्य करता है और उम्मीद है कि वे निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई कॉलेज मनीष पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर डीसी एनआरएलएम, आईटीआई स्टाफ, अन्य अधिकारी, कर्मचारी, नवचयनित अनुदेशक और उनके स्वजन उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया की ताकत से लौट आई अपने घर पर रोशनी

**जन एक्सप्रेस की खबर का एक बार फिर हुआ दमदार असर**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



रामपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के दमोदरा गांव की युवती गुम हो गई। जिसका फोटो जन एक्सप्रेस पर खबर चलाने पर खबर को बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश तक लोगों ने देखा नाम रोशनी सिंह के तलाश में प्रशासन से लेकर जनता तक निगाह लगाई थी रामपुर थाना क्षेत्र के रहने वाली रोशनी सिंह पुत्री पंकज सिंह निवासी दमोदार उम्र 24 वर्ष जिसका मानसिक बीमारी के चलते वह लापता हो गई थी आज अपने घर वापस आने पर लोगों में खुशी छा गई।

लड़की का नाम रोशनी सिंह पुत्री पंकज सिंह निवासी दमोदरा उम्र 24 साल जिसकी मानसिक बीमारी के चलते इलाज चल रहा वह अचानक 3/ 09/ 2025 को वह लापता हो गई। जिसकी गुमशुदगी भी स्थानीय थाना पर दर्ज कराई गई। जिसकी तलाश पुलिस भी कर रही थी।

जिसकी सूचना कल बिहार के सासाराम से काल आई की इस तरह की लड़की स्थानीय बाजार में देखी गई है। तुरंत परिजनों ने वहां के थाना पर संपर्क कर लड़की को अपनी कस्टडी में लेकर बैठाने को कहा और यहां से परिजन लड़की को लेने के लिए सासाराम पहुंच गए। अब लड़की अपने परिवार में मौजूद है।

## जहरीले सांप के डंसने से दादी-नातिन की मौत, गांव में छाया मातम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के अहमदपुर गांव में शुक्रवार देर रात जहरीले सांप के डंसने से दादी और नातिन की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोकाकुल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 62 वर्षीय मैना देवी पत्नी राजनाथ और उनकी नातिन को देर रात सांप ने काट लिया। परिजनों ने तुरंत दोनों को इलाज के लिए लेकर निकल पड़े, लेकिन रास्ते में ही नातिन की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से बीमार मैना देवी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और उन्होंने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार से दो लोगों की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस गांव पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शासन की ओर से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी जाएगी। मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस ने मैना देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

# स्वस्थ रहने के लिए साफ-सफाई का ध्यान देने की जरूरत: अरविन्द पटेल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर-जिले के मछली शहर विकास क्षेत्र के घिसुआ खुर्द गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के प्रांगण में एकल विद्यालय अभियान के द्वारा आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के द्वारा फीता काट कर किया गया।आरोग्य स्वास्थ्य शिविर के दौरान मुख्य अतिथि ने आये हुए सभी लोगों से अपने उद्बोधन में अपील करते हुए कहा की स्वस्थ रहने के लिए हम सभी लोगों को साफ-सफाई का ध्यान देना चाहिए। मुख्य अतिथि ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को स्वस्थ रहने के लिए मौसम के अनुसार चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए ताकि चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार हम सभी लोग रहने का प्रयास करें ताकि स्वस्थ बने रहे और परिवार के लोग भी स्वस्थ बने रहें। आरोग्य स्वास्थ्य शिविर के दौरान मेडिकल कॉलेज जौनपुर से डांक्टर अनील विश्वकर्मा सहित दर्जनों चिकित्सक मौजूद रहे। चिकित्सकों के द्वारा आरोग्य स्वास्थ्य शिविर के दौरान सैकड़ों मरिजों के स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया तथा लोगों को निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। और चिकित्सकों ने लोगों को स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग बराबर चिकित्सकी परामर्श लेते रहिए ताकि आप सभी लोग पूरी तरह से स्वस्थ बने रहे। इस दौरान अवधेश प्रजापति, इन्देश कुमार, वन्दना गुप्ता,सुरेश कुमार यादव, जीरा देवी, फुलमाला देवी, गीता देवी, राधिका देवी, ज्योति सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बीज के लिए किसान करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। राज्य सरकार की तरफ से वित्तपोषित निशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण योजना के तहत रबी 2025-26 में किसानों को निशुल्क बीज वितरित किया जाएगा। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार सिंह पटेल ने बताया किसानों को चना (16 किग्रा), मटर (20 किग्रा) एवं सरसों (2 किग्रा) के बीज प्रदान किए जाएंगे। उप कृषि निदेशक ने बताया लाभार्थियों का चयन लॉटरी पद्धति से किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने कहा इच्छुक किसानों को इस योजना का लाभ के लिए कृषि दर्शन-2 पोर्टल (https://agridarshan.up.gov.in) पर आवेदन करना होगा। उन्होने बताया बुकिंग एक सितंबर तथा समाप्ति की तिथि 25 सितंबर 2025 है।

# एमएलसी हंसराज का भाजपाइयों ने किया स्वागत



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**सिरकोनी।** भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य बनने के बाद पहली बार जौनपुर आगमन पर सिरकोनी ब्लॉक परिसर में पूर्व विधायक डॉ. हरेन्द्र प्रसाद सिंह के मौजूदगी में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता विशिष्ट है।

कार्यकर्ताओं के बूते आज भाजपा दुनिया की सबसे ज्यादा सदस्यों वाली पार्टी है। एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यह कोई परिवारवादी पार्टी नही है। इसमें मेहनत से कार्य करने वाला कार्यकर्ता पार्टी के किसी भी पद को पा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी वंशराज सिंह ने कहा कि हंसराज विश्वकर्मा की पार्टी के प्रति किया गया कार्य आज उन्हें यहां तक पहुंचाया है।

उन्होंने पार्टी के हित को सदैव आगे रख कर काम किया है। संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश चन्द्र जायसवाल ने किया। स्वागत समारोह में सर्वेश सिंह, राधेश्याम विश्वकर्मा, सत्यप्रकाश सिंह करिया, अवनीश सिंह, चन्द्र प्रकाश चौबे, रौनक बरनवाल, शशिकांत पाठक आदि मौजूद रहे।

# कौशल विकास मिशन की छात्राओं ने ब्यूटी प्रोडक्ट्स का किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण प्रदाता उद्योग विकास संस्थान की छात्राओं द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिले की प्रतिष्ठित जौनपुर ब्यूटी अकादमी के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जेसीआई चेतना अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव ने छात्राओं के हुनर की सराहना करते हुए कहा कि उद्योग विकास संस्थान छात्राओं को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही जेसीआई चेतना भी इनके लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. मिथलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज के युवा प्रतिभाशाली हैं और टेक्नोलॉजी का सही उपयोग उन्हें आगे बढ़ा रहा है। साथ ही उन्होंने युवाओं को मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग करने से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जेलर नागेंद्र नाथ पाठक ने छात्राओं की प्रस्तुति को उनके उज्ज्वल भविष्य की झलक बताया। वहीं, संस्था के जिला समन्वयक ने कहा कि छात्राओं में हुनर की कमी नहीं है, बस उन्हें उचित मंच की आवश्यकता होती है, जिसके लिए संस्था लगातार प्रयासरत है। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जौनपुर ब्यूटी अकादमी की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी पाठक, पूर्व ट्रेनर पूजा पाठक, ट्रेनर रश्मि पाठक, अनुज पटेल, मंगल चौहान, काजल बिंद, खुशबू, ऋतु, आयशा समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जिवनाथपुर के पास ट्रेन से गिरा छात्र, मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

चुनार क्षेत्र के जिवनाथपुर के पास दिल्ली से बिहार बीपीएससी की परीक्षा देने के लिए घर लौट रहा छात्र शुक्रवार की शाम ट्रेन से गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। उसका सामान आरा बिहार पहुंच गया। वहां समान मिलने पर जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी। बिहार के कैमुर जिला भभुआ निवासी सुधीर पाल (25) दिल्ली में रहकर यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। 12 और 13 सितंबर को बिहार में बीपीएससी की परीक्षा थी। इसके लिए सुधीर पाल ट्रेन से घर लौट रहा था। जिवनाथपुर के पास ट्रेन से वह गिर गया। सुधीर के पिता विनोद पाल ने बताया कि बेटा डेढ़ वर्ष से दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बीपीएससी की परीक्षा देने के लिए घर आ रहा था। इस दौरान पुत्र ट्रेन से गिर गया। उसका सामान ट्रेन से आरा पहुंच गया। वहां पर जीआरपी ने सामान मिलने पर टैबलेट से मिले नंबर से फोन कर सूचना दी कि ट्रेन में सामान मिला है। मिर्जापुर की ओर एक युवक ट्रेन से गिरा है।

उसकी शिनाख्त कर लें। जिसके बाद आकर पुत्र की शिनाख्त की। सुधीर में बड़ा था। छोटा बेटा सुशील एयरफोर्स में इंजीनियर है।

# बाढ़ के पानी में उतराया मिला बालक का शव

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम भोरमार बस्ती से शुक्रवार को लापता पवन कुमार का शव शनिवार की सुबह शेरपुर स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क के पास बाढ़ के पानी में उतराया मिला। थानाध्यक्ष अदलहाट अमित मिश्रा ने बताया कि अदलहाट थाना क्षेत्र के भोरमार गांव निवासी पवन कुमार (12) शुक्रवार को बिना घर पर बताए शेरपुर गंगा के किनारे मछली पकड़ने चला गया था। देर शाम तक घर नहीं आने पर परिवार के लोगों ने खोजना शुरु किया। न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। पवन कुमार परिवार में दो दिन पहले मछली पकड़ने की बात कह रहा था। उसी आधार पर परिजन शेरपुर पहुंचे तो शव उतराया मिला। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची नरायनपुर चौकी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पवन कक्षा छह का छात्र था। पिता नरेश राजगीर का कार्य कर परिवार चलाते है। उधर संतनगर थाना क्षेत्र के बनकी गांव निवासी हीरालाल (40) शनिवार सुबह शौच के लिए घर से निकले थे। कुछ देर बाद सूचना मिली की डूब में एक शव उतराया है। कयास लगाया जा रहा है की शौच के बाद हाथ धोते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने से हीरालाल की मौत हो गई।

# पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का भयादोहन करती है सपा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



छिबरामऊ पहुंचे भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओपी राजभर ने सपा को निशाने पर लिया। पार्टी के एक नेता के घर पर कुछ देर रुककर चाय-नाश्ता किया और फिर मीडिया से बातचीत की। लखनऊ से एटा जाते समय मंत्री ओपी राजभर छिबरामऊ के गणेश चौधरी मोहल्ला स्थित सुरजीत फौजी के घर पहुंचे। यहां कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहाकि दलितों, अति पिछड़ों और मुसलमानों पर सपा दबाकर रखती है। डर दिखाकर उनसे वोट तो ले लेती है, लेकिन कभी उनकी जाति के लोगों को नेतृत्व करने का मौका नहीं देती। समाजवादी पार्टी में सिर्फ एक जाति के लोग नेतृत्व करते हैं जबकि उन्हें वोट तो बंजारा, पाल, पासी, मुसलमान समेत कई जातियां करतीं हैं। अगर समाजवादी पार्टी उनमें से किसी को सीएम नहीं बना सकती तो कभी डिप्टी सीएम ही बना दिया होता। ओपी राजभर ने कहा कि हम इन सभी जातियों की आवाज उठाने के लिए निकले हैं। क्योंकि ये तमाम ऐसी जातियां हैं, जिनके हर पार्लियामेंट में 30 हजार से 1 लाख तक वोट होते हैं लेकिन इनके समाज के उत्थान के लिए कोई ध्यान नहीं देता। हम चाहते हैं कि ऐसी जातियों के लोग भी शिक्षित हों, उनके स्वास्थ्य के लिए काम हो और उन्हें नेतृत्व करने का मौका मिले। जीएसटी घटने के सवाल पर बोले कि सरकार के इस फैसले से निश्चित रूप से देश के 140 करोड़ लोगों को राहत मिल रही है। इससे हर तबका लाभान्वित होगा।

## भगवान गणेश प्रतिमा के विसर्जन यात्राओं की धूम रही

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। शहर से लेकर कस्बों तक शनिवार को भगवान गणेश प्रतिमा के विसर्जन यात्राओं की धूम रही। गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ... के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। डीजे की धुन पर नाचते-गाते व अबीर गुलाल उड़ाते श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से विघ्न विनाशक को विदा किया। शहर के लालबाग पार्क में चल रहे गणेश महोत्सव पंडाल में शुक्रवार रात महाआरती की गई। समिति के अध्यक्ष पालू रस्तोगी ने बताया कि शनिवार सुबह आरती के बाद से दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। दोपहर दो बजे विसर्जन यात्रा निकाली गई। शहर भ्रमण के बाद नैमिषारण्य पहुंचकर गोमती नदी में गणपति बप्पा की प्रतिमा विसर्जित की गई। लोहारबाग के सिद्धि विनायक गेस्ट हाउस में स्थापित गणेश प्रतिमा और विजयलक्ष्मी नगर, आर्यनगर, नई बस्ती, दुर्गापुरवा, आलम नगर, होली नगर, गुड़ियन टोला व मुंशीगंज सहित कई जगह सजे।

# पीईटी परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2025) हेतु परीक्षा केन्द्रों में से आशा पब्लिक स्कूल, डी.एन. इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज एवं पी.एस.एम. इंटर कॉलेज आदि केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, क्लॉक रूम व्यवस्था, ड्यूटी चार्ट तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों का गहन परीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस परीक्षा का आयोजन युवाओं की प्रतिभा एवं क्षमता का निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं परीक्षा केन्द्रों पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ अपनी ड्यूटी निभाएँ। किसी भी परिस्थिति में परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता से समझौता न हो। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर विशेष फोकस किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों के भीतर एवं बाहर सुरक्षा कर्मी अपनी अपनी ड्यूटी सजगता के साथ निर्वाहन करें। बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

साथ ही, उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने एवं परीक्षा केन्द्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## अनंत चतुर्दशी पर श्रीजी का किया अभिषेक

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

**महमूदाबाद।** अनंत चतुर्दशी का पर्व जैन समाज की ओर से शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही जैन श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर श्रीजी का विधिवत पूजन-अर्चन और अभिषेक का क्रम शुरू कर दिया। पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर धर्म प्रभावना की।

सरावगी टोला स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अनंत चतुर्दशी पर श्रीजी का अभिषेक करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। जैन धर्म में अनंत चतुर्दशी का विशेष महत्व है।

जैन धर्मावलंबियों ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर भक्ति और आराधना की।

# नियमों की अनदेखी कर कंपनियां लगा रही हैं टॉवर, जिम्मेदार मौन

### क्षेत्रीय लोगों ने मोबाइल टॉवर लगाए जाने के विरोध में हस्ताक्षर कर प्रदर्शन किया






जन एक्सप्रेस। उन्नाव

शुक्लागंज। नगर पालिका गंगाघाट जिला उन्नाव के मोहल्ले कंचन नगर ए सकरी गली के पास खुशी लाल वर्मा के मकान में अवैध व बिना शासकीय अनुमति के तीन खंड भवन निर्माण के साथ बेसमेंट निर्माण तथा अवैध रूप से मोबाइल कंपनी का टावर लगाया जा रहा है।

क्षेत्रीय लोगों ने टावर लगाए जाने पर विरोध प्रदर्शन कर हस्ताक्षर अभियान चलाया और बताया के टावर के पास ही घनी बस्ती तथा इंटर कॉलेज भी संचालित है ।टावर लगने से आस पास के लोग तथा पढ़ने वाले बच्चे भी मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन से प्रभावित हो सकते है। साथ ही बिना नक्शे से बने अवैध निर्माण तथा उसके ऊपर बन रहे टावर से भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है मोबाइल टावर से आस पास के मकान क्षतिग्रस्त होने का खतरा व जान माल का नुकसान होने कि अति संभावना है।उक्त टावर लगाए जानें का आस पास के जनसमुदाय द्वारा भरी विरोध किया जा रहा है।

# राजमार्ग पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ी बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर हालत में रेफर





जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। राजमार्ग पर खड़ी ट्राली में बाइक सवार दो युवक पीछे से भिड़ कर गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर आशाखेड़ा चौराहे के पास सेफ्टी ग्रिल लगाने का काम रविवार को चल रहा था। जिसके लिए कार्यकारी संस्था के लेबर राजमार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करके डिवाइडर पर काम कर रहे थे। इस दौरान सोहरामऊ की तरफ से आई एक तेज रफ्तार बाइक खड़ी ट्रॉली में पीछे से भिड़ गई। बाइक सवार रोहित (22) पुत्र रज्जन निवासी कांथा थाना असोहा और पीछे बैठा अरुण (20) पुत्र राजेंद्र निवासी गांव सूर्यबली खेड़ा थाना असोहा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एनएचएआई और 108 एंबुलेंस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया।

जहां चिकित्सक ने रोहित को मृत बताया। वही अरुण को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रोहित की मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक रोहित के पिता रज्जन और मां विमला समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाइयों में राहुल से छोटा था।

# चप्पल उतार नदी में कूद गईं बहनें- 24 घंटे बाद भी नहीं मिला दोनों का सुराग

**चप्पल उताकर कूद गईं बहनें**

शनिवार की शाम गर्रा नदी पुल पर टहल रहीं दो लड़कियां चप्पलों को उतारकर नदी में कूद गई थीं। आसपास के लोग दौड़ पड़े, लेकिन तब तक दोनों डूब चुकीं थी। सोशल मीडिया पर खबर देख देर रात परिजन थाने पहुंचे। पता चला कि दोनों मोहल्ला अब्दुल्लागंज की रहने वाली हैं और चचेरी-तहेरी बहनें हैं।

**एक 14 तो दूसरी 15 साल की**

एक की उम्र 14 वर्ष तो दूसरी की 15 साल है। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने कोई कारण नहीं बताया। साथ ही चुप्पी साध ली। इंस्पेक्टर अश्वनी सिंह ने बताया कि दोनों की तलाश कराई जा रही है, लेकिन अब तक दोनों का पता नहीं चल सका है। पानी का बहाव भी काफी तेज है। टीमें दोनों की तलाश में जुटी हुईं हैं।

**खन्नौत नदी में कूदा युवक**

आरसी मिशन थाना क्षेत्र में खन्नौत नदी पर बने पक्का पुल से शनिवार की रात करीब 11:30 बजे एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में कूद गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कराई। अगले दिन उसका शव नदी से बरामद हो गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

जन एक्सप्रेस। शाहजहाँपुर

यूपी के शाहजहांपुर स्थित चौक कोतवाली क्षेत्र में गर्रा नदी पुल पर शनिवार शाम नदी में छलांग लगाने वालीं चचेरी-तहेरी बहनें 24 घंटे बीतने के बाद भी नहीं मिल सकीं हैं। पीएसी की टीम व स्थानीय गोताखोर दिनभर दोनों की तलाश में जुटे रहे।

### शव हुआ बरामद

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला दलेलगंज कुम्हारों वाली पुलिया निवासी पुत्तू लाल प्रजापति शनिवार की रात करीब 11 बजे पक्का पुल पर आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे काफी देर तक पुल पर खड़ा रहा। इसके बाद पुल के साइड में जाकर नदी में कूद गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए। उन्होंने रात में ही पीएसी के बचाव दल के साथ नदी में तलाश शुरू कराई। अगले दिन रविवार को पुत्तूलाल का शव नदी से बरामद हो गया। सूचना पर मृतक का पुत्र अंशु लाल प्रजापति, बेटी शैली प्रजापति, दामाद शिवम प्रजापति आ गए। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि यदि तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### कलह के चलते नदी में कूदने की कोशिश

रविवार की दोपहर गर्रा नदी पुल से मोहल्ला मेहमानशाह के एक युवक ने नदी में कूदने की कोशिश की। इस बीच वहां पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़कर बचा लिया। राजघाट चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे थाने ले आई। पूछताछ में युवक ने बताता कि पारिवारिक कलह के चलते उसने ऐसा कदम उठाने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को बुलाया, फिर समझा-बुझाकर युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# धर्म बदलने और निकाह न करने पर पीटा

जन एक्सप्रेस। बरेली



यूपी के बरेली स्थित थाना किला क्षेत्र निवासी युवती ने कोतवाली में तहरीर देकर दूसरे धर्म के मिक्सी मैकेनिक और उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती पर धर्म परिवर्तन और शादी का दबाव बनाया गया, मना करने पर उसे रास्ते में रोककर हमला किया गया। युवती के साथ हिंदू संगठनों के पदाधिकारी भी कोतवाली आए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। युवती ने कोतवाल अमित पांडेय को बताया कि कुछ दिन पहले उसकी मिक्सी खराब हो गई थी, जिसे वह कोहड़ापीर पुलिया स्थित राईयान उर्फ बिट्टू की दुकान पर रिपेयर को लेकर गई थी। उसी दौरान राईयान उर्फ बिट्टू ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और उसे लगातार फोन कर परेशान करने लगा। आरोप है कि राईयान युवती पर शादी करने का दबाव डाल रहा था। जब युवती ने मना कर धर्म अलग होने की दुहाई दी तो राईयान ने धमकी दी कि उसकी बात न मानी तो अंजाम भुगतने होंगे। चार सितंबर को युवती अपनी मां के साथ उसकी दुकान पर गई। वहां राईयान उर्फ बिट्टू ने अपने परिवार से मिलवाया, जिसमें उसकी बहन, बहनोई और मां मौजूद थे। सभी ने युवती पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव डाला। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि छह सितंबर की शाम जब युवती घी मंडी जा रही थी, तभी राईयान उर्फ बिट्टू ने उसका पीछा किया। जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवती के सिर और कान में गंभीर चोटें आईं, हाथों में टांके लगे और वह बेहोश हो गई। इसके बाद बिट्टू ने उसे जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की।

मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध किया और युवती को बचा लिया। किसी तरह वह थाने पहुंच सकी और जान बचाई। वहीं, स्थानीय हिंदू संगठनों ने भी घटना को गंभीर बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# डकैती की योजना बनाते 8 बदमाश दबोचे गए



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

ठठिया थाना पुलिस ने रविवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे 8 बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से असलहे, जिंदा कारतूस, बाइक और डकैती का सामान बरामद किया है। सूचना मिली थी कि सरसोनपुरवा मोड़ के पास कच्ची सड़क पर कुछ संदिग्ध युवक हथियारों के साथ मौजूद हैं। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाशों में राहुल गिहार, गौरव गिहार, देव गिहार, करन गिहार, राजू गिहार, भोला उर्फ अतुल गिहार, मोनू उर्फ चमट्टा गिहार और रितिक उर्फ कालिया शामिल हैं। ये सभी मैनपुरी के करहल कस्बे के रहने वाले हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से एक देशी बंदूक, तीन तमंचे, आठ जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की। एसपी बिनोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म के बदमाश हैं। उनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और ये गिरोह पहले भी लूट व डकैती की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

## डूब रहे युवक को बचाने में दूसरे की भी जान गई

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

**मानपुर।** उलरा गांव के चमारनपुरवा में शनिवार को दो युवक तालाब में डूब गए। एक युवक सिंघाड़े की फसल में दवा छिड़कने गया था। उसे डूबते देख बचाने के लिए कूदा दूसरा युवक भी गहरे पानी में समा गया। पुलिस ने तालाब से दोनों के शव बाहर निकाले। चमारनपुरवा निवासी मोहित (23) ने गांव के पश्चिम स्थित तालाब में सिंघाड़े की फसल बोई थी। शनिवार सुबह करीब 11 बजे मोहित सिंघाड़े की फसल में दवा का छिड़काव करने के लिए डोंगी (छोटी नाव) के सहारे तालाब में गया। जैसे ही मोहित की डोंगी थोड़ा गहराई में गई तो वह डूबने लगी और वह पानी में चला गया। यह देखकर तालाब के किनारे खड़े बच्चे शोर मचाने लगे। तभी उधर से गुजर रहे गांव के ही अरुण (22) ने मोहित को बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। वह डूब रहे मोहित के पास पहुंचा। ग्रामीणों के अनुसार मोहित ने अरुण का पैर पकड़ लिया। इस वजह से अरुण भी डूब गया। खबर सुनकर काफी ग्रामीण जमा हो गए।

# सुबह हवालात से लंगड़ाते निकला किशोरी से दरिंदगी का आरोपी

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में किशोरी से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने ठीक से खबर ली। वह हवालात से लंगड़ाते हुए निकला तो बोला कि कर्मों का फल भुगतना पड़ेगा। उसे कोर्ट ने जेल भेज दिया। इससे पहले उसका भी डीएनए सैंपल लिया गया।

नवजात के सैंपल से उसका मिलान कराने के लिए दोनों सैंपल लैब भेजे जाएंगे। अगर दोनों का मिलान हो गया तो आरोपी पर कार्रवाई का शिकंजा और कसेगा। थाना क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही शादीशुदा और दो बच्चों के पिता ने दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया था।

आरोपी ने किशोरी को धमकी दी कि उसने इस घटना के बारे में किसी को बताया तो उसे और उसके परिजनों को जान से मार देगा। आरोपी को जब भी मौका मिलता, किशोरी को घर बुलाकर डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करता।

इससे किशोरी सात माह की गर्भवती हो गई। उसके पेट में दर्द उठा तो परिजनों ने अल्ट्रासाउंड जांच कराई। तब उनको मामले की जानकारी हुई। शुक्रवार को किशोरी ने जिला अस्पताल में मृत बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने उसका पोस्टमॉर्टम कराया।

आरोपी की विधिक पहचान के लिए मृत बच्चे व आरोपी के खून, नाखून आदि के सैंपल सुरक्षित किए गए हैं। पुलिस लैब से इनकी जांच कराएगी। हालांकि, घटनाक्रम घूमा हुआ बताया जा रहा है। विवेचना में चौंकाने वाली बातें भी सामने आ सकती हैं।

### ग्रामीणों में गुस्सा

पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसका हाल खराब दिखा। हवालात में रात भर करवटें बदलता रहा। शनिवार को कोतवाली से लंगड़ाते हुए निकले आरोपी ने कहा कि मेरे कर्मों की सजा मुझे मिल रही है। वहीं, उसके गांव में कई चर्चाएं हैं। लोग कह रहे हैं कि ऐसे दरिंदे को सजा काटकर आने पर भी गांव में घुसने नहीं दिया जाए। आरोपी का परिवार भी उसकी हरकतों की वजह से बेइज्जती झेल रहा है।

### कार्रवाई की जद में मेडिकल स्टोर

थाने के अपराध निरीक्षक वेद सिंह ने बताया कि गांव में मेडिकल स्टोर संचालक से पूछताछ की जाएगी। जब किशोरी के पेट में दर्द उठा था, तब दवा लेने किशोरी की मां आई थी या उसका भाई। पेट दर्द की टेबलेट दी गई या किसी और बीमारी की। मेडिकल स्टोर के आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज देखी जाएगी। जांच में पता चलेगा कि अस्पताल में भर्ती होने से पहले पीड़िता को कोई दवा तो नहीं खिलाई गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ की। शनिवार को आरोपी का मेडिकल परीक्षण व डीएनए सैंपल लेने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर कार्रवाई होगी।

# स्मैक तस्करी के आरोपियों ने बुजुर्ग को बर्बरता से पीटकर मार डाला

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली के सीबीगंज में स्मैक तस्करी की मुखबिरी के शक में बुजुर्ग फल विक्रेता भूरे खां की हत्या गर्दन की हड्डी तोड़कर की गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। फिलहाल, दोनों हत्यारोपी घर से भाग गए हैं। दोनों पर अफीम, स्मैक आदि की तस्करी के कई मामले दर्ज हैं।

गांव तिलियापुर निवासी अजीम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता भूरे खां (58) को बृहस्पतिवार शाम गांव के ही इमरान व वसीम घर से बुलाकर ले गए थे। दोनों को शक था कि वह जो चरस व स्मैक का धंधा करते हैं, भूरे खां उसकी मुखबिरी करते हैं। इसी रंजिश में दोनों ने तिलियापुर व परधौली गांव के बीच उनकी बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद उनको खाली भूखंड में फेंककर दोनों आरोपी भाग गए थे। अजीम ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपी काफी समय से स्मैक व चरस का धंधा कर रहे हैं। दोनों पर कई मुकदमे हैं और पुलिस उनकी तलाश करती रहती है। इलाज के दौरान शनिवार शाम को भूरे खां की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन लगातार थाने के चक्कर लगाते रहे, पर पलिस ने सुनवाई नहीं की। परिजनों ने थाने में हंगामा किया तो दोनों आरोपियों पर हत्या की रिपोर्ट लिखी गई। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार को सौंप दिया। सीबीगंज थाना प्रभारी सुरेंद्रपाल अपने अक्खड़ व्यवहार और फरियादियों की शिकायत न सुनने के लिए चर्चित हैं। एसएसपी ने उन्हें भरोसे के साथ फतेहगंज पश्चिमी जैसे महत्वपूर्ण थाने की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन वहां भी उनका यही रवैया बरकरार रहा। जनता की लगातार शिकायतों के बाद एक स्थानीय जनप्रतिनिधि ने उनकी शिकायत एसएसपी से की थी। तब उन्हें वहां से हटाकर अपेक्षाकृत शांत सीबीगंज थाने में तैनात किया गया। यहां भी उनकी वजह से थाने में हंगामे की नौबत आ गई। शाहजहांपुर के सदर थाने में उनकी तैनाती काफी चर्चा में रही थी। वहां से केवल 52 दिन में हटा दिए गए थे।

> पोस्टमॉर्टम में गर्दन की हड्डी टूटने से भूरे खां की मौत की पुष्टि हुई है। उसके मुताबिक मुकदमे में धारा बढ़ा ली जाएगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> **अनुराग आर्य, एसएसपी**

# पिटाई के बाद कोमा में गए युवक की मौत, दो सितंबर को हुआ था जानलेवा हमला

जन एक्सप्रेस। बरेली



बरेली के कोतवाली क्षेत्र के मठ की चौकी में सराफा दुकान के कर्मचारी नितिन कश्यप 25 वर्ष ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के बाद घर लौटते वक्त नितिन पर जानलेवा हमला किया गया था। पुलिस तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मठ की चौकी निवासी यशोदा देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि दो सितंबर की रात गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा से लौटते वक्त उनके बेटे नितिन पर श्यामगंज निवासी राहुल, अंकित व दो अन्य ने लोहे की रॉड, लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इससे नितिन को ब्रेन हेमरेज हो गया और फिर वह कोमा में चला गया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार तड़के उसकी मौत हो गई। नितिन की बहन रितु कश्यप ने बताया कि घर के पास ही गली से गुजरते इन लड़कों ने नितिन को बेरहमी से पीटा था जो उसकी मौत का कारण बना। मामले में दोषियों पर कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग की गई है। कोतवाल अमित पांडेय ने बताया कि शोभायात्रा से लौटते वक्त दो गुटों में झगड़ा हुआ था। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी।

# हिमाचल में अब तक 350+ लोगों की मौत

## 4.07 लाख करोड़ का नुकसान, उत्तराखंड में बादल फटा मोदी 9 सितंबर को पंजाब जाएंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 प्रतिशत और कुल्लू में 113 प्रतिशत बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नौगांव में शनिवार शाम को बादल फटा। बाजार और कई घरों में पानी-मलबा घुस गया। सड़क पर खड़ी कई गाड़ियां भी बह गईं। उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी शहर से 1 किमी दूर तक पहुंच गई है। घाट किनारे के आश्रमों में 5 फीट तक पानी भरा है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग पानी में डूबा है।



### दशक में सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा पंजाब

पंजाब दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियों तथा मौसमी नालों के उफान के चलते यह स्थिति बनी है। इसके अलावा, हाल के दिनों में पंजाब में हुई भारी बारिश ने हालात को और गंभीर कर दिया है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को पोंग बांध का जलस्तर मामूली घटकर 1,394.19 फुट दर्ज किया गया, हालांकि यह अब भी उसकी अधिकतम सीमा 1,390 फीट से चार फुट ऊपर है। शुक्रवार शाम बांध का जलस्तर 1,394.8 फुट था। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बांध में पानी का प्रवाह 99,673 क्यूसेक था, जो घटकर 47,162 क्यूसेक रह गया, जबकि निकासी 99,673 क्यूसेक पर यथावत बनी रही।

### पीएम मोदी कल करेंगे बाढ़ प्रभावित पंजाब का दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ सितंबर को पंजाब का दौरा करेंगे। पंजाब में भयानक बाढ़ आई है। वे वहां स्थिति का जायजा लेंगे। वे राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। इसके साथ ही पीएम मोदी बाढ़ग्रस्त पंजाब को राहत के लिए स्पेशल पैकेज का भी ऐलान कर सकते हैं। पंजाब बीजेपी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से पीएम मोदी के दौरे की जानकारी साझा की गई है। रविवार को बीजेपी की पंजाब यूनिट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, पीएम मोदी 9 सितंबर को पंजाब के गुरदासपुर आ रहे हैं। वे बाढ़ प्रभावित लोगों से सीधे मुलाकात कर उनका दर्द साझा करेंगे। साथ ही उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बीजेपी ने कहा,पीएम मोदी का यह दौरा साबित करता है कि केंद्र की बीजेपी सरकार हमेशा पंजाब के लोगों के साथ खड़ी है और इस कठिन समय में पूरा सहयोग प्रदान करेगी।

### गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने रविवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज और एमपी-बिहार समेत 20 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (एनएच-44) के बंद रहने के कारण यात्री और स्थानीय लोग ढही हुई पहाड़ी पर बने अस्थायी रास्ते से जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम मदद कर रही है। राजस्थान के जालोर में सोमवार को भारी बारिश के अलर्ट के चलते कलेक्टर ने जिले के सभी सरकारी-प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी घोषित की है।

### हरियाणा: हिसार में छत गिरी, मलबे में लड़का दबा

हिसार में बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई, जिससे 17 साल का लड़का घायल हो गया। यह हादसा बरवाला शहर में देर रात को शहर के वार्ड नंबर 18 में हुआ। घायल हुए प्रिंस को तुरंत अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हड्डियों में फैक्चर होने की पुष्टि की है। पीड़ित परिवार के मुखिया बलवंत ने बताया कि पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश का पानी छत और दीवारों में भर गया था। इसी कारण मकान की दीवारों में दरारें आने लगी थीं। देर रात प्रिंस कमरे में बैठा हुआ था कि अचानक छत गिर गई। छत गिरने से प्रिंस मलबे के नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

### पंजाब में मरने वालों की संख्या 46 हुई

पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 1.75 लाख हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), सेना, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश: इटावा में यमुना से 7 गांवों में बाढ़

इटावा के चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं।

### अहमदाबाद: साबरमती नदी उफान पर, रिवरफ्रंट डूबा

गुजरात में लगातार भारी बारिश और धरोई डैम से पानी छोड़े जाने के बाद साबरमती नदी उफान पर है। इसके चलते अहमदाबाद रिवर फ्रंट जलमग्न हो गया। प्रशासन ने निचले इलाकों के निवासियों के लिए अलर्ट जारी किया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## गाजियाबाद पुलिस की बड़ी कामयाबी, 265 मोबाइल फोन बरामद

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिण्डन जोन की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न थानों व सर्विलांस स्वॉट टीम की संयुक्त कार्रवाई में कुल 265 मोबाइल फोन बरामद किए। इन मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों के चेहरे की मुस्कान वापस हुए दिलाई। फोन पाकर मालिकों के चेहरे खिल उठे। कई ऐसे लोग भी थे जिन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल कभी वापस




मिलेगा। मोबाइल मिलने पर लोगों ने गाजियाबाद पुलिस का आभार जताया और उनकी सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल बरामदगी की यह कार्रवाई सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल और तकनीकी साक्ष्यों के गहन विश्लेषण के आधार पर की गई। चोरी, लूट, स्नैचिंग और गुमशुदगी से जुड़ी शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यों - हरियाणा, बिहार, दिल्ली-एनसीआर समेत कई जगहों से मोबाइल फोन बरामद किए। जो विभिन्न थानों से बरामद हुए, उनमें - थाना इंदिरापुरम के 50 मोबाइल फोन, थाना कौशांबी के 54 मोबाइल फोन, थाना खोड़ा के 30 मोबाइल फोन, थाना साहिबाबाद के 32 मोबाइल फोन, थाना लिंक रोड के 35 मोबाइल फोन, थाना शालीमार गार्डन के 30 मोबाइल फोन और थाना टीलामोड़ के 34 मोबाइल फोन शामिल हैं। बरामद मोबाइल में चोरी के 15 मोबाइल फोन, गुमशुदा के 241 मोबाइल फोन और स्नैचिंग/लूट के 09 मोबाइल फोन शामिल हैं। कुल 265 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। लगातार निगरानी और तकनीकी मदद से गुमशुदा व चोरी हुए मोबाइल को बरामद कर उनके असली मालिकों तक पहुंचाना पुलिस की प्राथमिकता रहेगी। यह बरामदगी गाजियाबाद पुलिस की तकनीकी दक्षता और सक्रियता का बड़ा उदाहरण है, जिसने सैकड़ों परिवारों को उनके कीमती मोबाइल फोन वापस दिलाए।

## गाजियाबाद में घरेलू कलह ने ली महिला की जान, पति गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

थाना खोड़ा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श नगर, सोम बाजार में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घरेलू कलह के चलते पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान संत कुमारी के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति का नाम अर्जुन है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, संत कुमारी और अर्जुन के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। करवा चौथ के दिन भी दोनों के बीच हुए झगड़े के बाद संत कुमारी ने अपने पति के खिलाफ पुलिस में



शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर अर्जुन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। हिरासत से छूटने के बाद भी दोनों के बीच तनाव कम नहीं हुआ, जो आखिरकार इस दुखद घटना का कारण बना। पुलिस जांच में पता चला है कि अर्जुन शराब का आदी था। उसकी इस आदत के चलते आए दिन पति-पत्नी के बीच झगड़े होते रहते थे। बीती रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर अर्जुन ने अपनी पत्नी संत कुमारी का गला दबा दिया। इस हमले में संत कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी अर्जुन को हिरासत में ले लिया। मृतका के पिता चंद्रपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले बीजेपी का 'मेगा प्लान'

- भाजपा की कार्यशाला में पहुंचे पीएम मोदी, लास्ट सीट पर बैठकर बनाई रणनीति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपने सांसदों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुरू की है। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए और खास बात यह रही कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीछे वाली सीट पर बैठे नजर आए। दिल्ली में हुई इस कार्यशाला की शुरुआत सुबह 9 बजे दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् और सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। इसके बाद सांसदों को दो अहम विषयों पर चर्चा करनी थी, 2027 तक विकसित भारत और सोशल मीडिया का असरदार इस्तेमाल।

### भाजपा सांसदों ने पीएम मोदी का क्या सम्मान

भाजपा सांसदों ने इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान भी किया और उन्हें जीएसटी सुधारों के लिए बधाई दी। दोपहर के सत्र में सांसदों को अलग-अलग समितियों में बांटा गया, जहां कृषि, रक्षा, ऊर्जा, रेलवे और परिवहन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।




इसके अलावा संसद सत्र की तैयारी, संसदीय नियम-कायदे और सदन में समय प्रबंधन जैसे विषयों पर भी सांसदों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का दूसरा दिन पूरी तरह उपराष्ट्रपति चुनाव को समर्पित रहेगा। 9 सितंबर को होने वाले चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी आमने-सामने होंगे।

### साउथ इंडिया से आते हैं दोनों उम्मीदवार

दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से आते हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं और इस समय महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वहीं, रेड्डी तेलंगाना से हैं और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी रह चुके हैं। 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल में कोयंबटूर से दो बार सांसद रह चुके हैं।

## पूर्व पीएम देवगौड़ा के पोते को जेल में काम मिला

**बेंगलुरु की अग्रहारा जेल में लाइब्रेरी संभालेगा, रोजाना 522 मिलेंगे, रेप केस में उम्रकैद काट रहा**



### रेवन्ना पर 4 मामले दर्ज, अभी 1 में दोषी

बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने 2 अगस्त को रेवन्ना पर 11.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इसमें से 11.25 लाख रुपए पीड़ित को दिए जाएंगे। इससे पहले कोर्ट ने 1 अगस्त को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

### प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने अप्रैल 2023 में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भी आया था। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप भी है। उसके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों में अब तक 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु**

पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पोता प्रज्वल रेवन्ना जेल में लाइब्रेरी संभालेगा। बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। जेल प्रशासन ने बताया कि रेवन्ना का काम जेल की लाइब्रेरी में कैदियों को किताबें जारी करना और उनका रिकॉर्ड संभालना होगा। जेल के नियमों के मुताबिक, कैदियों को हर महीने कम से कम 12 दिन यानी हफ्ते में तीन दिन काम करना जरूरी है। अगर रेवन्ना तय शर्तों को पूरा करते हैं तो उन्हें हर दिन की मजदूरी 522 रुपए के हिसाब से मिलेगी। हर कैदी को उसकी योग्यता और इच्छा के आधार पर काम दिया जाता है। दरअसल, बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने 2 अगस्त को रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## झारखंड: मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेलापराल गांव स्थित बुरजूवा पहाड़ी पर रविवार सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 10 लाख के इनामी नक्सली को मार गिराया है। चाईबासा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में नक्सलियों का मूवमेंट है। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम रविवार तड़के रेलापराल इलाके में सर्च अभियान पर निकली। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए गोलियां



चलानी शुरू कर दीं। कई घंटे तक चली इस मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन मारा गया। उस पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। घटनास्थल से शव और हथियार मिले हैं। मुठभेड़ के दौरान बाकी नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और जंगल में सघन सर्च अभियान जारी है। एसपी राकेश रंजन ने मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

## छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की शिनाख्त, 8 लाख की इनामी थी सोढ़ी विमला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की शिनाख्त 8 लाख की इनामी सोढ़ी विमला के रूप में हुई है। बस्तर संभाग के आईजी ने इसकी पुष्टि की है। दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमा पर अबूझमाड़ के ओरछा थाना क्षेत्र के बोंडोस, नेंदुर, गवाडी व आस-पास के क्षेत्र में पूर्व बस्तर डिवीजन के सक्रिय कैडर के नक्सलियों की मौजूदगी के सूचना पर ऑपरेशन लॉन्च किया गया था। शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई, जिसकी शिनाख्त 8 लाख रुपये की इनामी प्लाटून नंबर 16 की कमांडर पीपीसी सचिव सोढ़ी विमला के रूप में की गई है। पीपीसी सचिव सोढ़ी विमला पहले भी कई मुठभेड़ों में शामिल रही है, लेकिन वह बच निकलने में हर बार कामयाब हो जाती थी। अबूझमाड़ के कौशलनार, मंगनार क्षेत्र में कई ग्रामीणों को मुखबिर बता उनकी हत्या करवाने में भी विमला नाम सामने आ चुका था। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में जवानों ने मृत नक्सली के शव के साथ 303 राइफल, 315 बोर राइफल व 2 बीजीएल लॉन्चर बरामद किए हैं। इसके अलावा अन्य हथियार व विस्फोटक भी मिले हैं। इस दौरान करीब 19 किलो जिलेटिन स्टिक भी मिली हैं, जिसका उपयोग नक्सली आईईडी बनाने में करते हैं। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने बताया कि नक्सलियों ने नेंदुर-गवाडी के जंगल-पहाड़ में अपना अस्थायी ठिकाना बना रखा था। यहां जैसे ही जवान पहुंचे, नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में नक्सली अपने को कमजोर पड़ता देखकर जंगल की आड़ लेकर मौके से भाग खड़े हुए।

## गाजियाबाद नगर निगम का हाउस टैक्स वृद्धि विवाद अब पहुंचेगा लखनऊ दरबार

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

- पार्षदों का एसोसिएशन नगर विकास मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर सुनाएंगे अपनी व्यथा

नगर निगम गाजियाबाद में प्रशासनिक हठधर्मिता और महापौर की पार्षदों के खिलाफ अनुशासन के नाम पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही को लेकर अब पार्षद के समूह ने मोर्चा खोल दिया है। यह कवायद महापौर सुनीता दयाल द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही का पत्र लिखने के बाद शुरू हुई है। जिसके बाद नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को महापौर द्वारा जिस प्रकार निरस्त किया उससे पहले ही पार्षद खार खाए बैठे थे । संगठन , ट्रिपल इंजन और प्रशासन तीनों के उपेक्षा के शिकार पार्षद हो रहे हैं। जबकि पार्षद जनता को हाउस टैक्स से राहत और अपने अधिकार पर अमल की बात कह रहे हैं। पार्षदों की माने तो हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव निगम बोर्ड बैठक में सर्वसम्मत से सांसद, विधायक , महापौर और पार्षदों द्वारा निरस्त किया गया। लेकिन निगम आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और उनके अधिकारी बोर्ड की कार्यवाही पर अमल करने की जगह




बढ़ी हुई दरों से ही बड़ी हाउस टैक्स लिया जा रहा है। लोगों को अप्रत्याशित रूप से चार से पांच गुना बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं। शहर के विकास कार्य रुके हुए है। इन सबको देखते हुए गाजियाबाद पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कल लखनऊ में नगर विकास मंत्री माननीय ए के शर्मा, भाजपा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी , संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह से मिलने का समय लिया गया है। पार्षदों का दल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलकर अपनी व्यथा और प्रशासनिक मिशनरी के उत्पीड़न की बात रखने को लेकर प्रयासरत है। हाउस टैक्स वृद्धि मामले में कोई कार्यवाही नहीं होना और पार्षद बनाम महापौर बनाम संगठन होने से भाजपा की राजनीति को लेकर विपक्ष बहुत खुश है। विपक्ष के नेताओं की माने तो महानगर भाजपा संगठन और उसके जिले के जनप्रतिनिधियों पर एक अधिकारी भारी पड़ रहे हैं। जिसने सदन के पारित प्रस्ताव तक को ताक पर रख कर अपना राज चला रखा है। स्वास्थ्य , निर्माण और अन्य विभागों में व्यापक अनियमितता की शिकायत लगातार पार्षद प्रेस कॉन्फ्रेंस करके करते रहे उसके बाद भी उसका कोई बाल बांका नहीं कर सका । योगी आदित्यनाथ सरकार के कैबिनेट में स्थान रखने और बोर्ड बैठक प्रस्ताव के समय उपस्थित रहने वाले विधायक सुनील शर्मा और जिले के लोकप्रिय सांसद की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है।

### आपसी कलह में जनप्रतिनिधि भूल गए जनता का विकास

गाजियाबाद नगर निगम की रार अब बहुकोणीय हो गई है। जनता को राहत देने के स्थान पर निगम बोर्ड बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत कराने के बाद सांसद, विधायक और महापौर चुप्पी साधे बैठे हैं। जबकि पार्षद अपने अधिकारों और सदन के गरिमा को लेकर लड़ाई अपनों से ही लड़ रहे है । आरडब्ल्यूए बीते दिन ही ऐसे जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल को अंतिम कार्यकाल कहकर सनसनी फैला दिया है। कर्नल टी पी त्यागी ने इसकी ताल ठोक दिया है । सदन से स्वीकृत प्रस्ताव के बाद भी हाउस टैक्स वृद्धि मामले पर भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश संगठन के जिम्मेदारों से लेकर देश प्रदेश में बैठे संगठन के जिम्मेदार एवं शासन में बैठे जनप्रतिनिधि की भूमिका पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। आखिर क्या मजबूरी है कि जनता के हितों के विपरीत निर्णय होने के बाद संगठन और शासन में बैठे संरक्षणधारी चुप्पी साधे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)